RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 75
फरीदाबाद, रविवार, 21 अप्रैल, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रूपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



चेन्नई सुपर किंग्स के दिल की धड़कन हैं धोनी : फ्लेमिंग

पेज - 12

ANIL GENERATOR
SILENT GAS GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1500 KVA
DUAL FUEL GAS KIT DUNGS GERMANY FITMENT IN 250 KVA TO 1500 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
250 KVA Gas Generator Leyland authorised Channel Partner
Add : 20/6, Mathura Road, Nuchem Compound, Faridabad | Ph : 0129-4873365
Mob : 9811056365, 9311056365
E-mail : anil.kapoor74@gmail.com
Surendra.kapoor74@gmail.com

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 39.00°C
न्यूनतम 22.00°C

## नए क्रिमिनल लॉ समाज के लिए ऐतिहासिक, सफल तभी होंगे, जब इन्हें अपनाएंगे

एजेंसी। नई दिल्ली



**चीफ** जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने तीन नए आपराधिक कानूनों को ऐतिहासिक बताया। सीजेआइ ने कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में अहम बदलाव के लिए तैयार है। ये बदलाव तभी सफल होंगे, जब जिन पर इन्हें लागू करने का जिम्मा है, वे इन्हें अपनाएंगे। सीजेआइ के मुताबिक, इन नए कानूनों ने आपराधिक न्याय के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। ये ऐतिहासिक इसलिए हैं, क्योंकि कोई भी कानून क्रिमिनल लॉ जैसा रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित नहीं करता। सीजेआइ ने दिल्ली में एक कॉन्फ्रेंस इंडियाज प्रोग्रेसिव पाथ इन द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में ये बातें कहीं। कार्यक्रम में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मेहता मौजूद थे।

तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता इस साल एक जुलाई से लागू हो जाएंगे। इन कानूनों के बिल को संसद ने 21 दिसंबर 2023 को पास कर दिया था। 25 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साइन करने के बाद ये तीनों बिल कानून बन गए थे। भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली ने हमारे सामाजिक-आर्थिक परिवेश में हुए तकनीकी बदलावों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए संघर्ष किया है। न्याय प्रणाली ने समाज में होने वाले अपराधों के तरीकों की एक बार फिर से कल्पना की है।

तकनीकी और नए युग के अपराध के बढ़ते दायरे, जो अपराध करने और नेटवर्क बनाने के लिए डिजिटल का इस्तेमाल करते हैं, इन्हें जांच की स्थिति में नहीं रखा जा सकता। इन चीजों ने अपराधों की जांच, सबूत और अभियोजन (प्रॉसिक्यूशन) के साथ-साथ न्याय देने में चुनौतियां पेश की हैं। भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता डिजिटल युग में अपराधों से निपटने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाती है। यह सात साल से ज्यादा सजा वाले अपराधों के लिए तलाशी और जब्ती की ऑडियो विजुअल रिकॉर्डिंग और अपराध स्थल पर एक फोरेंसिक विशेषज्ञ की मौजूदगी तय करती है।

## भाजपा की मदद के लिए निर्वाचन आयोग ने बनाया सात चरणीय मतदान कार्यक्रम : ममता

**मालदा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग सात चरणों में लोकसभा चुनाव इसलिए करा रहा है ताकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके कैबिनेट सहयोगी देश के संसाधनों का इस्तेमाल करके व्यापक स्तर पर चुनाव प्रचार कर सकें। मालदा उत्तर सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार प्रसून बनर्जी के समर्थन में मालदा जिले के गाजोल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि चुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में निर्धारित किए गए हैं ताकि मोदी और उनके कैबिनेट सहयोगी हर चरण से पहले देशभर में विशेष विमानों से यात्रा कर सकें। उन्होंने कहा, लोगों को चिलचिलाती गर्मी से काफी असुविधा हो रही है, लेकिन मोदी इससे बेफिक्र हैं क्योंकि वे (भाजपा नेता) सभी सुविधाओं के साथ वीवीआईपी तरीके से चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रक ने टक्कर मारी, चार महिलाओं की मौत



**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के बिछवां थानाक्षेत्र के फर्दपुर गांव के पास शनिवार तड़के एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे चार महिलाओं की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ, जिसमें तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

### अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग में 3.0 तीव्रता का भूकंप आया



**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग में शाम 6 बजकर 51 मिनट पर 3.0 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप जमीन से 5 किमी नीचे था। झटकों के कारण किसी तरह के जान-माल के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है।

### केजरीवाल ने इंसुलिन लेना बंद कर दिया था : जेल प्रशासन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गिरफ्तारी से महीनों पहले इंसुलिन का इंजेक्शन लगवाना बंद कर दिया था और वह साधारण मधुमेह रोधी दवा ले रहे थे। अधिकारियों ने तिहाड़ जेल प्रशासन की ओर से उपराज्यपाल वीके सक्सेना को भेजी गई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए शनिवार को यह जानकारी दी। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने इसके जवाब में कहा कि रिपोर्ट ने भाजपा की साजिश का पर्दाफाश कर दिया है। उन्होंने पूछा, भाजपा के इशारे पर केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश हो रही है। मुख्यमंत्री 12 साल से इंसुलिन ले रहे हैं, तिहाड़ प्रशासन को उन्हें इंसुलिन देने में क्या दिक्कत है? दिल्ली की मंत्री ने यह भी दावा किया कि जेल जाने से पहले केजरीवाल रोजाना 50 यूनिट इंसुलिन लेते थे।

# ‘वित्त मंत्री निर्मला ने कहा, हम इलेक्टोरल बॉन्ड फिर से लाएंगे’

## कांग्रेस बोली, और कितना लूटेंगे

**सुप्रीम कोर्ट ने स्कीम को असंवैधानिक बताया था**

एजेंसी। नई दिल्ली



**इलेक्टोरल** बॉन्ड स्कीम पर फिर विवाद हो सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अगर हम सत्ता में आए तो इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को फिर से वापस लाएंगे। इसके लिए पहले बड़े स्तर पर सुझाव लिए जाएंगे। सरकार के दोबारा से इलेक्टोरल बॉन्ड लाने की बात पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि इस बार वे कितना लूटेंगे। इससे पहले 15 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक फंडिंग के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, यह स्कीम असंवैधानिक है। बॉन्ड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन है।

जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा- हम जानते हैं कि भाजपा ने पे-पीएम घोटाले से 4 लाख करोड़ की लूट की। अब वे लूट जारी रखना चाहते हैं। जरा इन तरीकों पर ध्यान दें। पे-पीएम- 1- चंदा दो, धंधा लो। 2. पोस्टपेड घूस- ठेका दो, रिश्वत लो। प्री-पेड और पोस्टपेड के लिए घूस- 3.8 लाख करोड़। 3. पोस्ट-रेड घूस- हफ्ता वसूली। पोस्ट-रेड घूस की कीमत- 1853 रुपए। 4- फर्जी कंपनियां- मनी लॉन्ड्रिंग। फर्जी कंपनियों की कीमत- 419 करोड़। अगर वे जीते और इलेक्टोरल बॉन्ड फिर से लेकर आए तो इस बार कितना लूटेंगे?

कपिल सिब्बल ने कहा- मैं निर्मला सीतारमण का सम्मान करता हूं। वे कह रही हैं कि इलेक्टोरल बॉन्ड को फिर से लाएंगे। उन्होंने ये भी कहा कि जब पहली बार ये स्कीम ट्रांसपेरेंसी को ध्यान में रखकर लाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि इसमें पारदर्शिता नहीं थी। वे (सरकार) इसे नॉन-ट्रांसपेरेंट तरीके से लेकर आए। अब समस्या है कि उनके पास इस चुनाव के लिए तो पैसा है, लेकिन वे ये भी जानते हैं कि अगर हार गए तो भी पैसे की जरूरत होगी। मैं मोहन भागवत से पूछना चाहता हूं कि वे इस मुद्दे पर खामोश क्यों हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। शीर्ष कोर्ट ने स्कीम को असंवैधानिक करार दिया था। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था, पॉलिटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है, जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है। सुप्रीम कोर्ट ने सबसे ज्यादा चंदा देने वाली कंपनियों पर कहा था, किसी एक व्यक्ति की ओर से दिए गए चंदे के मुकाबले किसी कंपनी की ओर से की गई फंडिंग का राजनीतिक प्रक्रिया पर ज्यादा असर हो सकता है। कंपनियों की ओर से की गई फंडिंग शुद्ध रूप से व्यापार होता है। चुनावी चंदे के लिए कंपनी एक्ट में संशोधन मनमाना और असंवैधानिक कदम है। 2018 से अब तक इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए सबसे ज्यादा चंदा भाजपा को मिला। 6 साल में चुनावी बॉन्ड से भाजपा को 6337 करोड़ की चुनावी फंडिंग हुई। कांग्रेस को 1108 करोड़ चुनावी चंदा मिला।

## शरद पवार बोले, लोग जानते हैं एनसीपी किसने बनाई

**भाजपा ने ईडी-सीबीआइ का इस्तेमाल करके पार्टी तोड़ी**

**मोदी का करिश्मा पहले जैसा नहीं रहा**

एजेंसी। मुंबई



**एनसीपी** शरदचंद्र पवार के चीफ शरद पवार का कहना है कि उनकी पार्टी ही असली एनसीपी है। उन्होंने कहा कि कोई भी कह सकता है असली एनसीपी हम हैं। लेकिन लोगों को पता है कि एनसीपी किसने बनाई, किसने इन्हें मंत्री बनाया। लोग इन पर हंस रहे हैं। हम बीजेपी के खिलाफ लड़े और जीते, अब वे (अजित पवार) बीजेपी के साथ खड़े हैं। शरद पवार ने आगे कहा कि कुछ अवसरवादी लोग अब वो बीजेपी के साथ खड़े हैं। ये लोग मुझे कहते थे कि अगर हम नहीं जाएंगे तो हम पर ईडी एक्शन लेगा।

उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कहा कि मोदी का जो करिश्मा पहले था, अब वैसा नहीं रहा। महाराष्ट्र में कम से कम 50 प्रतिशत सीटें हम जीतेंगे। शरद पवार का कहना है कि भाजपा ने ईडी का इस्तेमाल करके कुछ ऐसे कदम उठाए, जिसकी वजह से हमारे साथी उनके कहने पर चले गए। महाराष्ट्र में जो हुआ है, लोगों को ये बिलकुल पसंद नहीं आ रहा है। लोगों को डराकर साथ में लाना पसंद नहीं किया जा रहा है।

### कांग्रेस की पंजाब इकाई के दो नेता भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पंजाब इकाई के दो नेता शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। इनमें पार्टी के राष्ट्रीय सचिव तेजिंदर पाल सिंह बिट्टू भी शामिल हैं। बिट्टू ने भाजपा में शामिल होने से कुछ घंटे पहले कांग्रेस से इस्तीफे की घोषणा की थी। बिट्टू और कांग्रेस के दिवंगत नेता संतोख सिंह चौधरी की पत्नी करमजीत कौर चौधरी भाजपा में शामिल हुए। करमजीत कौर चौधरी ने पिछले साल अपने पति की मृत्यु के बाद जालंधर में लोकसभा उपचुनाव लड़ा था, लेकिन इसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

### सूरत के कांग्रेस कैंडिडेट का नामांकन रद्द

**नई दिल्ली।** गुजरात के सूरत में कांग्रेस कैंडिडेट नीलेश कुंभाणी का नामांकन फॉर्म रद्द कर दिया गया है। फॉर्म में गवाहों के दस्तखत में गड़बड़ी थी। इस मामले में भाजपा के पूर्व डिप्टी मेयर दिनेश जोधानी ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी। जिला कलेक्टर ने शनिवार 20 अप्रैल को कुंभाणी को ऑफिस बुलाया और पर्चे की जांच के बाद नामांकन रद्द करने की मौखिक जानकारी दी। कुंभाणी ने कलेक्टर से एक दिन का समय मांगा है। वे अब तत्काल सुनवाई के लिए हाइकोर्ट जाने की तैयारी में हैं। उधर, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के खिलाफ लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया गया है।

## भाजपा लोकसभा चुनाव में दक्षिण से साफ, उत्तर से हाफ : पायलट

एजेंसी। रायपुर



**कांग्रेस** नेता सचिन पायलट ने शनिवार को कहा कि आम चुनाव के पहले चरण के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बैकफुट पर नजर आ रही है और देश के दक्षिणी हिस्से में उसका सूपड़ा साफ हो जाएगा तथा उत्तर में उसकी ताकत आधे हिस्से में सिमट कर रह जाएगी। रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पर संवाददाताओं से बात करते हुए पायलट ने बताया कि पार्टी नेता प्रियंका गांधी रविवार को राज्य के राजनांदगांव और कांकेर लोकसभा क्षेत्र में दो रैलियों को संबोधित करेंगी। यह दोनों सीट राज्य के तीन संसदीय क्षेत्रों में से हैं, जहां 26 अप्रैल को आम चुनाव के दूसरे चरण में मतदान होगा। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि पहले चरण के चुनाव (शुक्रवार को) के बाद भाजपा को समझ आ गया है कि वह बैकफुट पर है। किसी ने कहा है साउथ से साफ और नॉर्थ से हाफ। इसका मतलब है कि उन्हें (भाजपा) उत्तर में वर्तमान में मौजूद सीटों में से आधी सीटें मिलेंगी, जबकि वह लोकसभा चुनाव में दक्षिण और पूर्व में अपना खाता खोलने में विफल रहेगी।

## कांग्रेस ने दिल्ली महापौर चुनाव में आप का समर्थन करने की घोषणा की

एजेंसी। नई दिल्ली



**कांग्रेस** ने 26 अप्रैल को होने वाले दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार का समर्थन करने की शनिवार को घोषणा की। आप ने महापौर पद के लिए महेश खींची और उपमहापौर पद के लिए रवींद्र भारद्वाज को उम्मीदवार बनाया है। पूर्व विधायक एवं दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग के प्रमुख अनिल भारद्वाज ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पार्टी इस चुनाव में आप के उम्मीदवारों का समर्थन करेगी। भारद्वाज ने कहा कि यह निर्णय इसलिए लिया गया कि दिल्ली के लोगों को परेशानी नहीं हो। इस बीच, आम आदमी पार्टी के नेता एवं पार्टी के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने भरोसा जताया कि आप-कांग्रेस गठबंधन 26 अप्रैल के चुनाव में भारी मतों के अंतर से जीत हासिल करेगा। पाठक ने कहा, हम इस कदम का स्वागत करते हैं। साथ मिलकर, हम तानाशाह और भ्रष्ट सरकार के खिलाफ लड़ेंगे।

## गुरुग्राम में श्मशान घाट की दीवार गिरी, बच्ची समेत चार की मौत

**गुरूग्राम।** गुरुग्राम में शनिवार शाम करीब साढ़े 6 बजे बड़ा हादसा हो गया। यहां मदनपुरी स्थित श्मशान घाट के पीछे वाले गेट की दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई। इससे वहां बैठे 2 बच्चों समेत 6 व्यक्ति इसकी चपेट में आ गए। ये सभी दीवार के मलबे के नीचे दब गए। जिससे एक बच्ची खुशबू समेत चार व्यक्तियों की मौत हो गई है। प्रशासन की टीम व अधिकारी मौके पर पहुंच कर मलबा हटाने में जुटे हैं। घटना का एक सीसीटीवी भी सामने आया है, जिसमें कुछ लोग दीवार के साथ गली में कुर्सियों पर बैठे हैं, अचानक दीवार गिरती है और वे नीचे दब जाते हैं। दीवार को गिरता देख वे कुर्सियों से उठ कर भागने का प्रयास करते हैं, लेकिन बच नहीं पाते। इसके बाद आसपास के लोग मलबे को हटाते हुए दिखाई देते हैं।

## 21 राज्यों की 102 सीटों पर 68 फीसद वोटिंग

**नई दिल्ली।** लोकसभा के प्रथम चरण में 21 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर शुक्रवार को वोटिंग हुई। सुबह सात बजे से शाम 6 बजे तक हुई वोटिंग में 68.29 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। 2019 के मुकाबले यह आंकड़ा 1 प्रतिशत ही कम है। 2019 में फर्स्ट फेज में 91 सीटों पर 69.43 फीसद वोटिंग हुई थी। शुक्रवार को जिन 102 लोकसभा सीटों पर वोटिंग हुई है, इनमें 2019 में भाजपा ने 40, डीएमके ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं। अन्य को 23 सीटें मिली थीं। फर्स्ट फेज में अधिकतर सीटों पर मुकाबला इन्हीं 3 दलों के बीच है। सीटों के हिसाब से यह सबसे बड़ा फेज है।

21 में से 4 राज्यों में 80 फीसद से ज्यादा वोटिंग हुई। इनमें सबसे ज्यादा लक्षद्वीप में 83.88 फीसद वोटिंग हुई है। इसके बाद त्रिपुरा में 81.62 फीसद, बंगाल में 80.55 फीसद और सिक्किम में 80.03 फीसद मतदान हुआ। 16 में 50-80 फीसद के बीच मतदान हुआ। एकमात्र बिहार 50 फीसद से नीचे रहा। यहां सबसे कम, 48.88 फीसद वोटिंग हुई। दो राज्यों, पश्चिम बंगाल और मणिपुर, में वोटिंग के दौरान हिंसा भी हुई। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव के लिए भी वोट डाले गए। अरुणाचल में 76.44 फीसद और सिक्किम में 79.86 फीसद लोगों ने राज्य सरकार चुनने के लिए वोट डाले।

## शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों का धरना जारी, 54 ट्रेन रद्द

एजेंसी। अंबाला



**पंजाब** के पटियाला जिले के शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों का पटरियों पर धरना चौथे दिन भी जारी रहने के कारण अंबाला-अमृतसर मार्ग पर कुल 54 ट्रेन शनिवार को रद्द कर दी गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रदर्शनकारी मौजूदा आंदोलन के दौरान हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि किसानों के प्रदर्शन के कारण शनिवार को 54 ट्रेन रद्द कर दी गईं। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन के कारण पिछले तीन दिन में 380 ट्रेन की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। किसान संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के बैनर तले पटियाला जिले के शंभू में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने गिरफ्तार किसानों की रिहाई के लिए बुधवार को पंजाब-हरियाणा सीमा के पास शंभू में पटरियों पर बैठकर अपना विरोध प्रदर्शन शुरू किया।

**डीडी न्यूज के लोगो का रंग लाल से नारंगी हुआ**

## दूरदर्शन का भगवाकरण हुआ, ये प्रसार भारती नहीं, प्रचार भारती है : टीएमसी

एजेंसी। नई दिल्ली




पब्लिक ब्रॉडकास्टर दूरदर्शन ने अंग्रेजी चैनल डीडी न्यूज के लोगो का रंग लाल से बदलकर नारंगी कर दिया है। इस पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राज्यसभा सांसद और प्रसार भारती के पूर्व सीइओ जवाहर सरकार ने कहा कि दूरदर्शन का भगवाकरण हो गया है। अब ये प्रसार भारती नहीं, प्रचार भारती हो गया है। 16 अप्रैल को दूरदर्शन ने सोशल मीडिया एक्स पर नया प्रमोशनल वीडियो शेयर किया। इसके कैप्शन में लिखा- हालांकि हमारे मूल्य वही हैं, अब हम एक नए अवतार में उपलब्ध हैं। ऐसी समाचार यात्रा के लिए तैयार हो जाएं जो पहले कभी नहीं देखी गई। बिल्कुल नए डीडी न्यूज का अनुभव करें। डीडी न्यूज - भरोसा सच का।

वहीं यूपीए सरकार में सूचना एवं प्रसारण मंत्री रह चुके कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा- दूरदर्शन के लोगो का रंग बदलना सरकारी संस्थानों पर कब्जा करने का सरकार का प्रयास है। ऐसे कदम देश के पब्लिक ब्रॉडकास्टर की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं। जवाहर सरकार ने एक वीडियो जारी कर कहा- चुनाव से ठीक पहले प्रसार भारती के पूर्व सीइओ के रूप में दूरदर्शन के लोगो का भगवाकरण देखकर दुख होता है। एक तटस्थ पब्लिक ब्रॉडकास्टर अब पक्षपाती सरकार के साथ एक धर्म और संघ (आरएसएस) परिवार के रंग को शामिल करके मतदाताओं को प्रभावित करेगा।

सरकार ने कहा- मैं यह महसूस कर रहा हूं कि यह अब प्रसार भारती नहीं है, यह प्रचार भारती है। सरकार ने इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन भी बताया है।

सरकार साल 2012 से साल 2016 तक दूरदर्शन और ऑल इंडिया रेडियो की देखरेख करने वाली संस्था प्रसार भारती के सीइओ रह चुके हैं। प्रसार भारती के वर्तमान सीइओ गौरव द्विवेदी ने कहा- लोगो का रंग नारंगी है न कि भगवा। सिर्फ लोगो में ही बदलाव नहीं हुआ है, बल्कि हमने डीडी के पूरे लुक और फील को अपग्रेड किया गया है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोग इस बारे में अर्नगल टिप्पणी कर रहे हैं। हम पिछले छह-आठ महीने से डीडी के लुक और फील को बदलने पर काम कर रहे थे। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा- भगवा से इतनी नफरत है इन लोगों को। भगवा रंग का आनंद ये लोग नहीं ले सकते।

बता दें, दूरदर्शन की शुरुआत 15 सितंबर, 1959 में इंडियन टेलीविजन के रूप में हुई थी। पहले ये आकाशवाणी का हिस्सा था, लेकिन बाद में उससे अलग हो गया। यूनेस्को की मदद से शुरुआत में दूरदर्शन पर हफ्ते में दो दिन केवल एक-एक घंटे के कार्यक्रम प्रसारित होते थे। इनका उद्देश्य नागरिकों को जागरूक करना होता था। 1965 में इसका रोजाना प्रसारण शुरू हुआ। समाचार आने लगे। फिर कृषि दर्शन आया, जो आज भी दूरदर्शन के अलग-अलग चैनलों पर प्रसारित होता है। चित्रहार पर फिल्मी गाने प्रसारित होते थे। डीडी की सर्विस 1975 तक मुंबई, अमृतसर और अन्य शहरों तक बढ़ा दी गई। 1 अप्रैल 1976 को यह सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन आ गया और 1982 में नेशनल ब्रॉडकास्टर बन गया।

80 के दशक में दूरदर्शन घर-घर में छा गया। दूरदर्शन पर प्रसारित पहला सीरियल हम लोग था। इसके बाद इस पर प्रसारित होने वाले रामायण और महाभारत जैसे पौराणिक सीरियलों ने जबर्दस्त लोकप्रियता हासिल की। इन दोनों सीरियल के प्रसारण के समय देश में सड़कें वीरान हो जाया करती थीं। फिलहाल दूरदर्शन 6 नेशनल और 17 रीजनल चैनल ब्रॉडकास्ट करता है।

पायनियर
हरियाणा, रविवार, 21 अप्रैल, 2024


# एलआर कॉलेज में टैलेंट हंट परीक्षा का हुआ आयोजन




**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पंडित** एलआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस कबूलपुर बांगर बल्लभगढ़ के प्रांगण में टैलेंट हंट नाम से एक परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा प्रतियोगिता में फरीदाबाद जिले के लगभग 15 सरकारी व निजी स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। आए हुए सभी विद्यार्थियों की पंडित एलआर ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक डॉ. आरपी आर्य की अध्यक्षता में एक लिखित परीक्षा का आयोजन कराया गया। लगभग दो घंटे चली इस लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें आयुष कुमार पुत्र विवेक कुमार शांति विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान पर आ कर 5100 प्राप्त किए। दूसरे स्थान पर मुकुल रहा।


# बीजेपी अपने चुनावी वायदे पूरे करने में असफल रही है : प्रेम दलाल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**वरिष्ठ** कांग्रेसी नेता व फरीदाबाद कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन प्रेम दलाल ने पायनियर को दिए अपने इंटरव्यू में देश व प्रदेश की बीजेपी सरकार को हर क्षेत्र में नाकामयाब बताया है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी सरकार हर मुद्दे पर पूरी तरह से असफल रही है। बीजेपी पार्टी व प्रधानमंत्री ने चुनाव से पहले जितने भी वायदे जनता से किए थे, उनमें से एक भी पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी पार्टी झूठे वायदे करके सत्ता में आई। जनता बीजेपी की असलियत जान चुकी है। जनता बीजेपी की जनविरोधी नीतियों से परेशान व दुखी है। इसलिए आने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा चुनाव में जनता बीजेपी पार्टी को सबक सिखायेगी व सत्ता से बेदखल कर देगी। उन्होंने कहा है कि बीजेपी से सभी वर्ग के लोग नाराज हैं। इसका सबूत बीजेपी नेताओं का गांवों में भारी विरोध हो रहा हैं। बीजेपी नेताओं को कई जगह गांवों में भी नहीं घुसने दिया जा रहा है।




प्रेम दलाल ने बताया कि प्रधानमंत्री ने चुनाव से पहले जनता से हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार देने का वायदा किया था। परंतु बीजेपी के सत्ता में 10 साल बीत जाने के बाद भी इस वायदे को पूरा नहीं किया गया है। वहीं युवाओं को रोजगार देने की जगह सरकारी विभागों व कंपनियों का निजीकरण बीजेपी सरकार में किया जा रहा है। जिससे युवाओं को रोजगार मिलने की जगह उनका रोजगार छीनने का काम किया है। उन्होंने बताया कि देश में विदेशी पूंजी निवेश के लंबे-चौड़े दावे किए जा रहे हैं, परंतु धरातल पर कहीं भी विदेशी पूंजी निवेश नहीं दिखाई दे रहा है। बीजेपी की सरकार बनने के बाद देश व प्रदेश से कंपनियों का पलायन हुआ है, जिससे रोजगार के



अवसर कम हुए हैं। उन्होंने बताया कि अग्निवीर योजना ने रही सही कसर पूरी कर दी है। अग्निवीर योजना से पहले ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को सेना में नौकरी के अवसर थे। परंतु इस योजना के लागू होने के बाद अग्निवीर को सैनिकों की सुविधाओं से वंचित कर दिया है, जिससे लोग अब सेना में जाने से कतराने लगे हैं।

दलाल ने बताया बीजेपी पार्टी ने सत्ता में आने से पहले पैट्रोल, डीजल, रसोई गैस व लोगों की जरूरत के सामान आटा, चीनी, चावल, तेल, सब्जियों, नमक के दाम करने का वायदा जनता से किया था, परंतु सत्ता में आते ही इनके दाम दोगुने कर दिए गए हैं। इससे महंगाई आसमान पर पहुंच गई है, महिलाओं को बजट गड़बड़ा गया है। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद के सांसद कृष्णपाल गुर्जर फरीदाबाद क्षेत्र की समस्याओं को लोकसभा में उठाने में पूरी तरह से असफल रहे है, वहीं उनके सांसद रहते फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र विकास के मामले में पिछड़ा है। दलाल ने बताया कि स्कूलों, अस्पतालों व दूसरे सरकारी विभागों में लाखों सरकारी पद खाली हैं, परंतु सरकार उन पदों को भरने की जगह पदों को ही खत्म कर रही है। जिससे विभागों में नाममात्र के ही कर्मचारी बचे हैं, इससे कार्यप्रणाली पर बुरा असर पड़ा है।

दलाल ने बताया कि सरकार का किसानों की आय दोगुलर करने का वायदा भी जुमला ही साबित हुआ है। किसानों को उनकी फसलों की उचित कीमत नहीं मिल रही है। जिससे किसानों को एमएसपी तक के लिए आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ रहा है।


# पर्यटन स्थलों में अग्रणी फरीदाबाद स्वास्थ्य सुविधाओं में पिछड़ा

## बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा को तरस रहे मरीज

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पर्यटन** स्थलों के मामले में फरीदाबाद जिला देश व प्रदेश के अग्रणी जिलों में शुमार है। परंतु उसके बाबजूद फरीदाबाद का मशहूर बीके अस्पताल स्वास्थ्य सुविधाओं से आज भी वंचित है। इस अस्पताल में आने वाले फरीदाबाद, पलवल जिलों के मरीजों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। आईसीयू जैसी मुख्य सुविधा नहीं होने से मरीजों को गंभीर रूप से बीमार, घायल होने पर डॉक्टर दूसरे शहरों को रेफर कर देते है। जिससे कई बार मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। लोगों का कहना है कि




बीके अस्पताल में तुरंत ही आईसीयू की सुविधा शुरू की जाए। जिससे मरीजों को इलाज में सुविधा रहे।

जिला फरीदाबाद में देश व प्रदेश के कई मुख्य पर्यटन स्थल होने से हर रोज हजारों पर्यटक फरीदाबाद के पर्यटन स्थलों में पहुंचते हैं। इन पर्यटकों से हर साल फरीदाबाद जिला व प्रदेश को करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त होता हैं। परंतु उसके बाबजूद स्वास्थ विभाग आज भी फरीदाबाद के बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा देने से वंचित रहा है।

फरीदाबाद का 10वीं शताब्दी का जलाशय सूरजकुंड जिसका अर्थ है सूर्य की झील, बड़कल झील, फरीद का ऐतिहासिक मकबरा, राजा नाहर सिंह पैलेस के साथ-साथ अरावली की पहाड़ी आदि पर्यटन स्थलों पर हर रोज हजारों की संख्या में पर्यटक प्रदेश, देश व विदेश से फरीदाबाद पहुंचते हैं। इनसे जिले व प्रदेश को हर साल सैकड़ों करोड़ रुपये का राजस्व भी मिलता है। परंतु उसके बाबजूद फरीदाबाद का बीके अस्पताल आज भी जन सुविधाओं से वंचित है। गंभीर बीमार, घायल आदि को डॉक्टर आईसीयू की सुविधा नहीं होने पर दिल्ली, रोहतक के अस्पतालों को रेफर कर देते हैं। दूसरे शहरों के अस्पतालों में पहुंचने में मरीज को घंटो का समय लग जाता है। कई बार अधिक खून बहने व समय पर इलाज नहीं मिलने से मरीज बीच रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। वहीं बाहर इलाज करवाने पर मरीज के रिश्तेदारों के हजारों रुपये वहां पर रुकने, आने-जाने व दवाइयों आदि पर खर्च हो जाते हैं। जिससे कई बार उनको घर, दुकान व खेत आदि तक गिरवी रखना पड़ जाता है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है। लोगों का कहना है कि यदि बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा उपलब्ध हो जाए तो घायलों का इलाज भी समय पर हो जाए।

पर्यटन स्थलों में मामले में फरीदाबाद का अव्वल स्थान है। परंतु यहां का बीके अस्पताल आज भी आईसीयू की सुविधा से वंचित है। जिससे यहां पर इलाज के लिए आए लोगों को इलाज के लिए दूसरे शहरों को जाने को मजबूर होना पड़ता है।

**-पूनम तेवतिया**

---------------

यहां आईसीयू की मांग काफी पुरानी है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बीके अस्पताल में तुरंत ही आईसीयू की सुविधा शुरू की जाए। जिससे लोगों को यहीं पर समय पर इलाज की सुविधा मिल सके।

**-गौरव सिंह**

# बीजेपी के शासनकाल में सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**चुनाव** की घोषणा होते ही लोग सरकार व विपक्षी पार्टियों की नीतियों पर खुलकर बात कर रहे हैं। कुछ लोग बीजेपी की नीतियों का विरोध कर रहे हैं तो कुछ सरकार को देश के लिए हितकारी बता रहे हैं। सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने आए सतीश कुमार का कहना था कि बीजेपी के शासनकाल में सब्जियों व फलों के दामों में कई गुणा बढ़ोतरी हुई हैं। जिसकी वजह से लोगों का सब्जी खरीदना भी दूभर हो गया है। उन्होंने बताया कि पिछली सरकारों की अपेक्षा बीजेपी के शासनकाल में सब्जियों के दाम तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि जहां बीजेपी के शासनकाल से पहले जहां 100 रुपये में सब्जियों से थैला भर जाता था। जिससे एक सप्ताह का काम चल जाता था। परंतु अब आलू, प्याज, अदरक, धनिया, नीबू, कटहल, शिमला मिर्च, हरी मिर्च आदि के दाम काफी महंगे है। जिसकी वजह से






एक दिन की सब्जी ही 100 रुपये तक की आती है। सतीश की बात को काटते हुए ओमसिंह, रघुबीर आदि का कहना था कि सब्जियों के दाम जरूर बढ़े हैं, परंतु किसानों को उनकी सब्जियों की फसलों की कीमत भी तो बढ़ी है। जिससे सब्जियों के दाम बढ़े है। उन्होंने बताया कि किसानों की फसलों की लागत में बढ़ोतरी हुई है। इसकी वजह से उनकी सब्जियों के दाम में बढ़ोतरी होना जायज है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन की आय और वेतन में बढ़ोतरी भी हुई। 10 साल पहले प्रति दिन की कमाई 100-125 रुपये ही थी, जो आज बढ़कर 500 से 600 रुपये हो गई है। इस अवसर पर इकबाल का कहना था कि सरकार को मंहगाई पर लगाम लगानी चाहिए, जिससे लोगों की आजीविका सही प्रकार से चल सके।

# मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए की साझेदारी



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**लर्नएक्स** पूरे विश्व में एजुकेटर्स को सशक्त बनाने के लिए समर्पित है, जिसने 203 दिल्ली पब्लिक स्कूल्स के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के अंतर्गत लर्नएक्स डीपीएस स्कूलों में टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ के लगभग 15,225 सदस्यों को मानसिक सेहत व स्वास्थ्य पर विस्तृत और संरचनाबद्ध प्रशिक्षण प्रदान करेगा। जिससे एक एकेडेमिक वर्ष में लगभग आधे मिलियन विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

इस साझेदारी की घोषणा डीपीएस फरीदाबाद और डीपीएस बैंगलोर नॉर्थ में लर्नएक्स प्रोग्राम पूरा कर चुके एजुकेटर्स के एक सम्मान समारोह में की गई। इस अवसर पर डॉ. डेनियल फंग सीईओ इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हैल्थ, वीके शुंगलू वाइस चेयरमैन डीपीएस सोसायटी, अनिल कुमार, प्रिंसिपल डीपीएस फरीदाबाद, संगीता चक्रवर्ती, सिम्मी कांत, ज्योति ढल और संदीपन ऋषि वाइस प्रिंसिपल डीपीएस फरीदाबाद, चंद्रकांत सिंह मैनेजिंग डायरेक्टर लर्नएक्स, प्रिया ईरानी, को-फाउंडर, लर्नएक्स और दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में डीपीएस के प्रिंसिपल्स उपस्थित थे।

डॉ. डेनियल फंग, सीईओ, इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हैल्थ ने कहा, मानसिक स्वास्थ्य लोगों, खासकर युवाओं की सेहत बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है और हमारा यह दायित्व है कि हम उन्हें विकास करने के लिए पूरा सहयोग दें। उन्होंने आगे कहा, लर्नएक्स और डीपीएस स्कूलों के बीच यह साझेदारी एजुकेटर्स को विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए सही टूल्स उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# सांसद पारदर्शी हो तथा जनता के प्रति जवाबदेही होना चाहिए

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**आने** वाले लोकसभा चुनाव में जीतने की इच्छा रखने वाले




प्रत्याशियों से जनता को काफी उम्मीदें हैं। चुनाव की तिथि जैसे जैसे नजदीक आ रही है, प्रत्याशियों ने टिकट की जुगत तेज कर दी है। इसके साथ ही वे अपने एजेंडे से मतदाताओं को लुभाने में जुटेंगे। मतदाता भी अपने-अपने हिसाब से प्रत्याशी को तोलेंगे।



केंद्र व राज्य सरकार की किसी भी योजना, धनराशि व कामों के टेंडर का ब्योरा तथा प्रत्येक तीन महीने के अंतराल में योजना पर अमल ब्योरा आम जनता के सामने नोटिस बोर्ड के माध्यम से जनता के मध्य रखना सुनिश्चित हो।

**-नीतू सिंह, मॉडल**



सांसद आम समस्याओं के प्रति गंभीर होना चाहिए। मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कराने में सांसद की बड़ी भूमिका रहती है। इसलिए सांसद वही निर्वाचित हो, जिसे आम लोगों की मूलभूत समस्याओं का ज्ञान हो।

**-पवन बैसला, एडवोकेट**



आवारा गो वंश की पालना, सुरक्षा व गऊ वध से बचाव के लिए बड़ी गोशालाओं का निर्माण, संचालन किया जाए। जाम की समस्या के निदान के लिये बाजार व भीड़भाड़ वाले इलाकों में स्थाई पार्किंग का निर्माण किया जाए।

**-मनीष भारद्वाज, समाजसेवी**



सांसद संवेदनशील होना चाहिए। उसकी संवेदना क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक के प्रति समान हो। उसे इस बात का ज्ञान हो कि कौन सी समस्या लोगों को अधिक परेशान करती है।

**-मोनिका देशवाल, शिक्षाविद**

# आज होगा छठा वार्षिक उत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**श्री** हनुमान जन-कल्याण समिति का छठा वार्षिक उत्सव अग्रवाल सेवा सदन, सेक्टर-11 में रविवार दोपहर 2.15 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिसमें सुंदरकांड पाठ एवं श्री सालासर बालाजी महाराज की भजन संध्या का आनंद सभी भक्तजन उठाएंगे।

# सिलेंडर से गैस चोरी करते दो पकड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**थाना** मुजेसर के इलाके में आदर्श कॉलोनी में पुलिस ने रेड मारकर दो लोगों को सिलेंडरो से गैस चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा है। पुलिस को सूचना मिली कि आदर्श कॉलोनी में कुछ लोग सिलेंडर से गैस चोरी कर रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने देखा कि दो लोग घरेलू गैस सिलेंडर से गैस निकालकर दूसरे खाली सिलेंडर में गैस भर रहे हैं। पुलिस ने दोनों को मौके पर ही दबोच लिया। पकड़े गये युवकों के नाम रघुनाथ और प्रशांत बताए गये हैं। पुलिस ने उनसे 34 सिलेंडर बरामद किये हैं। बताया जाता है कि यह लोग काफी समय से यह कार्य कर रहे थे।



# दुकान में शराब पीने से मना करने पर कन्फेक्शनरी संचालक की हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शुक्रवार** रात दुकान में शराब पीने से मना करने पर युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने उसके भाई पर भी हमला किया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना डबुआ इलाके की है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य फरार हैं।

मृतक की पहचान जवाहर कॉलोनी निवासी सत्यप्रकाश यादव के रूप में हुई है। वह दो बेटी और एक बेटे का पिता था। वह डबुआ इलाके में कन्फेक्शनरी की दुकान



चलाता था। सत्यप्रकाश के पड़ोसी गोपाल शर्मा ने बताया कि रात करीब साढ़े 11 बजे 3-4 युवक सत्यप्रकाश की दुकान पर आए। उन्होंने दुकान पर चखना मांगा। इसके बाद युवकों ने सत्यप्रकाश को दुकान पर बैठकर शराब पीने की बात कही। सत्यप्रकाश ने युवकों को मना कर दिया। युवक शराब पीने की जिद करने लगे। इसके बाद उनमें कहासुनी हो गई। युवकों ने अपने साथियों को बुला लिया।

इसके बाद उन्होंने सत्यप्रकाश और उसके भाई नीरज से मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने जिम करने वाली रॉड और धारधार हथियार से मारपीट की। घटना में सत्यप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोग सत्यप्रकाश और नीरज को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने सत्यप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। वहीं नीरज के हाथ में फ्रेक्चर आया है। सत्यप्रकाश के पिता विजेंद्र यादव ने कहा कि वह शुक्रवार को अपने गांव अलीगढ़ गए हुए थे। उन्हें घर से फोन आया और घटना की जानकारी मिली।

# डीपीएस ग्रेफा में विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीपीएस** ग्रेटर फरीदाबाद द्वारा बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो-वीसी रोहित जैनेंद्र जैन, विशेष आमंत्रित सदस्य पूर्व संस्थापक प्रिंसिपल सुरजीत खन्ना, प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा, मुख्याध्यापिका संजना महाजन और सुप्रिया बख्शी, वरिष्ठ समन्वयक नेहा पांडे, परीक्षा नियंत्रक, चंचल चंदना द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस मौके पर 12वीं कक्षा के विद्यार्थी अर्नव जैन हेड ब्वॉय, पर्णिका पांडे हैड गर्ल ने स्कूल से संबंधित अपने अनुभव सांझा किए। इस मौके पर कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने भगवान शिव का आह्वान करते हुए मनमोहन प्रस्तुति दी। इसके अलावा स्कूल बैंड के फुट टैपिंग संगीत के साथ 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने रैंप वॉक की। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने मिस्टर डीपीएस और मिस डीपीएस की घोषणा की। इस अवसर पर रोहित जैनेंद्र जैन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं विशेष आमंत्रित सदस्य, पूर्व संस्थापक प्रिंसिपल, सुरजीत खन्ना ने इस अवसर पर छात्रों को आशीर्वाद दिया और उन्हें अनुशासन, प्रतिबद्धता, करुणा और अखंडता के मूल्यों को जीवित रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने शपथ दिलवाई।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




निभाने की जगह अब लोग जैसे ढो रहे रिश्ते
कमाने की जगह पर लोग अब तो खो रहे रिश्ते
तेरी दुनिया में ओ ईश्वर करें क्या बात ग़ैरों की
यहाँ अब अपनों के हाथों कलंकित हो रहे रिश्ते

# बुनियादी सुविधाएं देने पर रहा सरकार का फोकस : कृष्णपाल

## भाजपा प्रत्याशी का भारत कॉलोनी में हुआ स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भाजपा** के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि मोदी सरकार के दस वर्षो में देश में नित-नया विकास हुआ है, जहां फरीदाबाद सहित देश में सड़कों का जाल बिछाया गया, वहीं लोगों को बिजली, पानी, सीवरेज व सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य हुए है। उन्होंने कहा कि कॉलोनियां में भी विकास का पहिया तेजी से घूमा है, लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए सरकार ने निरंतर प्रयास किए है। श्री गुर्जर ओल्ड फरीदाबाद की भारत कॉलोनी में राजेंद्र खारी चेयरमैन द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक राजेंद्र खारी चेयरमैन के नेतृत्व में गणमान्य लोगों



ने बड़ी माला पहनाकर भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर का स्वागत किया गया। वहीं समारोह में उपस्थित जनसमूह ने दोनों हाथ उठाकर श्री गुर्जर को भारी मतों से विजयी बनाकर संसद भेजने का भरोसा दिलाया। भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनवाते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि दिल्ली-फरीदाबाद-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे का निर्माण करवाया है। जेवर एयरपोर्ट तक जाने के लिए 1600 करोड़ की लागत से जेवर एक्सप्रेसवे बनाया जायेगा, उसकी पूरी प्लानिंग हो चुकी है। फरीदाबाद, नोएड़ा, गाजियाबाद हाईवे का काम चल रहा है। इसके बनने के बाद नोएडा आठ मिनट और गाजियाबाद 25 मिनट में पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि 262 करोड़ की लागत से फरीदाबाद रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाया जा रहा है। श्री गुर्जर ने कहा कि 24 घंटे बिजली देने का काम भाजपा की डबल इंजन सरकार ने किया। गरीब की चिंता करने की बात हो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदैव अग्रणी रहते हैं। गरीब के लिए चार करोड़ पक्के आवास, 11 करोड़ शौचालय, 11 करोड़ से ज्यादा उज्ज्वला योजना के माध्यम से बहनों को गैस सिलेंडर, आयुष्मान योजना से पांच लाख का निशुल्क मेडिकल बीमा, 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को अनाज जैसे अनेक कल्याणकारी प्रयास किए हैं। मोदी हर क्षेत्र में देश के गरीब नागरिकों को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। श्री गुर्जर ने कहा कि वह छह विधानसभाओं में रैली कर चुके हैं और रैलियों में जिस प्रकार से लोगों का जनसमूह उमड़ रहा है, उससे स्पष्ट हो गया है कि एनडीए के 400 पार का नारा पूरी तरह से सार्थक साबित होगा। उन्होंने फरीदाबाद की जनता से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को हर एक वोट कमल पर डालकर मोदी को मजबूत करने का कार्य करना है, जिससे कि तीसरी बार देश में मोदी प्रधानमंत्री बन सकें और विकास का यह सिलसिला आगे भी जारी रह सकें।

इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष जैजू ठाकुर, पूर्व पार्षद सुमेश चंदीला, अनिल शर्मा पार्षद, अरुण खारी, मास्टर ज्ञान, विरेंद्र एडवोकेट, विकास ठाकुर, ओमप्रकाश चौहान, पप्पी मास्टर, लेखराज वर्मा, विरेंद्र चौधरी, रिषी नागर, प्रदीप मास्टर, विनोद अंबावता सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# रविंदर फागना अकादमी ने दलाल क्रिकेट अकादमी को हराया

## मोहम्मद साद को घोषित किया गया मैन ऑफ दा मैच

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**रविंदर** फागना क्रिकेट भूमि ग्राउंड फरीदाबाद पर खेला गया। यह मैच रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी पाली और दलाल क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने दलाल क्रिकेट अकादमी को चार विकेट से हराया। यह मैच 40 ओवर का था और दलाल क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। दलाल क्रिकेट अकादमी ने पहले बैटिंग करते हुए 40 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 266 रन का लक्ष्य दिया। दलाल क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए जतिन यादव ने 100 गेंदों पर 12 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 100 रन, परनीत रावत ने



63 गेंदों पर सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 74 रन, हरजीत चंदीला ने 58 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाए। रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी पाली की ओर से गेंदबाजी करते हुए हर्ष शर्मा ने आठ ओवर में 68 रन देकर तीन विकेट, करण ने आठ ओवर में 1 मैडेन, 63 रन देकर एक विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने 32.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 267 रन बनाकर जीत हासिल की। रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी पाली की ओर से मोहम्मद साद ने 67 गेंदों पर नौ चौकों और सात छक्कों की मदद से 100 रन, नवीन कथेरिया ने 54 गेंदों पर पांच चौको की मदद से 53 रन, गौरव सिंह ने 29 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 34 रन बनाए। दलाल क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए लव सिंह और हरजीत चंदीला ने 2/2 विकेट, जतिन यादव ने तीन ओवर में 24 रन देकर एक विकेट हासिल किए। इस मैच का मैन ऑफ दा मैच मोहम्मद साद व फाइटर ऑफ दा मैच व जतिन यादव को घोषित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्रिकेट से जहां शारीरिक स्वास्थ्य ठीक रहता है, वहीं दिमाग भी तेज होता है। हार जीत तो खेल का हिस्सा है, लेकिन जो इसमें उत्साह से हिस्सा लेते हैं उन्हें प्रतियोगिता का के लिए प्रशिक्षण भी प्राप्त होता है, जोकि उनके लिए भविष्य में लाभकारी होता है।

# अवैध वाहनों से छात्रों को स्कूल ले जाने पर नहीं लगा अंकुश

## वाहन पर नहीं होता संबंधित स्कूल का नाम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कनीना** हादसे के बाद भी प्रशासन ने सबक नहीं लिया है। बच्चों को घर से स्कूल ले जाने-लाने वाले वाहनों में से अधिकांश वाहन नियमों के विपरीत दौड़ रहे हैं। इससे हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कई बार स्कूली बच्चों वाले वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। इसके बावजूद इस लापरवाही पर किसी का ध्यान नहीं है। आलम यह है कि बच्चों के अधिकतर अभिभावकों को भी यह पता नहीं है कि उनके बच्चे जिन वाहनों में स्कूल जा रहे हैं, उन वाहनों के चालक स्वामी इसके निर्धारित नियमों का पालन कर भी रहे हैं या नहीं।

शहर में विभिन्न स्कूलों के वाहन सुप्रीम कोर्ट के नियमों की अवेहलना कर रहे हैं। बच्चों को वैन, जीप सहित अन्य वाहनों में क्षमता से अधिक भरकर ले जाया जा रहा है। ऐसे में बच्चों की जिंदगी कैसे सुरक्षित रह सकती है, यह एक बड़ा सवाल है। इन सबके बावजूद हजारों बच्चों को रोजाना ऐसे हालातों से गुजरना पड़ रहा है। इस पर रोक लगाने के लिए प्रशासन के इंतजाम भी फीके दिखाई दिए। बच्चों को स्कूल ले जाने वाले इन वाहनों में प्रशिक्षित चालक होने चाहिएं, लेकिन ऐसा नजर नहीं आता है। वहीं अधिक रुपये के लालच में वाहन गांव से बच्चे लाने के लिए दिन में कई फेरे लगा रहे हैं। ड्राइवर को यह चिंता नहीं कि बच्चे आराम से उतर रहे हैं या नहीं। उन्हें तो अपने दूसरे चक्कर की जल्दी लगी रहती है। इसके चलते वे गाड़ियों को तेज गति से भी चलाते हैं। इस कारण हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। क्षमता से अधिक बच्चे

शहर में कई स्कूलों के वाहनों में बच्चे तो होते हैं, लेकिन वाहन किस स्कूल का है इसका जिक्र वाहन पर नहीं होता है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया हुआ है कि वाहन पर स्कूल का नाम, फोन नंबर जरूर होना चाहिए। इसके अलावा कई प्राइवेट स्कूलों के वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को भरकर ले जाया जाता है। अभिभावक भी यह सबकुछ देखकर मौन हैं, क्योंकि स्कूल वाहन चालक को मना किया तो उनके बच्चे स्कूल कैसे जाएंगे। यह सोचकर वह भी चुप्पी साध लेते हैं, लेकिन कभी हादसा हो गया तो




उसका जिम्मेदार कौन होगा। यदि स्कूल वाहन पर नाम नंबर लिखा हो तो कोई हादसा होने पर कम से कम स्कूल में फोन कर सूचित तो किया जा सके। इसके अलावा स्कूल वाहनों में तो फर्स्ट एड बॉक्स, सहायक व स्कूल टीचर साथ होता है। वाहनों को दिया जाता है बाल वाहिनी में परमिट

परिवहन विभाग के नियमों के अनुसार स्कूलों में बच्चों लाने ले जाने के लिए उपयोग आने वाले वाहनों को बाल वाहिनी का परमिट दिया जाता है।

**यह हैं बाल वाहिनी के नियम**

- -ड्राइविंग का पांच साल का अनुभव
- -वाहन के आगे और पीछे स्कूल वाहन, स्कूल का नाम, फोन नंबर, स्कूल ऑन ड्यूटी लिखा होना चाहिए
- -वाहन में फर्स्ट एड बॉक्स फायर एक्यूपमेंट होना चाहिए
- -प्रशिक्षित सहायक होना चाहिए
- -वाहनों की खिड़कियों में ग्रील लगा होना चाहिए
- -वाहन में स्कूल का एक शिक्षक होना चाहिए

# कार से टकराकर पलटा केंटर

## बाटा मेट्रो स्टेशन के पास हादसा, सड़क पर फैले चने के छिलके के कट्टे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद





**नेशनल** हाईवे नंबर-19 पर बाटा मेट्रो स्टेशन के पास सुबह एक चने के छिलके से भरा केंटर एक कार से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि टक्कर लगने के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार चला रहा शख्स काफी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे फरीदाबाद की बादशाह खान सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

जानकारी अनुसार केंटर की रफ्तार इतनी तेज थी कि ड्राइवर उस पर नियंत्रण नहीं रख पाया और वह हाईवे पर लगी लोहे की रेलिंग को तोड़ता हुआ पलट गया। इसके चलते चने के छिलके से भरे कट्टे सड़क पर फैल गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से सड़क पर पलते केंटर को सीधा किया।

पुलिस सब इंस्पेक्टर जीवन ने बताया कि उन्हें जैसे ही घटना की सूचना मिली वह अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और घायल कार चालक को बादशाह खान से अस्पताल में इलाज के लिए भिजवा दिया। क्रेन की मदद से केंटर को सीधा किया ताकि केंटर के पलटने और कट्टों के फैलने से जो रास्ता बाधित हुआ है, उसे जल्द से जल्द खोला जा सके। केंटर के पलटने के बाद केंटर चालक मौके से भाग गया।

कार सवार कुलदीप रावत और उनकी पत्नी गीता रावत ने बताया कि वह रास्ते से जा रहे थे उनके सामने ही यह सड़क दुर्घटना हुई इसके बाद वह अपने कार को वापस मोड़ कर लाए तो देखा कि कार ड्राइवर घायल है। वही केंटर चालक केंटर को मौके से छोड़कर भाग गया। उन्हें केंटर के पास 8600 रुपये पड़े थे। पुलिस के आने के बाद उन्होंने वह पैसे पुलिस के हवाले कर दिए है। वहीं सब इंस्पेक्टर जीवन ने बताया कि कार और केंटर दोनों ही दिल्ली की ओर से आ रहे थे। जैसा कि चश्मदीदों ने बताया कार चालक ने अचानक से ब्रेक मार दी थी। इसके चलते केंटर चालक पर नियंत्रण नहीं रख पाया और कार से टकरा गया।

## बच्चों को लेकर हुए विवाद में सरपंच के घर हमला

**पलवल।** हसनपुर के फाटनगर गांव में बच्चों का झगड़ा होने पर दोनों पक्षों का थाने में राजीनामा होने के बाद एक पक्ष के 20 लोगों ने मौजूदा सरपंच के परिवार हमला कर दिया। इस दौरान हवाई फायर भी किए गए। इसमें कई महिलाएं व अन्य व्यक्ति घायल हुए हैं। हसनपुर थाना पुलिस ने सरपंच की शिकायत पर 15 नामजद सहित 20 के खिलाफ में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

हसनपुर थाना प्रभारी अजीत नागर के अनुसार, फाटनगर गांव के सरपंच सतवीर ने दी शिकायत में कहा है कि खेलते समय उनके बच्चों का पड़ोस के ही बच्चों से झगड़ा हो गया। झगड़े का मामला हसनपुर थाने पहुंचा तो पुलिस ने दोनों पक्षों का समझौता करा दिया। सरपंच का आरोप है कि दूसरा पक्ष उस समय तो थाने से चला गया, लेकिन उनसे रंजिश रखे हुए था। सरपंच के अनुसार देर शाम गांव के ही निवासी निरोत्तम, लोकेश, बिरेंद्र, लाला, संजय, बंसी, अमरचंद, नारायण, हैप्पी, होशियार, परमु, देवदत्त, राकेश, तेजपाल व चंद्रभान अपने साथ पांच-छह अन्य को लेकर हाथों में बल्लम, फर्सा, देशी कट्टा व बंदूक लेकर उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने घर में घुसते ही परिवार की बहन-बेटियों से मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर अवैध हथियारों से फायरिंग कर दी।

# गीतों से लोगों को मतदान करने के लिए कर रहे प्रेरित



## नए युवाओं को अपना वोट बनवाने के लिए किया जा रहा है जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**भारत** निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह के कुशल नेतृत्व में जिला क्षेत्र में नागरिकों को वोट बनवाने व अपने मतदान के अधिकार का पूर्ण प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिला के हर एक मतदाता को प्रेरित व जागरूक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग का क्षेत्रीय प्रचार अमला बखूबी निभा रहा है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय पलवल की समस्त भजन मंडलियां जिला के सभी खंडों के गांव-गांव व गली-गली में लोगों के बीच जाकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए 25 मई तक स्वीप गतिविधियां जारी रखने की दिशा में कार्य कर रहा है। इसी क्रम में पलवल के खंड हसनपुर के गांव भैंडोली, खंड पलवल के गांव डूंगरपुर तथा खंड हथीन के गांव खाइका में विभाग के पार्टी कलाकारों ने भजनों व गीतों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर भजन मंडली कलाकारों द्वारा 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता गीतों व भजनों के माध्यम से लोगों को बढ़ चढ़कर मतदान करने तथा जिस नागरिक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है और उसका अभी तक वोट नहीं बना है तो उसे अपनी वोट बनवाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

## गृहक्लेश में विवाहिता ने दूसरी मंजिल से कूदकर दी जान

**फरीदाबाद।** गांव सीही में 20 साल की युवती ने मकान की दूसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या की। इस हादसे में युवती गंभीर रुप से घायल हो गई थी। जिसकी शुक्रवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने विवाहिता की मां को सूचना दे दी है।

मोतीहारी बिहार निवासी सुलाउद्दीन कीने अपने बेटी खुशबू की शादी एक साल पहले गांव उधनपुर दरभंगा बिहार निवासी सूरज के साथ शादी की थी। उनकी बेटी का एक दो महीने का बेटा है। खुशबू के माता-पिता मोतीहारी बिहार चले गए और खुशबू व सूरज गांव सीही में किराये पर रहने लगे। सूरज मोटर वाइडिंग का काम करता है। खुशबू बच्चे को छोड़कर दिल्ली चली गई। जब वह वापिस आई तो खुशबू ने सूरज से कहा कि वह अब दिल्ली में रहेंगे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई थी।

# सैर करने लायक नहीं रहा स्मार्ट सिटी सेक्टर-12 का टाउन पार्क

## पार्क में आवारा पशुओं का रहता है आतंक, कई लोग हो चुके हैं घायल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**स्मार्ट** सिटी फरीदाबाद के सेक्टर-12 का टाउन पार्क बदहाल स्थिति में हैं। यह लोगों के लिए सैर करने के लिए सुरक्षित नहीं रहा है। इस पार्क के रखरखाव का जिम्मा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का है। माली और चौकीदार का कोई प्रबंध नहीं। ऐसे में वहां अब प्राधिकरण के माली व चौकिदार न के बराबर हैं। पार्क उजाड़ की स्थिति में पहुंच गया है। पार्क के अंदर सैकड़ों सांड सुबह घूमते रहते हैं। जब ये सांड आपस में लड़ते हैं तो कई बार सैर करने वाले लोग भी



रोजाना इस पार्क में काफी मात्रा में लोग मॉर्निंग वॉक करने के लिए आते हैं। लेकिन इन आवारा सांड, बंदरों और कुत्तों की वजह से पार्क में सैर करना बहुत मुश्किल हो गया है।

**शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट, बार काउंसिल पंजाब व हरियाणा के पूर्व मनोनीत सदस्य**



--------

पार्क में सैर करने वाला हर व्यक्ति अपने आपको असुरक्षित महसूस करता है। इसलिए तुरंत पार्क की दीवारों को ठीक किया जाए और इस पार्क के अंदर चौकीदारों की मात्रा बढ़ाई जाए। जो इन आवारा सांड, कुत्ते व बंदरों को टाउन पार्क से बाहर किए जा सकें।

**राजेंद्र बैसला, पूर्व विधायक, निवासी सेक्टर-10**



इसके शिकार हो जाते हैं। बंदरों और कुत्तो भी आतंक कम नहीं है। ये यहां सैर करने वाले पर हमला कर देते हैं। हाल ही में सेक्टर-10 स्थानीय निवासी सीमा वशिष्ठ के पीछे दौड़ पड़े। अपने आपको बचाने के चक्कर में उनके पैर में काफी चोट आई। इस चोट की वजह से अस्पताल के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। आवारा पशुओं कुत्ते व बंदर की वजह से टाउन पार्क मे जोरों पर आतंक है। कई आवारा सांड आए दिन लोगों को घायल कर रहे हैं। कुत्ते व बंदर कई सैर करने को काटकर जख्मी कर चुके हैं। यहां पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने से लोगों ने पार्क से दूरी बना ली है। पार्क के सामने ही हरियाणा खेल परिसर है। अवारा सांड, कुत्ते व बंदरों के चलते यहां सैर करने वालों को डर लगता है। ऐसे में पार्क में अपने से कुछ भी घटना होने की आशंका रहती है। करीब 34 एकड़ फैले इस बड़े पार्क के रखरखाव के लिए कोई भी न के बराबर चौकीदार है। पार्क के चारों तरफ की दीवार व ग्रिल टूटी हुई होने की वजह से अवारा गायों के झुंड पार्क में प्रवेश करते देखे जा सकते। शहर का सबसे बड़ा पार्क होने के लिए यहां छूटटी के दिनों में रौनक बनी रहती थी। आवारा सांड व बंदरों की गंदगी फैलाने की वजह से चारों तरफ बदबू आती रहती है। इस बदबू की वजह से लोगों ने पार्क में आना कम कर दिया है। अन्यथा इस पार्क में छुट्टी के दिनों में लोग अपने परिवारों के साथ घूमने आया करते थे व शादी के लिए लड़का व लड़की को दिखाने के लिए भी इस पार्क को इस्तेमाल किया जाता था। पार्क में गंदगी के अंबार, पेड़ टूटे, सीवर के पानी की वजह से पिछले कई सालों से बदहाल है। इससे पहले इस पार्क में विभिन्न प्रजातियों के पूर्व पौधे हुआ करते थे, जो अब बिल्कुल समाप्त हो चुके हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## शिविर में विद्यार्थियों को दिया योग का प्रशिक्षण



**फरीदाबाद।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पलवल में महर्षि पतंजलि योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 10 दिवसीय योग विज्ञान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में धर्म पब्लिक स्कूल हुडा चौक पलवल के प्रांगण में गायत्री महामंत्र के उपरांत हुआ। लक्ष्मण सिंह देशवाल ने बताया कि योग शिविर दौरान 3000 हजार छात्र-छात्राओं ने लाभ उठाया। कार्यक्रम के मार्गदर्शक स्कूल डायरेक्टर पवन कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुआ तथा संयोजन डॉक्टर प्रभाकर कौशिक अकडमीक प्रबंधक सहसंयोजक डॉ विकास साद हथीन ने किया। अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल ज्योति डांगी ने किया। शिविर के दौरान योगाचार्य गुरमेश सिंह तथा अति सहयोगी लक्ष्मण सिंह देशवाल योगा कोच ने योग, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम, योगिंग जॉगिंग, आयुर्वेदिक व प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति पर पूरा जोर दिया। आचार्य ने छात्र-छात्राओं को याददास्त, लंबाई के विशेष गुर बताए तथा साथ ही योग, आध्यात्मिक जीवन को सहज और सरलता से जीने की कला भी बताई। जिसमें मानव शरीर में होने वाले भयानक असाध्य रोग तनाव, अनिद्रा, हाई ब्लड प्रेशर, स्ट्रेस, श्वसन तंत्र विकार, डायबिटीज, सर्वाइकल, सिर दर्द, पेट पीठ दर्द, हार्ट, लीवर, गुर्दे, किडनी से संबंधित रोगों के लिए योग प्राणायाम के द्वारा उपचार बताया। आचार्य गुरमेश सिंह ने आसन में ताड़ासन, त्रिकोणासन, उत्कटासन, पाद हस्तासन, पदमासन, चक्रासन, भुजंगासन, धनुरासन, नोकासन, वज्रासन, शलभासन, हलासन, शीर्षासन के साथ साथ प्राणायाम में कपालभाति, भस्त्रीका, अनुलोम विलोम, आंतरिक, शेतकरी, शीतली आदि कराए गए।

## सड़क हादसों में कपड़ा कारोबारी सहित दो की मौत, एक घायल

**फरीदाबाद।** अलग-अलग सड़क हादसों में कपड़ा व्यापारी व एक वृद्धा की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने सभी केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बल्लभगढ़-सोहना मार्ग पर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से कपड़ा कारोबारी की मौत हो गई। हादसे के दौरान कारोबारी एक शादी में शामिल होने जा रहे थे। कारोबारी की पहचान नंगला इंक्लेव-पार्ट एक निवासी सतवीर के रूप में हुई है। कारोबारी के छोटे भाई राम ने थाना मुजेसर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका कपड़ों का कारोबार है। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे बड़ा भाई सतवीर बाइक पर सवार होकर बल्लभगढ़ के कोराली गांव में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गए थे। राम ने भाई के मोबाइल पर कॉल किया तो अनजान व्यक्ति ने फोन उठाकर बताया कि हादसे में सतवीर घायल हो गया है। वह तुरंत मौके पर पहुंचे और भाई को लेकर पुलिस के साथ बीके अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरे मामले में जेसीबी चौक पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से वृद्धा वरकती (62) की मौत हो गई। वह पति और छह वर्षीय पोते के साथ बाइक से नूंह के गांव सिंगार से फरीदाबाद आ रही थी। वरकती के पति अलीहसन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बृहस्पतिवार शाम वह पत्नी वरकती और छह वर्षीय पोते के साथ गांव से फरीदाबाद आ रहे थे। जेसीबी चौराहे पर तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। घटना में ट्रक का एक पहिया वरकती के ऊपर से गुजर गया। हादसे के बाद ट्रक को छोड़कर भाग रहे चालक को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

## बुजुर्ग पर ट्रैक्टर चढ़ाकर हत्या का किया प्रयास

**पलवल।** हत्या की नीयत से बुजुर्ग पर ट्रैक्टर चढ़ाकर मारने का प्रयास किया। वहीं उसकी जमीन व मकान पर कब्जा करने की नीयत से मारपीट कर चाबी लूट कर घर से बाहर निकाल दिया व खेतों की जुताई कर दी। चांदहट थाना पुलिस ने बुजुर्ग की शिकायत पर आठ नामजद के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। चांदहट थाना प्रभारी दलबीर सिंह के अनुसार, घोड़ी गांव निवासी बीर सिंह ने दी शिकायत में कहा है कि उसके बेटे ओमप्रकाश व रिश्तेदार सुमन ने 21 कनाल दो मरला जमीन वीरवती से खरीदी थी। जिसमें एक मकान भी बना हुआ है, लेकिन उसके बडे बेटे राज कुमार से गांव के ही निवासी गौरव ने चाबी लूट ली और जबरदस्ती उनके मकान में सतबीर, हंसराज, मेहरचंद, गौरव, सोनू, मोनू, राजेश व यश घुस गए। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने उसके बेटे राजकुमार व पत्नी शांति देवी को घर से जबरदस्ती निकाल दिया और जान से मारने की धमकी देकर ताला लगा दिया। अब उक्त आरोपियों ने उनकी जमीन पर भी कब्जा करने की नियत से उनके खेतों की जुताई कर दी। पीडित ने जुताई करते समय जब ट्रैक्टर को रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की नियत से ट्रैक्टर को उसके ऊपर चढ़ाने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने कहा कि जिस तरह तुम्हारे मकान पर कब्जा किया है उसी प्रकार अब तुम्हारे खेतों पर भी कब्जा करेंगे। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## फरीदाबाद में कार में मिले नौ लाख रुपये

**फरीदाबाद।** पुलिस ने एक बलेनो कार से नौ लाख रुपए जब्त किए हैं। इतनी बड़ी रकम ड्राइवर ने अपनी कार में छिपा कर रखी थी। पुलिस पूछताछ में बताया कि वह दिल्ली में अपने रिश्तेदार के पास से रुपये लेकर आया है। फिलहाल पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। बरामद हुए लाखों रुपयों को ट्रेजरी में जमा कराया गया है। फरीदाबाद में कमिश्नर राकेश कुमार आर्य द्वारा लोकसभा चुनाव के चलते दिल्ली, गुरुग्राम, यूपी बॉर्डर एरिया से सटे इलाकों में शराब तस्करी व अन्य आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए सख्त नाकाबंदी के आदेश दिए हैं। पुलिस नाके पर चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक गाड़ी से नौ लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे उपनिरीक्षक अमर सिंह अपनी टीम के साथ फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड पर डंपिंग यार्ड के पास स्थित पुलिस नाके पर मौजूद थे जहां एक बलेनो गाड़ी पहुंची जिसे रोककर चेक किया तो उसके ड्राइवर सीट के नीचे से नौ लाख रुपये नकद बरामद किए गए। ड्राइवर से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि यह पैसे वह दिल्ली से अपने रिश्तेदारों से लेकर आया है। आरोपी को धोज थाने ले जाया गया जहां नकदी को ट्रेजरी में जमा करवाया गया है और आरोपी ड्राइवर के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की गई है।

## पुस्तकों के बिना किसी का सपना न रहे अधूरा : एसएस बांगा




**फरीदाबाद।** महंगाई के इस युग में पुस्तकों के दाम भी आसमान छू रहे हैं, ऐसे में कई गरीब बच्चे पुस्तकें नहीं खरीद पाते हैं। शहर के जाने-माने उद्योगपति व् ट्री-मैन के नाम से विख्यात विक्टोरा इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक सतिन्दर सिंह बांगा ने जरूरतमंद बच्चों को पुस्तकें भी निश्शुल्क उपलब्ध करवाने की पहल शुरू की। विक्टोरा इंडस्ट्रीज के निदेशक सतबीर सिंह बांगा के जन्मदिन के मौके पर उन्होंने पुस्तक बैंक स्थापित किया है। श्री बांगा ने बताया कि गरीब बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक अक्षमता अब आड़े नहीं आएगी, इसकी शुरुआत आज सेक्टर-55 स्थित राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर 55 में 100 बच्चों को पुस्तकें वितरित कर की। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतेंद्र सौरोत ने बताया कि पाठ्यक्रम के अतिरिक्त इंजीनियरिंग व मेडिकल आदि प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों को जिन पुस्तकों की जरुरत होती है वो काफी महंगी होती हैं।

# गुरुग्राम में गैंगस्टर ने अपने भाई पूर्व पार्षद के साथ मिल पड़ोसियों पर किया हमला


गुरुग्राम के धनवापुर गांव में गैंगस्टर व उसके भाई द्वारा पड़ोसियों पर किए गए हमले के बाद एकत्रित लोग।


धनवापुर गांव में गैंगस्टर व उसके भाई द्वारा पड़ोसियों पर किए गए हमले के बाद बिखरे पत्थर।


गुरुग्राम के धनवापुर गांव में गैंगस्टर व उसके भाई द्वारा पड़ोसियों पर किए गए हमले के दौरान तोड़ी गई गाड़ी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## धनवापुर गांव की है यह घटना, लाठी, डंडे, ईंट-पत्थरों से किया हमला

## हमले में कई गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हुई

## घटना के बाद क्षेत्र में काफी पुलिस बल तैनात

**धनवापुर** गांव में शुक्रवार की देर रात एक गैंगस्टर व उनके भाई पूर्व पार्षद ने अपने साथियों के साथ एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। उन्होंने ताबड़तोड़ लाठी, डंडे, ईंट, पत्थर बरसाए, जिसमें करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इस घटना में कई गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गई।

जानकारी के अनुसार धनवापुर क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात गांव के ही रहने वाले निवर्तमान पार्षद नवीन और उसके गैंगस्टर भाई सुनील उर्फ तोता ने अपने पड़ोसी परिवार पर जानलेवा हमला बोल दिया। यह हमला पुरानी रंजिश के चलते किया गया। इससे पहले कि पड़ोसी परिवार कुछ समझ पाता, हमलावरों ने एक के बाद एक करीब आधा दर्जन लोगों को अपने गुस्से का शिकार बनाया। उन पर लाठी, डंडे, ईंट-पत्थरों से हमला करके बुरी तरह से घायल कर दिया। उनका गुस्सा इतना अधिक था कि आसपास खड़ी 4 गाड़ियों को भी तोड़ डाला। इस दौरान आधा दर्जन के करीब फायर भी किए गए, लेकिन गनीमत रही कि इस दौरान किसी भी शख्स को गोली नहीं लगी। घटना के बाद वे मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इस घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की गंभीरता को देखते हुए काफी पुलिस बल गांव में तैनात कर दिया गया।

पीड़ित महेश दहिया, हिमांशु ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले निवर्तमान पार्षद नवीन दहिया ने अपने गैंगस्टर भाई सहित दर्जनों बदमाशों ने उनके घर पर अचानक पथराव करना शुरू कर दिया। जब उनको रोकने का प्रयास किया तो दिनेश दहिया के घर में घुसकर उनके परिवार के लोगों के साथ लाठी डंडों से मारपीट की। उन्होंने कई राउंड फायर भी किए गए।

एसीपी शिव अर्चन शर्मा ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि आपसी रंजिश के चलते यह वारदात हुई है। जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए है। पुलिस की प्राथमिक जांच में इस घटना के दौरान निवर्तमान पार्षद और उसके भाई सुनील उर्फ तोता के शामिल होने का शक है। धनवापुर गांव में पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं।

## सड़क हादसे में घायल अज्ञात युवक की उपचार के दौरान मौत

**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना एलिवेटड मार्ग पर भोंडसी के निकट अज्ञात वाहना की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। जिसे राहगिरों ने पास के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। घायल बाइक सवार ने गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सोहना की हरिओम कॉलोनी में रहने वाले सतन ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की रात करीब 10 बजे वह गुरुग्राम से सोहना आ रहा था। भोंडसी के पास एलिवेटेड मार्ग उसे एक युवक अचेत अवस्था में पड़ा हुआ नजर आया। उसने अपनी बाइक रोककर उक्त युवक की मदद करने के लिए रुक गया। अज्ञात युवक के शरीर पर गंभीर चोटे लगी हुई थी और चोटों से खून बह रहा था। जिससे उसने अन्य लोगों की मदद से पास के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। लेकिन प्राथमिक उपचार देने के बाद निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। जिसे सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। यहा से भी अज्ञात युवक को गुरुग्राम के सेक्टर दस भेज दिया। जहां उसकी शुक्रवार को उपचार के दौरान मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### गेहूं की खड़ी फसल समेत घरेलू सामान राख



**सोहना।** खंड के ग्रामीण क्षेत्र दो स्थानों पर हुई आगजनी की घटनाओं में गेहूं की फसल समेत घरेलू सामान के साथ ईंधन जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची अग्निशन विभाग की गाड़ियों से आग पर काबू पाया गया। शुक्रवार की शाम साढ़े 6 बजे खंड के गांव खरौदा में आबादी क्षेत्र के खाली प्लाट में रखा जरुरी सामान और बिटोडा, लकड़ी व उपले जल गए। यह खाली प्लाट यहा के निवासी राजाराम का था। आग लगने की सूचना गांव का ही निवासी दीपक ने पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुंची विभाग की दो गाड़ियों की मदद से आग को 15 से 20 मिनट में काबू कर लिया। उक्त आग में राजाराम का जरुरी सामान और बिटोरा, लकड़ी और उपले जल गए। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। आग की दूसरी घटना खंड के गांव सतलाका में घटित हुई। जहां गेहूं के पौना एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। यह आग रात करीब 7 बजे लगी। सोहना से करीब 18 किलोमीटर दूर पहुंची अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियों से आग को काबू किया गया। उक्त आग को शांत करने में अग्निशमन विभाग कर्मियों को एक से डेढ़ घंटा का समय लगा। घटना स्थल के आसपास लगते खेतों में खड़ी व लगे फसल के गादों को भी सुरक्षित किया गया।

### लायंस पब्लिक स्कूल में मनाया अभिनंदन समारोह



**गुरुग्राम।** लायंस पब्लिक स्कूल सेक्टर-10ए ने पिछले सत्र 2023-24 में अपनी अनुकरणीय उपलब्धियों के लिए अपने मेहनती छात्रों को सम्मानित करने और उनकी सराहना करने के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन लायन के.एस. ढाका, पूर्व चेयरमैन लायन डी.वी. तनेजा, वाइस चेयरमैन लायन सुधीर तनेजा और लायन भीम वासुदेव, सचिव लायन डॉ. सुनील सिंगला, पूर्व चेयरमैन लायन ए.सी. गोयल और स्कूल के प्रबंधक राजीव कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह की शुरुआत ज्ञान की देवी मां सरस्वती को श्रद्धांजलि स्वरूप दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। छात्रों द्वारा मधुर स्वर में स्वागत गीत गाया गया। प्रिंसिपल दीपिंदर कौर ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर सभा का स्वागत किया। उन्होंने पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी व उन्हें प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों को दो समूहों में सम्मानित किया गया। पहले समूह में नर्सरी से कक्षा प पांचवीं तक और दूसरे समूह में कक्षा सातवीं से कक्षा नौवीं तक के बच्चों को सम्मानित किया गया। इसमें 11वीं कक्षा के छात्र भी शामिल रहे। लगभग 508 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। छात्रों को विद्यालय के चारों सदनों द्वारा सत्र 2023-24 में जीती गई साहित्यिक, सांस्कृतिक ट्राफियां और खेल चैंपियन ट्रॉफी भी प्रदान की गई। ईओ एलपीएस रेनू वर्मा और वाइस प्रिंसिपल इंदु कौशिक ने इस आयोजन को यादगार बनाने वाले सभी को धन्यवाद किया।

# विद्यार्थियों ने गीतों, पोस्टर लेकर निकाली जनचेतना रैली


मतदान के प्रति जागरुकता के लिए रैली निकालते स्कूली बच्चे।

**लोकतंत्र** की यही पुकार, मत खोना अपना अधिकार, लोकतंत्र का भाग्य विधाता, हर एक जागरूक मतदाता आदि नारों के साथ जिला के राजकीय विद्यालयों में स्वीप अभियान के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। छात्र-छात्राएं गीतों, पोस्टर, जनचेतना रैली तथा भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से नागरिकों को वोट देने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

स्वीप के नोडल अधिकारी एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि जिला में मतदाता जागरुकता का अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। गुरुग्राम, फर्रूनगर, पटौदी आदि खंडों के राजकीय विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामीणों को वोट देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए 25 मई को मतदान होगा। इसलिए प्रत्येक वोटर इस तारीख को ध्यान में रखे और सारे काम छोडक़र सबसे पहले वोट डालने के लिए बूथ पर जाए।

## गुरुग्राम के सीएमओ डा. विरेंद्र यादव ने निजी चिकित्सकों की एक बैठक ली

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के सीएमओ डा. विरेंद्र यादव ने निजी चिकित्सकों की एक बैठक ली और उन्हें मतदान जागरूकता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों में मतदान के लिए प्रेरित करते हुए पोस्टर, बैनर, स्टैंडीज आदि लगाए जाएं। सभी डॉक्टर अपने स्टाफ को वोट देने के लिए प्रेरित करे। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जोनावास, हरसरू, बेगमपुर खटोला आदि में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को वोट के लिए प्रेरित किया।

# गुरुग्राम में 36 केन्द्रों पर 3 शिफ्ट में होगी यूपीएससी परीक्षा

**गुरुग्राम।** जिला गुरुग्राम में रविवार 21 अप्रैल को संघ लोक सेवा आयोग की आयोजित होने वाली सीडीएस, एनडीए व नेवल एकेडमी परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एडिशनल लेबर कमिश्नर (एएलसी) कुशल कटारिया ने संबंधित सेंटर सुपरवाइजर व ड्यूटी मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। रविवार 21 अप्रैल को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा 3 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला में 36 केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सीडीएस परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण सुबह 09 बजे से 11 बजे तक, दूसरा चरण दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक व तीसरा चरण दोपहर 03 बजे से सांय 05 बजे तक होगा। वहीं एनडीए व नेवल एकेडमी परीक्षा के लिए प्रथम चरण सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक व दूसरा चरण दोपहर 2 बजे से सांय 4.30 बजे तक रखा गया है। इस परीक्षा में 36 केंद्रों पर 12156 विद्यार्थी भाग लेंगे। एएलसी कुशल कटारिया ने कहा कि यह काफी संवेदनशील कार्य है, जिसे सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है।

# राजकीय कन्या विद्यालय गुड़गांव गांव में लगाया गया वाटर कूलर


गुड़गांव गांव के शहीद लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वाटर कूलर भेंट करते समाजसेवी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुड़गांव** गांव के समाजसेवी स्वर्गीय भगत सिंह कटारिया की पुण्य तिथि पर उनकी याद में उनके सुपुत्र गुरुग्राम बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव कमलजीत कटारिया ने एक वाटर कूलर शहीद लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुड़गांव गांव में लगवाया।

शनिवार को इसका उद्घाटन स्कूल की प्रधानाचार्य संगीता शर्मा व गुड़गांव गौरव रत्ना जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष अजय शर्मा, लायंस क्लब के अध्यक्ष दीपक कटारिया एडवोकेट, कमलदीप गौड़ एडवोकेट, ऋषि शर्मा, राही फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष हंसराज शर्मा, गंगा जीवन फाउंडेशन की निदेशक रितु कटारिया चौधरी, राजेश कुमार लखेरा, सुभाष यादव, संजय कुमार आदि मौजूद थे। समाजसेवी भगत सिंह कटारिया की याद में प्रतिवर्ष जल सेवा के रूप में वाटर कूलर सरकारी स्कूलों में लगाया जाता है। इससे पूर्व भी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल विद्यालय में लगाया गया था। प्रधानाचार्य संगीता शर्मा ने कहा कि ऐसे व्यक्तित्व समाज में कम ही होते हैं। जिनकी याद में उनके परिवार के लोग प्रत्येक वर्ष वाटर कूलर योग्य बच्चों के लिए लगवा रहे हैं। ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय भगत सिंह कटारिया जी श्री शीतला माता के परम भक्त थे। उन्होंने अपने जीवन काल में बहुत सारे सामाजिक कार्य किए हैं।

# दमकल कर्मचारियों ने मॉक ड्रिल में दिखाए करतब, शहर में निकाला रोड शो

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सेक्टर-29** स्थित अग्निशमन विभाग परिसर में अग्निशमन सेवा सप्ताह का रविवार को समापन किया गया। शहीद अग्निशमन अधिकारियों, कर्मचारियों की याद में मनाया जाने वाला अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया गया। सप्ताह के अंतिम दिन शनिवार को अग्निशमन कर्मचारियों ने विभिन्न तरीकों से आग बुझाने का प्रदर्शन किया।

14 अप्रैल 1944 को मुंबई में डाक यार्ड में लगी भयंकर आग को बुझाते हुए 66 दमकलकर्मी वीरगति को प्राप्त हुए थे। इसलिए हर साल 14 अप्रैल के दिन को अग्निशमन सेवा दिवस एवं 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। इस सप्ताह के दौरान अग्निशमन सेवाओं में एयर फोर्स स्टेशन 54 एएसपी गुरुग्राम, एयर फोर्स स्टेशन वायरलैस, एयर फोर्स स्टेशन रजोकरी दिल्ली, एयर फोर्स स्टेशन अर्जनगढ़ दिल्ली, डीएलएफ फायर सर्विस, डीएलएफ सिटी फेस-3 एवं 5, मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड, मेदांता मेडिसिटी, एएसएफ लिमिटेड, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्रा. लि., सुजूकी मोटर साइकिल, हल्दीराम, आयरिया मॉल आदि की दमकल गाड़ियों ने सेक्टर-29 फायर स्टेशन परिसर में मॉक ड्रिल में भाग लिया। इस दौरान दमकल विभाग गुरुग्राम व अन्य सभी अग्निशमन सेवाओं ने विभिन्न अग्निशमन उपकरणों का प्रदर्शन किया। फायर फाइटिंग की फायर ड्रिल की गई। इस अवसर पर तकनीकी उन-निदेशक गुलशन कालड़ा द्वारा दमकल सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दमकल कर्मचारियों उप-दमकल कंद्र अधिकारी रामकेश व मदन सिंह, मुख्य अग्निशामक संजीत, अग्निशामक जोगिंद्र, नरेंद्र, जयबीर, मोनू सिंह, पुष्पेंद्र, रणबीर, पवन कुमार, प्रदीप कुमार, फायर चालक अनिल कुमार, फायर ऑपरेटर राजू तंवर, हेमंत, अजय, स्वयं सेवक श्रेय चोपड़ा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।


सेक्टर-29 स्थित अग्निशमन विभाग परिसर में अग्निशमन सेवा सप्ताह के समापन पर मॉकड्रिल करते कर्मचारी।

इसके बाद उपनिदेशक तकनीकी गुलशन कालड़ा ने फायर गाड़ियों को रोड शो के लिए रवाना किया। इस अवसर पर दमकल केंद्र अधिकारी जयनारायण सेक्टर-37, दमकल केंद्र अधिकारी प्रशिक्षण केंद्र मानेसर सुनील अदलखा, दमकल केंद्र अधिकारी सेक्टर-29 नितीश भारद्वाज, दमकल केंद्र अधिकारी भीम नगर रमेश सैनी, दमकल केंद्र अधिकारी उद्योग विहार रामकरण शर्मा मौजूद रहे।

## श्री साईं धर्म मंदिर के तत्वाधान में आयोजित होगा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विशाल भंडारा

**फिरोजपुर झिरका।** श्री साईं धर्म मंदिर समिति के तत्वाधान में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विशाल भंडारे का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को भव्य बनाने के लिए मंदिर समिति के लोगों ने बड़े पैमाने पर तैयारी कर रहे है।श्री साईं धर्म मंदिर कार्यकारिणी समिति के लोग मनीष कुमार, नितिन चावला, कैलाश कथूरिया, हरीश लूथरा, बंटू कुमार, प्रवीण सैनी, विष्णु मित्तल, सोनू छाबड़ा आदि ने जानकारी देते हुए बताया कि गढ़ अंदर नजदीकी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास स्थित श्री साईं धर्म मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम समयनुसार चौबीस तारीख बुधवार सुबह आठ बजे गणेश पूजन किया जाएगा। इसके उपरांत सुबह नौ बजे श्री सीताराम जी बगीची से महिला कलश यात्रियों के साथ मंदिर प्रांगण में प्रतिष्ठित होने वाली मूर्तियों का नगर भ्रमण ढोल नगाड़े एवं बैंड बाजे के साथ किया जाएगा।

### फाइव स्टार होटल पर नगर निगम ने लगाया 25 हजार रुपये जुर्माना




**गुरुग्राम।** ठोस कचरा प्रबंधन की अवहेलना करने पर नगर निगम गुरुग्राम ने फाइव स्टार होटल पर 25 हजार रुपये जुर्माना ठोंका है। सरकार द्वारा लागू ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की पालना सुनिश्चित करवाने की दिशा में नगर निगम गुरुग्राम द्वारा प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत निगम टीमें विभिन्न होटल, मॉल्स आदि का निरीक्षण कर रही हैं तथा नियमों की अवहेलना पाए जाने पर कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को सफाई निरीक्षक जितेन्द्र कुमार सेक्टर-29 स्थित फाइव स्टार होटल वेस्टिन पहुंचे। यहां जांच के दौरान उन्होंने पाया कि होटल प्रबंधन द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन नियमों पूरी तरह से दरकिनार किया जा रहा है। यहां पर ना तो कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित किया जा रहा है और ना ही कचरा निष्पादन की कोई व्यवस्था पाई गई। टीम ने मौके पर ही होटल प्रबंधन पर ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की अवहेलना करने के मामले में 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ ने कहा कि अपने यहां ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की पालना सुनिश्चित करें। इस नियम के तहत बल्क वेस्ट जनरेटरों को उनके यहां से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग करके उसका स्वयं के स्तर पर अपने ही परिसर में निष्पादित करना अनिवार्य है। नियम के तहत 50 किलोग्राम या इससे अधिक कचरा उत्पन्न करने वाले रिहायशी परिसर, होटल, रेस्टोरेंट, मैरिज पैलेस, औद्योगिक व संस्थागत इकाइयों की यह जिम्मेदारी तय की गई है। सभी अपनी जिम्मेदारियों का पालन करें तथा स्वच्छ गुरुग्राम में सहयोग दें।

### लिफ्टिंग में देरी कर रहे ठेकेदारों के खिलाफ होगी कार्रवाई



**गुरुग्राम।** जिला की अनाज मंडियों से फसल के उठान कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई ना बरती जाए, अन्यथा इसके लिए जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा है कि मंडियों में लेबर और लिफ्टिंग के जो ठेकेदार ठीक से काम नहीं कर रहे हैं, उनका काम रोककर नए ठेकेदारों को अवसर दिए जाएं। हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद के साथ वीडियो कांफ्रेंस करने के बाद डीसी शनिवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला के प्रशासनिक अधिकारी, मार्केटिंग बोर्ड, खाद्य एवं पूर्ति विभाग तथा खरीद एंजेसियों के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। वीडियो कांफ्रेंस में मुख्य सचिव ने सभी जिला उपायुक्त को मंडियों से फसल का उठान तेजी से करवाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जे फार्म कटने के बाद 72 घंटों में किसान की फसल का भुगतान होना चाहिए। वीसी के बाद डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि फसल उठान का कार्य तेजी से किया जाना चाहिए। मंडियों में स्टॉक पड़ा रहा तो इससे खरीद का काम प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि जो ठेकेदार उठान के काम में देरी कर रहे हैं, उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। हेलीमंडी, फर्रूखनगर, सोहना की मंडी में अभी तक 32 हजार 388.05 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हुई है। इसमें से 16 हजार मीट्रिक टन सरसों अभी मंडियों में है, जिसकी अगले दो दिनों में तीव्रता से लिफ्टिंग करवाई जाए।

# मुंबई यूनिवर्सिटी और वीस्कूल में होगी मंदिर प्रबंधन की पढ़ाई

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

**मंदिर** प्रबंधन पाठ्यक्रमों को बेहतर करने और लोगों को मंदिरों के प्रबंधन एवं प्रशासनिक कार्यों में वैज्ञानिक पद्धतियों के प्रयोग के महत्व के बारे में बताने की दिशा में अहम् पहल की गयी है। मुंबई यूनिवर्सिटी और शिक्षण प्रसारक मंडली, पुणे के प्रिन. एल. एन. वेलिंगकर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट डेवलपमेंट एंड रिसर्च (वीस्कूल) ने मंदिरों की व्यवस्था को बेहतर करने की दिशा में समर्पित टेम्पल कनेक्ट के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है।

इस समझौते के तहत टेंपल कनेक्ट का उद्देश्य मुंबई यूनिवर्सिटी और वीस्कूल के साथ मिलकर नए तरीके से तैयार किए गए टेंपल मैनेजमेंट एजुकेशन इकोसिस्टम के माध्यम से प्रतिभागियों को सीखने का मौका देना है। इसके अंतर्गत 6 महीने, 12 महीने और 2 साल की अवधि में क्रमशः सर्टिफिकेट, एडवांस सर्टिफिकेट और डिप्लोमा प्रोग्राम कराए जाएंगे। इसमें हैंड्स-ऑन एक्सपीरियंस और ऑनलाइन मोड, दोनों विकल्प मिलेंगे। पाठ्यक्रम में प्रबंधन के अलग-अलग पहलुओं, जन प्रबंधन, सामाजिक-सांस्कृतिक प्रबंधन, डिजाइन ओरिएंटेशन, सस्टेनेबिलिटी, भारतीय ज्ञान व्यवस्था, समावेश, कानूनी



अनुपालन और मंदिर प्रबंधन में सूचना एवं प्रौद्योगिकी के प्रयोग जैसे विषयों को शामिल किया जाएगा। भीड़ प्रबंधन और एसेट मैनेजमेंट भी इसका हिस्सा हैं। अभी इसके लिए न्यूनतम अर्हता स्नातक (ग्रेजुएशन) रखी गई है। आने वाले समय में 10वीं और 12वीं करने के बाद भी इसमें प्रवेश का मौका दिया जाएगा। टेंपल कनेक्ट और आईटीसीएक्स के संस्थापक गिरीश कुलकर्णी ने कहा, 'हमारा लक्ष्य मंदिरों की व्यवस्था एवं उनके प्रबंधन के बारे में जागरूकता लाना है। हम मंदिरों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रयासरत हैं।' उन्होंने कहा कि, मुंबई यूनिवर्सिटी और वीस्कूल पहले प्रबंधन संस्थान हैं, जिन्होंने डॉ. कुलकर्णी और डॉ. सालुंखे के नेतृत्व में महाराष्ट्र के बड़े मंदिरों का अध्ययन किया है, जिससे पाठ्यक्रम तैयार करने में मदद मिली। इन्हीं पाठ्यक्रमों को संस्थानों के मुंबई कैंपस में लॉन्च किया जाएगा।'

# मेडी-क्यूटिस क्लिनिक द्वारा अब नॉर्थ दिल्ली में भी इटली की क्वांटम सिस्टम से क्यू स्विच तकनीक की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**आज** के इस दौर में भगति दौड़ती जिंदगी में खुद को उप टू डेट रखना और खुद को रेप्रेसेंटाब्ले दिखना बहुत बड़ा चैलेंज हो गया है। आज के युवाओं में सन बर्न, झाइयां, डार्क सर्कल्स, टैटू रिमूवल आदि से दो चार होना पड़ता है। इसी समस्या से निजात दिलाने के लिए उत्तरी दिल्ली के प्रशांत विहार स्थित मेडी-क्यूटिस क्लिनिक द्वारा इटली की क्यू स्विच तकनीक वाली क्वांटम सिस्टम का शुभारंभ किया गया। इस तकनीक से उत्तरी दिल्ली के सभी लोगो को स्किन से जुड़ी बीमारियों एवं टैटू रिमूवल, पुराने चोट के निशान, आदि को सफलता के साथ साथ किफायती दरों पर उपलब्ध होगा। मेडी-क्यूटिस द्वारा स्किन, हेयर, एंटी-एजिंग, हाइड्राफैसियल, पीआरपी, मुँहासे, ढ्क्क ग्लूटाथिओन इंजेक्शन, लेजर हेयर रिमूवल, मधुमेह, थायराइड आदि के सफल इलाज की सुविधा है। क्यू-प्लस सीरीज़ - ईवीओ फैमिली एक लेज़र प्लेटफ़ॉर्म है जो अधिकतम बहुमुखी प्रतिभा के लिए प्रत्येक उपयोगकर्ता की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से अनुकूलित करने के लिए 6 अलग-अलग कॉन्फ़िगरेशन में उपलब्ध है। एक ही प्रणाली में दो अलग-अलग लेजर स्रोतों को सम्मिलित करना संभव है- शुद्ध क्यू-स्विच या हाइब्रिड क्यू-स्विच/स्पंदित। क्यू-प्लस सीरीज़ उपचारों की एक बड़ी श्रृंखला को पूरा करने के लिए आदर्श समाधान है, जिसमें सौम्या रंजित घावों को हटाना, टैटू हटाना, त्वचा का पुनरुत्थान, संवहनी घावों और बालों को हटाने के उपचार शामिल हैं। क्यू-प्लस सीरीज़ शक्तिशाली क्यू-स्विचिंग तकनीक पर आधारित बाजार में एकमात्र हाइब्रिड लेजर डिवाइस है जिसे स्पंदित लेजर के साथ भी कॉन्फ़िगर किया जा सकता है।

# राजनीतिक दल व उम्मीदवार डूज एंड डोंट्स का कड़ाई से करें अनुपालन

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

## चुनाव के दौरान अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड व कार्यों तक सीमित हो



**जिला** निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा आम चुनाव में राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों के लिए चुनाव के दौरान क्या करें और क्या न करें यानी डूज एंड डोंट्स के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों का चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक अनुपालन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों द्वारा किसी अन्य दल या उम्मीदवार की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्यों तक ही सीमित रहनी चाहिए। इसके अलावा, शांतिपूर्ण और अविवेकपूर्ण घरेलू जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार की पूरी तरह से रक्षा की जानी चाहिए। स्थानीय पुलिस अधिकारियों को पूरी तरह से सूचित किया जाना चाहिए और प्रस्तावित बैठक के समय व स्थान की आवश्यक अनुमति समय रहते सही तरीके से ली जानी चाहिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित बैठक के स्थान पर यदि कोई प्रतिबंधात्मक या निषेधात्मक आदेश लागू है तो उन आदेशों का सम्मान किया जाना चाहिए। इसी प्रकार, प्रस्तावित बैठकों के लिए लाउडस्पीकर या ऐसी किसी अन्य सुविधा के उपयोग के लिए अनुमति प्राप्त की जानी चाहिए और बैठकों में गड़बड़ी या अव्यवस्था पैदा करने वाले व्यक्तियों से निपटने में पुलिस सहायता प्राप्त की जानी चाहिए। किसी भी जुलूस को शुरू करने और समाप्त करने के समय व स्थान तथा मार्ग को अग्रिम रूप से फाइनल किया जाना चाहिए और पुलिस अधिकारियों से पूर्व अनुमति प्राप्त करनी चाहिए। जुलूस के कारण संबंधित मार्ग पर यातायात बाधित नहीं किया जाना चाहिए।

**चुनाव की पवित्रता व पारदर्शिता के लिए राजनीतिक दल व उम्मीदवार नकद लेन-देन से बचें :** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा वित्तीय या अन्य किसी प्रकार का कोई प्रलोभन मतदाता को नहीं दिया जाना चाहिए। मतदाताओं की जाति या सांप्रदायिक भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जानी चाहिए और न ही कोई ऐसी गतिविधि जो मौजूदा मतभेदों को बढ़ा सकती है या विभिन्न जातियों, समुदायों, धार्मिक और भाषायी समूहों के बीच आपसी द्वेष पैदा करती हो या तनाव पैदा करती हो, ऐसी कोई गतिविधि नहीं की जानी चाहिए।

चुनाव की पवित्रता व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नकद लेन-देन से बचें और अपने उम्मीदवारों, एजेंट, कर्मियों और पदाधिकारियों को निर्देश दें कि चुनाव के दौरान वे बड़ी मात्रा में नगद राशि अपने साथ न रखें। इसके अलावा, अन्य राजनीतिक दलों या उम्मीदवारों द्वारा आयोजित सार्वजनिक बैठकों या जुलूसों में बाधा नहीं डालनी चाहिए। अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा लगाए गए पोस्टरों को हटाना या विकृत नहीं किया जाना चाहिए। वाहनों पर रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक लाउडस्पीकरों का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

**शांतिपूर्ण व व्यवस्थित मतदान के लिए चुनाव अधिकारियों का करें सहयोग :** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शांतिपूर्ण और व्यवस्थित मतदान के लिए सभी चुनाव अधिकारियों को सहयोग करें। चुनाव में लगे सभी राजनीतिक कार्यकर्ताओं को बैज या पहचान-पत्र दिखाएं। मतदाताओं को जारी अनौपचारिक पहचान पर्ची सादे (सफेद) कागज पर होनी चाहिए और जिस पर पार्टी का कोई नाम और निशान या उम्मीदवार का नाम नहीं होना चाहिए। प्रचार अभियान की अवधि के दौरान और मतदान के दिन वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध का पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए। चुनाव के संचालन के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या को निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षक, रिटर्निंग अधिकारी, जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट, मुख्य निर्वाचन अधिकारी या भारत निर्वाचन आयोग के संज्ञान में लाया जाना चाहिए। चुनाव से संबंधित सभी मामलों में निर्वाचन आयोग या रिटर्निंग ऑफिसर या जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश या दिशा-निर्देशों की कड़ाई से अनुपालना की जाए।

## मतदाता वोट व मतदान केंद्र की जानकारी के लिए डायल करें 1950

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा है कि मतदाता अपने वोट एवं मतदान केंद्र के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए चुनाव आयोग की वेबसाइट एवं हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं। यदि कोई पात्र व्यक्ति अपना वोट बनवाना चाहता है या कोई मतदाता अपने वोट को दूसरी जगह ट्रांसफर करवना चाहता है तो वे 26 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि मतदान सभी मतदाताओं का अधिकार है। प्रत्येक मतदाता को इस अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके प्रत्येक मतदाता स्वयं को गौरवांवित महसूस करें। लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत होता है। चुनाव आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करवाया जा रहा है। आदर्श आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक जारी रहेगी। यदि किसी नागरिक को कही पर भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नजर आता है तो वे इसकी शिकायत हेल्पलाइन नंबर 1950 तथा सी-विजिल ऐप पर कर सकते है। सी-विजिल ऐप पर प्राप्त शिकायत का मात्र 100 मिनट में निपटारा सुनिश्चित करना होता है।

# तावडू की बेटी डॉ. पायल कनोडिया को फिर मिला सम्मान

## द इंडियन ब्रांड एंड लीडरशिप कॉन्क्लेव 2024, गोवा में लीडर ऑफ होप अवार्ड से सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



**मूल** रूप से नूंह जिले की तावडू नगर की रहने वाली वरिष्ठ महिला उद्यमी एवं एम श्री एम की फाउंडेशन की ट्रस्टी डॉ पायल कनोडिया को एक बार फिर बड़ा सम्मान मिला है। हाल ही में भारतीय वाणिज्य उद्योग महासंघ की महिला शाखा में फिक्की लेडिस ऑर्गेनाइजेशन दिल्ली चैप्टर में तावडू की बेटी डॉ पायल कनोडिया को वर्ष 2024-25 के लिए नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। अब उन्हें गोवा के हयात सेंट्रिक में आयोजित इंडियन ब्रांड एंड लीडरशिप कॉन्क्लेव 2024 में को प्रतिष्ठित लीडर ऑफ होप अवार्ड से सम्मानित किया गया है। जबकि उनकी संस्था को सोशल इंपैक्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया है।बेटी की और उसकी संस्था की उपलब्धि पर क्षेत्र वासियों ने गौरान्वित महसूस करते हुए उन्हें बधाई दी है।

संस्था प्रबंधन की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक ये सम्मान भारत में सामाजिक सुधार और नेतृत्व की दिशा में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए दिया गया है। संस्था के अध्यक्ष ऐश्वर्या महाजन ने इस मौके पर पहुंच यह अवार्ड ग्रहण किया था, जो उन्हें बॉलीवुड पॉप सिंगर एवं कंपोजर शिबानी कश्यप के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु, मधुर भंडारकर, पद्मश्री अवर्डी, इंडियन फिल्ममेकर एंड स्क्रिप्ट राइटर, दिगाम्बर कामत, पूर्व मुख्य मंत्री आदि मौजूद रहे।इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों के लिए चयन प्रक्रिया ब्रांड मीडिया टीम द्वारा तीन चरणों के माध्यम से सावधानीपूर्वक संचालित की गई थी।जिसमें व्यापक दृष्टिकोण के साथ साथ माध्यमिक और प्राथमिक अनुसंधान पद्धतियों को शामिल करने वाले कठोर पैरामीटर शामिल थे, जो नामांकित व्यक्तियों के प्रभाव और नेतृत्व गुणों का गहन मूल्यांकन कर सुनिश्चित किया गया।डॉ पायल कनोडिया की टीम द्वारा संचालित संस्था ने समाज सेवा के कार्य में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई है। सोशल इम्पैक्ट अवार्ड उनके शिक्षा,स्वास्थ्य देखभाल और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में अथक प्रयासों को देखते हुए मिला है। जिससे देश भर में अनगिनत व्यक्तियों के जीवन में गहरा बदलाव आया है। इस उपलब्धि पर डॉ. पायल कनोडिया ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बेहद खुशी है की एमश्री एम फाउंडेशन को पुरस्कार से नवाजा गया है।जो इस बात का प्रमाण है की उन्होंने सकारात्मक पहलुओं के माध्यम से समाज कल्याण के लिए कोशिश की है। जिसमें वह सफल भी रहे है।

बता दें, हाल ही में फिक्की की महिला शाखा, यंग फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन , दिल्ली ने डॉ. पायल कनोडिया को वर्ष 2024-25 के लिए नया चेयरपर्सन नियुक्त किया है। डॉ. पायल कनोडिया एमश्रीएम फाउंडेशन की चेयरपर्सन और ट्रस्टी और एम3एम ग्रुप में प्रमोटर हैं। डॉ. पायल ने आजीविका के अवसरों में सुधार, युवाओं को कुशल बनाने, साक्षरता, सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण, पर्यावरण एवं वन्य जीवन संरक्षण और उद्यम विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक मिलियन लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है।

# सीमा त्रिखा को राज्य शिक्षा मंत्री बनाए जाने पर जिला आइटी प्रभारी जतिन बुसरी ने की शिष्टाचार भेंट

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**सीमा** त्रिखा को हरियाणा राज्य शिक्षा मंत्री बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर हरियाणा की शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार सीमा त्रिखा के निवास स्थल पर बधाइयां देने वालों लोगों का तांता लगना शुरू हो गया है। इसी कड़ी में जिला नूंह भाजपा आईटी सेल अध्यक्ष जतिन बुसरी एवं उनके साथी उनके निवास स्थल फरीदाबाद पहुंचे और फूलों से बना पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिवादन किया और भगवान श्री गणेश की मूर्ति भेंट स्वरूप प्रदान की।

जतिन बुसरी ने बताया कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा सीमा त्रिखा को प्रदेश की शिक्षा मंत्री बनाए जाने पर हरियाणा के शिक्षा प्रणाली में कई अहम बदलाव होंगे। अब लोगों का रुझान साक्षरता की तरफ बढ़ेगा। जिला नूंह मेवात के स्कूलों में काफी लंबे समय से ड्रॉप आउट की समस्या रही है। अब सीमा त्रिखा का प्रदेश की राज्य शिक्षा मंत्री बनने पर बच्चों के ड्रॉप आउट पर काफी अंकुश लगेगा। हरियाणा के हर सरकारी स्कूलों में गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान होगी। जिसकी वजह से अति पिछड़ा मेवात क्षेत्र भी साक्षरता की दर में आगे रहेगा। जबकि इससे पूर्व भी भाजपा कार्यकाल में मेवात कई सरकारी स्कूल अपग्रेड हुए है। ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने में कोई दिक्कत न हो सके। इसके अलावा प्रदेश कि भाजपा की सरकार ने परीक्षाओं में नकल पर नकेल कसकर हरियाणा की शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने का कार्य किया है। इस मौके पर पंजाबी समाज के अध्यक्ष तिलक राज मुंजाल, भाजपा जिला संयोजक नरेंद्र सरदाना, भाजपा मंडल कार्यकारिणी सदस्य हरीश नागपाल आदि मौजूद रहे।



फूलों से बना पुष्पगुच्छ देकर सीमा त्रिखा का अभिवादन करते जतिन बुसरी एवं उनके साथी।

# मेवात के सलमान ने एशियाई रोविंग कप में भारत को दिलाया स्वर्ण पदक

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



**नूंह** मेवात के तावडू नगर में रहने वाले भारतीय सेना जवान सलमान खान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की पुरुष वर्ग डबल शक्ल रोविंग स्पर्धा में देश को स्वर्ण पदक दिलाने में योगदान दिया है। सलमान की इस उपलब्धि को सराहते हुए क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी है। वर्ष 2024 एशियाई रोविंग कप प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 21 अप्रैल तक साउथ कोरिया के चुंगजू शहर में हुआ था।

भारतीय रोविंग फेडरेशन ऑफ इंडिया पेज से मिली जानकारी के मुताबिक साउथ कोरिया के चुंगजु शहर में रोविंग एशिया कप- 2024 का आयोजन हुआ था।जिसमें पुरुष वर्ग के डबल्स में भारत की ओर से नितिन देओल और सलमान खान ने भाग लिया। जिसमें भारत के अलावा कोरिया,इंडोनेशिया कजाकिस्तान,इराक, समेत नौ देशों के रोविंग प्रतिस्पर्धा के खिलाड़ियों ने अपने अपने देशों की ओर से भाग लिया था। दो हजार मीटर की प्रतियोगिता में उनकी जोड़ी ने सभी को पछाड़ते हुए 6 मिनट 35 सेकंड व कुछ समय में पूरा करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। बता दे कि भारतीय सेवा के जवान सलमान तावडू नगर के रहने वाले हैं। वह लंबे समय से राष्ट्रीय स्तर के शिविर में जुड़कर तैयारी में जुटे हुए थे। इससे पहले भी उन्हें एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिल चुका है।जबकि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सलमान कई बार पदक हासिल कर चुके हैं।बीते 24 मार्च को वह भारतीय दल के साथ साउथ कोरिया में हुए रोविंग कप प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुए थे।

# वोट लेने के लिए एक खेत में लामणी और दूसरा मंडी में पल्लेदारी कर रहा है : अभय सिंह

**कुरुक्षेत्र/पिहोवा।** इनेलो के लोकसभा उम्मीदवार अभय सिंह चौटाला ने शनिवार को पिहोवा हलका के दर्जन भर गांवों के दौरे किए और जनसभाओं को संबोधित इनेलो के पक्ष में वोट डालने की अपील की। सभी गांवों में पहुंचने पर लोगों ने इनेलो नेता का जोरदार स्वागत किया। अपने संबोधन में अभय सिंह चौटाला ने कहा कि मोदी ने 3 बड़े वायदे किए थे। पहला कांग्रेस वाले जो काला धन विदेशों में ले गए थे, उसे वापिस लाएंगे और 15 लाख रूपए सभी के खाते में डलवांएगे। दूसरा वादा किसान के साथ किया कि एमएसपी का कानून बनाएंगे और स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू करेंगे और 2022 तक फसलों के दाम दोगुना कर देंगे। तीसरा वादा देश के युवाओं से किया था कि हर साल 2 करोड़ नौकरी देंगे। आज तक न तो 15 लाख रूपए किसी के खाते में आए, न ही एमएसपी पर कानून बना और न ही 10 साल में जो 20 करोड़ बच्चों को नौकरी देनी थी वो दी। आज बेरोजगारी का आलम यह हैं कि हर गांव से सैंकड़ों की तादाद में युवा अपने माता-पिता को जमीन बेचने पर मजबूर करते हैं और उसको बेच कर विदेश जा रहे हैं। सारसा गांव में लोगों ने बताया कि उनके गांव से 700 युवा विदेश जा चुके हैं। मोदी की सारी गारंटियां फेल हो गई। अब तो मोदी की सिर्फ महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और पूंजीपतियों को अमीर करने की गारंटी है। अब अगर गलती से इनका राज फिर से बन गया, तो ये देश का संविधान बदल देंगे। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि गारंटी तो चौ. देवीलाल की थी। जहां मोदी ने एक भी वादा पूरा नहीं किया, वहीं इस देश में अगर किसी ने अपने वादे पूरे किए, तो वे चौ. देवीलाल थे। चौ. देवीलाल ने सौ रूपए पेंशन देने का वादा किया था और बुजुर्गों का ऐसा इंतजाम कर दिया कि वो सौ रूपए वाली पेंशन आज 3 हजार रूपए हो गई, जो हर साल बढ़ेगी, जिसे कोई काट नहीं सकता।

## पायनियर क्लासीफाइड

### नाम परिवर्तन

I, Darshan Kumari W/o Jai Dayal Gaba R/o 3-A-WH/47, NIT Faridabad, have changed my name to Darshana Gaba.

I, Prem Chand S/o Manohar Lal R/o 6114-A, H.B. Colony, Pocket-1, Sector-3, Ballabgarh, Faridabad, have changed my name to Prem Chand Jatrana.

I, Himanshu S/o Madan Lal R/o House No. FCA-309, Block-C, SGM Nagar, NIT, Faridabad, HR, have changed my name to Himanshu Arora.

I, Meena Mendiratta W/o Sh. Mukesh Mendiratta R/o H.No. 2H/95, NIT Faridabad, HR, my son Jai Mendiratta date of Birth is 25/04/2009.

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत खेड़ी दहिया में देवता वाला तालाब की बोली मत्सय पालन हेतु 08 वर्ष के लिए दिनांक 03.05.2024 को दोपहर 12.00 बजे SC चौपाल में की जाएगी। बाकि सभी शर्ते मौके पर बता दी जाएगी।

सरपंच, ग्राम पंचायत
खेड़ी दहिया, सोनीपत

# धूमधाम के साथ मनाई जाएगी श्री श्याम परिवार महासंघ की रजत जयंती

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

## रजत जयंती कार्यक्रम में भारतवर्ष के श्याम प्रेमियों का आतिथ्य सत्कार एवं श्याम प्रभु का संकीर्तन

**श्री श्याम** परिवार महासंघ ब्रज मेवात राठ के पच्चीस साल पूरे होने पर 12 मई को रजत जयंती बड़े धूमधाम के साथ मानने जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को भव्य मानने को लेकर श्री श्याम परिवार महासंघ ब्रज मेवात राठ के संरक्षक ललित मोहनाचार्य की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया।

वहीं श्री श्याम परिवार महासंघ के अध्यक्ष मनोज तायल ने जानकारी देते हुए बताया की इस धार्मिक कार्यक्रम आयोजन भरतपुर में भारत वर्ष के सभी श्याम प्रेमियों का आतिथ्य सत्कार किया जाएगा। ताकि भारतवर्ष के आमंत्रित सभी श्याम प्रेमियों से मित्रवत एवं आत्मीय संपर्क बने रहने की इच्छा में श्याम प्रभु का विशाल संकीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें कोलकाता, दिल्ली , जयपुर, कानपुर सहित प्रख्यात भजन गायक शामिल होंगे।इसके अलावा देश भर से श्याम परिवार से जुड़े भक्तजन आएंगे। इसकी तैयारी बैठक गुरुवार को सिद्देश रिसॉर्ट में सुबह 9.30 बजे आयोजित की गई है।जिसमें परिवार से जुड़ी सभी इकाईयों के प्रमुख पदाधिकारी शिरकत करेंगे।और कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में प्रेम पीठ के पीठाधीश्वर ललित मोहन विशेष रूप से शामिल होंगे। प्रवक्ता सुमित सरिया वाला ने बताया कि ब्रज, मेवात और राठ क्षेत्र में खाटू नरेश की महिमा के प्रचार-प्रसार में श्याम परिवार महासंघ का विशेष योगदान रहा है।

श्याम परिवार महासंघ की ओर से फाल्गुन मास में संकीर्तनों की श्रंखला का आयोजन किया जाता है। साथ ही सामाजिक सेवा कार्य भी किए जाते हैं। इस साल रजत जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को बैठक में साल भर के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी और इस भव्य कार्यक्रम को लेकर आगामी 1 मई को दोबारा एक बैठक का आयोजन किया जाएगा।



जुबली संकीर्तन कार्यक्रम को लेकर बैठक करते श्री श्याम परिवार महासंघ के लोग।

# भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन ने कार्यकर्ता बैठक में लोकसभा चुनाव की सौंपी जिम्मेदारियां

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**शनिवार** को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने अपने नूंह निवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक ली जिसमें सैंकडों प्रमुख कार्यकर्ता पहुंचे।

भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन ने कार्यकर्ताओं के साथ आगामी लोकसभा चुनावों लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा गुरूग्राम लोकसभा से भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याशी व केन्द्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के लिए प्रचार-प्रसार में ओर तेजी लाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवी संजय गर्ग (बिट्टू), राजू पंडित छछेड़ा, सुन्दर पहलवान चेयरमैन, ओमप्रकाश पूर्व सरपंच किरा, अल्ली प्रधान अडबर, हाजी फतेला रिठोड़ा, अरशद पूर्व सरपंच बैंसी, कृष्ण प्रधान नूंह, समय चंद पार्षद, नसरू पूर्व सरपंच कोंतलाका, शौकत सरपंच सुल्तापुर, अली सूडाका, इमरान सरपंच फिरोजपुर नमक, हाजी शौकत हुसैनपुर, मुबीन रोजकामेव, डा. अखूतर रायपुरी, जमील मेवली, खल्ली सरपंच बीबीपुर, लियाकत बीबीपुर, युनुस ऊंटका, मजहर अली ऊंटका, मुंशी मेवली, हारून बाई, अजमत टांई, इकबाल टांई, सपात सादई, ईसराइल प्रधान खेड़ला, तौफिक टपकन, शाहिद अलावलपुर आदि के अलावा सैंकडों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने सभी कार्यकरताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती व चुनावों के प्रचार-प्रसार के लिए दिन रात मेहनत करें और गुरूग्राम लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने का काम करें। हम सभी मिलकर देश में एक बार फिर से 400 पार सीटें जिताकर आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का काम करेंगे।

हुसैन ने कहा कि देश में चारों तरफ नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की लहर है। देश का आम जन भाजपा से खुश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुका है। आज देश नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में तेजी से विकास कर रहा है और वो दिन दूर नहीं जब भारत का नाम विश्व के विकसित देशों में गिना जाएगा।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी ने पिछले साढे 9 वर्षों में प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया है। आज प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी भी उनके पदचिन्हों पर चलते हुए उनके द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों व योजनाओं को ओर तेजी से पूरा कर रहे हैं।

जाकिर हुसैन ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि दिन रात पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाने में जुट जाएँ। लोगों को पार्टी की नीतियों व लाभकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराएं। उन्हें पार्टी द्वारा या कार्यकर्ताओं द्वारा जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी वे 24 घंटे उसे पूरा करने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि इस बार नूंह जिले की तीनों विधानसभाओं से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को भारी बहूमत से जिताकर भेजेंगे।

## आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

(पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

### कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13(12) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अत: ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाईनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात)** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| **राम कुमार**, हरि राम, विश्वास, राज कुमारी<br>खाता सं. LNYMN03719-200139801 | 07 फरवरी 2024<br>₹ 1058523/-<br>बकाया दिनांक<br>06 फरवरी 2024 | संपत्ति स्थित खेवत/खतोनी नं. 191/211 खसरा नं. 109 (0-10) में 1/2 शेयर मौजा पंसारा एच बी नं. 127, यमुना नगर, तह. जगाधरी, जिला यमुना नांगर 135001 **क्षेत्रफल 150 वर्ग गज** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 18 अप्रैल 2024 |
| **पुन्ना लाल**, मैना देवी, राकेश कुमार, रानी रानी<br>खाता सं. LNHIS17723-240294340 | 07 फरवरी 2024<br>₹ 366545/-<br>बकाया दिनांक<br>07 फरवरी 2024 | संपत्ति अर्थात, संपत्ति के संबंध में प्रमाणन/डीड ऑफ टाइटल/स्वामित्व नं. 8335 दिनांक 06.09.2021 के अनुसार संपत्ति, प्लॉट/हाउस एलजीडी नं. 604490465 व यूआईडी नं. 604490EPAS100PHO465A, **क्षेत्रफल 119.625 वर्ग मीटर**, स्थित ग्राम बिगहर तहसील का लाल डोरा व जिला फतेहाबाद पिन : 125050 **क्षेत्रफल 119.625 वर्ग मीटर** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 18 अप्रैल 2024 |

स्थान : जयपुर — दिनांक : 21-04-2024 — प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# भारत की जनसंख्या

## लगातार वृद्धि

भारत की जनसंख्या लगातार बढ़ रही है। यदि इसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया जाता है तो यह 77 वर्ष में दूनी हो सकती है। भारत अपनी जनसंख्या यात्रा में महत्वपूर्ण मोड़ पर है। उसने चीन को पीछे छोड़ दिया है और अब 1.44 बिलियन लोगों का देश बन गया है। 77 साल के भीतर संख्या दूनी होने की संभावना भयंकर चुनौती पेश करती है। यह सच है कि भारत की बढ़ती जनसंख्या एक महत्वपूर्ण 'जनसंख्या लाभांश' का अवसर भी देती है। यदि युवा कार्यबल को उपयुक्त कौशल और अवसरों से लैस किया जाए तो यह आर्थिक प्रगति, खोज एवं उत्पादकता के लिए संचालक शक्ति बन सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्यरक्षा तथा रोजगार अवसरों में समुचित निवेश कर भारत में आर्थिक महाशक्ति बनने की क्षमता मौजूद है। लेकिन अवसरों के साथ ही भारत को तेजी से हो रही जनसंख्या वृद्धि के कारण अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। संसाधनों तथा ढांचागत संरचना पर दबाव बहुत है, जबकि स्वास्थ्यरक्षा, शिक्षा, आवास तथा परिवहन पहले से ही जरूरतें पूरी नहीं कर पा रहे हैं। जनसंख्या अधिक होने के कारण भोजन, पानी, ऊर्जा और आवास की मांग बढ़ जाती है जिससे पर्यावरण क्षरण तथा सामाजिक-आर्थिक असमानतायें बढ़ती हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की जरूरत है। सबसे पहले 'मानव पूंजी' में निवेश के सुनियोजित प्रयास होने चाहिए। अर्थव्यवस्था में सार्थक सहभागिता के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान कर लोगों को सशक्त बनाने हेतु शिक्षा व स्वास्थ्यरक्षा को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। सौभाग्य से हमारी जनसंख्या वृद्धि दर में धीमी होने की प्रवृत्ति है। इसकी वृद्धि रोकने के लिए समग्र जनसंख्या रणनीति की तत्काल आवश्यकता है, लेकिन देश के पास ऐसी कोई योजना नहीं है।



लेकिन जनसंख्या नियंत्रण का कोई प्रयास अत्यधिक अलोकप्रिय हो सकता है। श्रीमती इंदिरा गांधी और संजय गांधी ने इसका प्रयास 1970 के दशक में किया था जिसका नतीजा अंततः उनकी सत्ता से विदाई था। इससे सभी राजनीतिक पार्टियों ने सबक सीखा। निश्चित रूप से हम चीन नहीं हैं और दबाव डालने वाले कोई कदम नहीं उठाए जाने चाहिए, लेकिन सरकार को सचेतन रूप से परिवार नियोजन को पुरस्कृत करने तथा बड़े परिवारों को दंड देने के प्रयास करने चाहिए। व्यक्तियों व खासकर महिलाओं को प्रजनन स्वास्थ्य व गर्भनिरोध के बारे में सशक्त बनाने के समग्र कार्यक्रम जनसंख्या वृद्धि स्थिर करने में सहायक हो सकते हैं।


इसके साथ ही बढ़ती जनसंख्या की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए स्वास्थ्यरक्षा, सफाई, परिवहन और आवास जैसे क्षेत्रों में ज्यादा निवेश आवश्यक है। पर्यावरण क्षरण की भरपाई के लिए टिकाऊ विकास व्यवहार अपनाए जाने चाहिए। जनसंख्या वृद्धि के प्रभावी प्रबंधन के लिए रोजगार सृजन भी महत्वपूर्ण है। उद्यमिता को बढ़ावा देने, निवेशों को आकर्षित करने तथा छोटे एवं मझोले उद्यमों के विकास में सहायता के लिए नीतियां बनाई जानी चाहिए। इनसे रोजगार सृजन में सहायता मिलेगी। जेंडर समानता तथा महिला सशक्तीकरण की ऐसी पहलों की आवश्यकता है जो शिक्षा, स्वास्थ्यरक्षा तथा आर्थिक अवसरों को प्रोत्साहन दें। सशक्त महिलायें परिवार नियोजन के बारे में सूचनाओं के आधार पर पसंद निर्धारित करती हैं जिनसे परिवार छोटा रखने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य बेहतर रखने में सहायता मिलेगी। इस बारे में समाधानों की कोई कमी नहीं है, लेकिन सवाल है कि इनको लागू कौन करेगा?

# पाप को पुण्य बताना ही आज की राजनीति

**कहते हैं आदर्श से सावधान रहना। आदर्श के कारण ही आपका जीवन खाली रह गया है। आदर्श के कारण ही आदर्श फल-फूल नहीं पाए। अगर सच में आप चाहते हैं कि आदर्श आपके जीवन को भर दे, तो आदर्शों को बिल्कुल भूल जाएं और जीवन के साक्षी हो जाएं। जैसा है, है। जो है, है। इसमें रत्ती भर फेरबदल करने की आकांक्षा मत पालें?**



**निशिकांत ठाकुर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं)



देश के प्रधानमंत्री का यह तर्क बहुत अजीब है कि सरकार ने काला धन खत्म करने के लिए ही इलेक्टोरल बॉन्ड की परंपरा को लागू किया। प्रधानमंत्री ने एक न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में ऐसी कई बातें कही हैं जिनसे देश बेहाल हो चुका है, जनता परेशान हो चुकी है और यहां तक कि जिसे सर्वोच्च अदालत ने भी असंवैधानिक करार दिया है। देश का मीडिया आजतक इस बात के लिए परेशान रहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद दस वर्षों में उन्होंने कोई भी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं किया, जबकि अगर साक्षात्कार भी दिया, तो बस ऐसे चुनिंदा संस्थानों को, जिन्हें सरकारी मीडिया की उपाधि दी जाती है।

आखिर प्रधानमंत्री क्यों ऐसा कहते हैं कि चुनाव में तो काला धन आता ही है और उद्योगपतियों के साथ आम जनता भी चंदा देने में भागीदारी निभाती है। शायद भाजपा, विशेष रूप से श्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने ही इसी शर्त पर थे कि उनके सत्ता में आते ही देश की कौन कहे, विदेशी बैंकों से भी काला धन निकालकर ले आया जाएगा, जिसमें से देश की सभी लोगों के बैंक खाते में पंद्रह पंद्रह लाख रुपए जमा करा दिए जाएंगे। यह तो अच्छा हुआ इस साक्षात्कार में कि प्रधानमंत्री ने इस बात को स्वीकारा कि चुनाव में काले धन को इलेक्टोरल बॉण्ड के माध्यम से सफेद करने का कार्य किया। अब सवाल यह उठता है कि जब देश का संरक्षक ही काले धन को सफेद करने का तरीका कैमरे के सामने बता रहा हो, तो फिर देश कहां पहुंचने जा रहा है, इसका अंदाजा स्वतः लगाया जा सकता है।

अब तो विपक्ष का यह आरोप भी साफ हो जाता है कि जो भी भ्रष्टाचारी भाजपा का दामन थाम लेता है, वह उसकी वाशिंग मशीन में धुलकर साफ हो जाता है। विपक्ष कई ऐसे नेताओं का नाम भी गिनाता है, जिन्हें सरकार ने कुछ दिन पहले तक भ्रष्टाचारी और दागी माना, और आज वही कई राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री तक बना दिए गए हैं। आज देश में प्रधानमंत्री का यह साक्षात्कार चर्चा का विषय बना हुआ है और इसका विश्लेषण सब अपने अपने तरीके से कर रहे हैं।

कई बातों के अतिरिक्त समाज में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि किस आधार पर सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा यह नारा दिया जा रहा है कि अबकी बार चार सौ पार...। विश्लेषकों का यह विश्लेषण है कि यह केवल देश को गुमराह करने का नारा है। सच में ऐसा कुछ नहीं होने जा रहा है, बल्कि मतदाता भ्रमित हों कि फिर से तीसरी बार पुरानी सरकार ही बनने जा रही है। इसलिए वे अपना कीमती वोट किसी और दल को देकर खराब करने के बजाय सत्तारूढ़ के पक्ष में ही मतदान करें। विश्लेषकों की मानें तो इस जुमले को जानबूझकर गढ़ा गया है, ताकि मतदाता भ्रमित हों और मतदान भाजपा के पक्ष में करे। प्रधानमंत्री ने नोट बंदी पर भी अपने साक्षात्कार में कारण बताते हुए कहा कि चुनाव के दौरान बड़ी मात्रा में इन नोटों का दुरुपयोग किया गया और सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया कि काले धन के धंधे पर अंकुश लगे, भी हास्यास्पद है। ऐसा इसलिए कि एक तरफ सरकार की नीयत काले धन को बंद करने का है, वहीं दूसरी ओर उस काले धन को इलेक्टोरल बॉण्ड के रूप में लाकर चुनाव लड़ा जाए। यह ठीक है कि इस काले धन की लूट का एकमात्र लाभ भाजपा को ही नहीं मिला, बल्कि सभी दलों को मिला है, लेकिन राजनीतिज्ञों को ऐसी क्या मजबूरी होती है कि वह किसी न किसी रास्ते से चुनाव जीतकर सरकार में आना चाहते हैं! आखिर काले धन को समाप्त करने में सरकार इतनी असफल साबित क्यों हो रही है!? काले धन के खेल में जो लिप्त हैं, उनके खिलाफ मुहिम चलाकर उस धन को सरकारी खजाने में जमा कराने का साहस किसी सरकार द्वारा अब तक क्यों नहीं दिखाया गया। उत्तर साफ है, आजादी के बाद से अब तक किसी भी सरकार ने ऐसा कोई प्रयास ही नहीं किया।

काले धन को बंद करने का प्रयास इसलिए भी नहीं किया गया; क्योंकि यदि ऐसा कर दिया जाता, तो बाहुबली चुनाव कैसे लड़ पाते? आजादी के पहले तो बाहुबली और मवाली राजनीति में आते ही नहीं थे। उस समय तो महात्मा गांधी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, सुभाष चंद्र बोस जैसे महानायक ही राजनीति में आते थे। आज क्या बात हो गई कि राजनीति करने वाले अपने चुनाव में करोड़ों रुपये खर्च कर देते हैं और देश के शीर्ष पर बैठकर अपने हिसाब से उपकृत व्यक्तियों का हित साधने लगते हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस इसलिए तो हार गई, क्योंकि उसके लिए यह दुष्प्रचार करने में वर्तमान सत्तारूढ़ सरकार सफल रही कि कांग्रेस सरकार निकम्मी है, भ्रष्ट है, उसके पास काले धन का अंबार है और उसी काले धन को देश से ही नहीं, विदेशी बैंकों से लाकर सबके खाते में जमा करा दिया जाएगा। और, उनकी सरकार बिल्कुल पाक-- साफ होकर देश में जनता और उसके विकास के लिए कटिबद्ध रहेगी। लेकिन, ऐसा कुछ भी पिछले दस वर्षों में नहीं हो पाया और कालेधन का भंडार वैसे का वैसा ही पड़ा है, और अब तो स्वयं प्रधानमंत्री ही उसे चुनाव के उपयोग करने की बात को सही ठहरा रहे हैं। क्या ऐसा कभी नहीं हो सकता कि चुनाव बिना कालेधन का हो और सारे नेता देश की सेवा के लिए कटिबद्ध हों!

कहते हैं आदर्श से सावधान रहना। आदर्श के कारण ही आपका जीवन खाली रह गया है। आदर्श के कारण ही आदर्श फल—फूल नहीं पाए। अगर सच में आप चाहते हैं कि आदर्श आपके जीवन को भर दे, तो आदर्शों को बिल्कुल भूल जाएं और जीवन के साक्षी हो जाएं। जैसा है, है। जो है, है। इसमें रत्ती भर फेरबदल करने की आकांक्षा मत पालें? आप हेर-फेर कर कैसे सकते हैं, आज जीवन का यही लक्ष्य हो गया है। भारत सत्य और अहिंसा का देश रहा है। यहीं राजा हरिश्चंद्र भी हुए थे, जिन्होंने सत्य के लिए अपने सुखों को न्योछावर कर दिया था, लेकिन आज तो हर कोई सत्य का मुखौटा लगाकर आपके सामने प्रस्तुत होता है। क्या अब देश इसी तरह चलेगा? इसी साक्षात्कार में पूछा गया कि विपक्षियों को जेल में डाला जा रहा है? प्रधानमंत्री विपक्षी दलों के इस आरोप का खंडन करते हुए कहा कि ईडी द्वारा दर्ज तीन प्रतिशत केस ही राजनेताओं के खिलाफ हैं, शेष 97 प्रतिशत मामले उन लोगों या कंपनियों के विरुद्ध हैं, जिनका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं। ईमानदार व्यक्ति को कोई डर नहीं है, लेकिन भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को अपने पाप का डर है। प्रधानमंत्री का यह कहना शत—प्रतिशत सही है कि डरते वही हैं, जो असंवैधानिक कार्यों में लिप्त होते हैं, भ्रष्टाचारी होते हैं, काले धन के दम पर समाज पर राज करते हैं । काश, हमारी सभी संस्थाएं असंवैधानिक कार्य करने बंद कर दे, भ्रष्टाचार बंद हो जाए और काला धन—बल खत्म हो जाए। इससे बड़ा देश के लिए हितकारी और कुछ हो ही नहीं सकता, पर इस कार्य को खत्म करने की जिम्मेदारी किसकी बनती है! निश्चित रूप से इसकी सीधी जिम्मेदारी भारतीय संविधान के अनुसार सरकार की ही होती है, लेकिन क्या कभी कोई सरकार इसे खत्म कर पाएगी?

# भ्रष्टाचार और राजनीतिक पालाबदल

**धार्मिकता के सिद्धांतों के बजाय चुनावी अंकगणित, अक्सर राजनीतिक निर्णयों की दिशा तय करती है।**

**अतुल सहगल**
(लेखक, प्रबंध सलाहकार हैं)



पिछले सप्ताह, भारत के एक प्रमुख दैनिक समाचार पत्र की सामग्री पढ़ते समय, एक दिलचस्प लेख ने मेरा ध्यान खींचा और इसे पूरे समय पढ़ने के लिए बाध्य किया। लेख का शीर्षक था - 2014 के बाद से, भ्रष्टाचार की जांच का सामना कर रहे 25 विपक्षी नेता भाजपा में शामिल हो गए, उनमें से 23 को राहत मिली। निस्संदेह, यह लेख हमारे देश में प्रचलित राजनीतिक व्यवस्था की खामियों पर एक स्पष्ट टिप्पणी थी। यह स्पष्ट रूप से स्पष्ट तथ्य का एक शर्मनाक विवरण था कि सभी रंगों और रंगों के राजनीतिक दल हमारी राजनीतिक प्रणाली में दोष रेखाओं द्वारा उत्पन्न ज्वार के साथ बहने के लिए मजबूर हैं और वह भी कभी-कभी केवल राजनीतिक अस्तित्व के लिए।

उपरोक्त विवरण की बारीकियों में गहराई से जाना और पवित्र राजनीतिक दलों और व्यक्तित्वों के बारे में बेशर्मी से आलोचना करना उचित नहीं होगा। भारत में मौजूदा व्यवस्था की कमियों पर ध्यान देना और अफसोस के साथ यह कहना उचित प्रतीत होता है कि चुनावी अंकगणित हमारी राजनीतिक व्यवस्था का सबसे बड़ा अभिशाप है। मायावी बहुमत जुटाने के लिए राजनीतिक दलों को खामियों से भरी कानूनी व्यवस्था के तहत स्थिर सरकारें बनाने और यहां तक कि सुचारु रूप से शासन कर सकने वाली मजबूत सरकारें बनाने के लिए संख्याएं जुटाने के लिए ऐसे हथकंडों का सहारा लेना पड़ता है।

हमारे लोकतंत्र में निश्चित कमियाँ हैं। बल्कि यह बिल्कुल सही नहीं है। बहुदलीय लोकतंत्र को लोकतंत्र के गैर-आदर्श, कमजोर रूप के रूप में वर्णित करना बेहतर है, खासकर हमारे जैसे सांस्कृतिक रूप से भिन्न समाज में। लोकतंत्र का सबसे शुद्ध रूप हमारे प्राचीन ग्रंथ मनुस्मृति में उल्लिखित है। मनुस्मृति का उल्लेख करते समय यह स्पष्ट करने की आवश्यकता है कि इस अवलोकन को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए, भले ही इस प्राचीन ग्रंथ से कोई विवाद जुड़ा हो। बेईमान व्यक्तियों द्वारा ऐतिहासिक व्याख्याओं के कारण वह विवाद अपने विकृत संस्करण से उत्पन्न हुआ। मनुस्मृति का मूल, अभ्रष्ट संस्करण एक आदर्श शासन व्यवस्था का दिव्य खाका है। धर्मग्रंथ लोकतंत्र की बात करता है जो लोकतंत्र (प्रजातंत्र) की निम्नलिखित तीन विशिष्ट विशेषताओं का संकेत देता है- चुनाव और शासन की दलविहीन प्रणाली, मतदाताओं द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों को वापस बुलाने का अधिकार, धार्मिकता या धर्म के सिद्धांतों के अनुरूप। यहां यह बताना भी प्रासंगिक होगा कि उपरोक्त आदिम, ईश्वरीय ग्रंथ लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के लिए एक संरचनात्मक ढाँचा भी प्रदान करता है। यह तीन सभाओं की बात करता है - राजर्यसभा (कार्यकारी सभा), विद्यार्यसभा (विषय विशेषज्ञ सभा) और धर्मार्यसभा (धार्मिक विशेषज्ञों की सभा)। अंतिम उल्लिखित सभा या परिषद प्रतिष्ठित नैतिक प्रतिष्ठा और त्रुटिहीन चरित्र वाले व्यक्तियों से बनी है जो कार्यकारी परिषद के कामकाज पर एक प्रकार के नैतिक अधिकार के रूप में सामूहिक रूप से कार्य करते हैं। यह देखना आसान है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मौजूदा राजनीति और शासन संरचना उपर्युक्त आदर्श राजनीति और शासन प्रणाली से कितनी दूर है। एक दलीय कम लोकतांत्रिक राजनीति में, चुनावी अंकगणित की सभी समस्याएं और उनके द्वारा उत्पन्न होने वाली बुराइयां गायब हो जाएंगी। कोई बड़ी चुनावी रैलियां नहीं होंगी, चुनावों पर कोई भारी खर्च नहीं होगा, कोई खरीद-फरोख्त नहीं होगी, कोई पार्टी नहीं बदलेगी, कोई दलबदलू नहीं होगा, भ्रष्ट और अपराधी राजनेताओं पर मुकदमा चलाने में कोई देरी नहीं होगी और बहुसंख्यकवाद या अल्पसंख्यकवाद की कोई मूर्खतापूर्ण अवधारणा नहीं होगी।



कोई अल्पसंख्यक-केंद्रित शासन नहीं होने जा रहा है। यह समझना भी मुश्किल नहीं है कि अगर हम पवित्र ग्रंथ मनुस्मृति के सिद्धांतों को अपनी राजनीति और शासन में शामिल कर लें तो हमारे देश में मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था की कितनी माध्यमिक बुराइयां खत्म हो जाएंगी। यह उम्मीद करना दूर की कौड़ी हो सकती है कि हम वर्तमान प्रणाली से उपरोक्त यूटोपियन संरचना के अनुरूप कुछ बना सकते हैं, लेकिन अगर हम इसमें अपने देश में पार्टी रहित लोकतांत्रिक प्रणाली जैसी एक या दो महत्वपूर्ण विशेषताओं को शामिल करते हैं, तो भी हमारे शासन को बहुत लाभ हो सकता है। .ऊपर जो कहा गया है, उसके आलोक में, हमें निश्चित रूप से अपनी लोकतांत्रिक प्रणाली में सुधार करने की आवश्यकता है जो बहुत अच्छा परिणाम नहीं देती है।

तदनुसार, हम आशा करते हैं कि तीसरी बार मोदी सरकार व्यापक संवैधानिक, चुनावी और नौकरशाही सुधार लाएगी ताकि हमारा देश कंगारू छलांग लगाकर प्रगति कर सके, जिसमें वह सक्षम है। विश्व के नैतिक और आध्यात्मिक पथप्रदर्शक के रूप में अपने प्राचीन कद को बनाए रखते हुए, भारत विश्व का अग्रणी वैश्विक राष्ट्र-राज्य बनने के लिए दैवीय रूप से नियत है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत संतों, संतों और द्रष्टाओं की भूमि है जो इस ग्रह पर अपने लंबे और उतार-चढ़ाव वाले ऐतिहासिक अस्तित्व के दौरान मानवता के लिए प्रकाशस्तंभ रहे हैं।

## आप की बात

### गहलोत की समझ

**राजस्थान** के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा के संकल्प पत्र पर निशाना साधते हुए कहा कि 2019 और 2014 में जो स्थितियां थीं वे अब बदल गई है, भाजपा विश्वसनीयता खो चुकी है, वे कब तक पीएम मोदी के नाम पर राजनीति करते रहेंगे? गहलोत को समझना चाहिए कि मोदी काल को अभी 10 बरस हुए हैं, कांग्रेस जैसे 70 साल नहीं जिसने परिवारवाद के नाम पर इतने बरस राज करते-करते निकाल दिए। लेकिन अब इसी परिवारवाद के चलते कांग्रेस की हलात लगातार खराब होती जा रही है। कांग्रेस के अच्छे-अच्छे सूरमां पार्टी छोड़ कर अन्य पार्टियों में किस्मत आजमाने जा रहे हैं। भाजपा परिवारवादी नहीं, सुधारवादी दृष्टिकोण वाली पार्टी है। भाजपा के प्रति जनता की विश्वसनीयता बढ़ी है, जबकि कांग्रेस की घटती जा रही है। कांग्रेसियों को अपने आप से पूछना चाहिए कि देश की आजादी की लड़ाई से जन्मी कांग्रेस आखिर लगातार अविश्वसनीय क्यों होती जा रही है? कांग्रेस को अब क्षेत्रीय दल भी कुछ नहीं समझते हैं। इसी कारण इस बार कांग्रेस ऐतिहासिक रूप से सबसे कम लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। गहलोत को यह भी समझ लेना चाहिए कि अब आम जनता उनके जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के बयानों पर भी जल्दी से विश्वास करने नहीं जा रही है।

**-शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### ईवीएम पर विवाद

**सुप्रीम कोर्ट** के न्यायाधीश ने स्पष्ट रूप से कहा कि मतपत्रों द्वारा वोटिंग किए जाने की मांग के पीछे छिपी असलियत वे जानते हैं। पिछली बार जब ईवीएम को लेकर विपक्षी दलों द्वारा चुनाव आयोग पर दबाव बनाया गया तो चुनाव आयोग ने सभी विपक्षी दलों को चुनौती दी थी कि वे किसी भी विशेषज्ञ को लाकर ईवीएम हैक कर कर दिखाएं। तब किसी भी दल ने यह चुनौती स्वीकार नहीं की थी। जाहिर है ईवीएम शत-प्रतिशत दोष रहित आधुनिक वोटिंग मशीन है। जिस देश में 97 करोड़ मतदाता हों वहां पर मतदान में यदि अपनी आसन्न पराजय को देखकर कुछ राजनीतिक दल ईवीएम और वीवीपैट पर्ची के शत-प्रतिशत मिलान की मांग करते हैं तो वह भी अव्यावहारिक है। चुनाव आयोग कुछ स्थानों की मशीनों से वीवीपेट का मिलान करके उसकी प्रामाणिकता जांच लेते हैं। शत-प्रतिशत वीवीपैट से मिलान की मांग वैसी ही है। जैसे कोई चावल पकने के परीक्षण के लिए पतीले के सभी चावलों की परीक्षा की बात करे। चुनाव परिणाम में पराजय को मतदाताओं का आदेश न मानकर ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ना और जीतने पर चुपचाप सत्ता भोगना अतार्किक और अनुचित है।

**- सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### राहत की बात

**मतदान** से पहले छत्तीसगढ़ में हमारे सुरक्षा वालों ने जिस तरह से नक्सलियों का सफाया किया वह बड़ी राहत देने वाली बात है। अक्सर चुनाव के समय नक्सली न केवल चुनाव बहिष्कार का आह्वान करते हैं, बल्कि दूसरों को आम चुनाव में वोटिंग नहीं करने देते हैं। छत्तीसगढ़ में कांकेर जिला नक्सलियों का बड़ा गढ़ कहलाता है। इस आपरेशन की सफलता के बाद देश के अन्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी ऐसे ही अभियान फौरन चलाए जाने चाहिए ताकि नक्सली किसी प्रकार मतदान को प्रभावित न कर सकें। विश्वास है कि लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर एक बड़ा अभियान नक्सलवाद के खिलाफ अवश्य चलाएंगे। नक्सलवादी हमेशा ही इस क्षेत्र के विकास में बड़ी बाधा बनते हैं एवं क्षेत्र की आम जनता को भी दहशत में रखते हैं। अक्सर चुनाव के समय नक्सलवादी मतदान में बाधा डाल कर अपना लोकतंत्र-विरोधी विमर्श आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं। स्थानीय स्वशासी संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, शिक्षकों, राजस्व कर्मचारियों तथा आम जनता को विकास संबंधी मुद्दों में पारदर्शिता बरतने तथा उनको विचार-विमर्श में शामिल कर नक्सलियों की कमर तोड़ने के कदम स्थाई रूप से उठाए जाने चाहिए।

**- एमएम राजावत,** शाजापुर

### नक्सल समस्या

**नक्सलवाद,** आतंकवाद और उग्रवाद देश की तीन बड़ी समस्याएं हैं जो आए दिन सिर उठाती रहती है। कदम-कदम पर मौत बिछी होने के बावजूद हमारे जवान नक्सली आक्रामकता का मुंहतोड़ जवाब देते हैं। लगातार जवाबी कार्यवाही से नक्सली घटनाओं में कमी अवश्य आई है, तथापि दहशत अभी भी कायम है। छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई में कई बड़े ईनामी नक्सलियों के साि 29 नक्सलियों का सफाया कर दिया है। यह नक्सल-विरोधी अभियान में मारे जाने वाले नक्सलियों की संख्या के दृष्टिकोण से दूसरा सर्वाधिक सफल आपरेशन है। हालांकि, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी सुरक्षा बलों के नौजवानों की प्रशंसा की श लेकिन इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि उनके पिछले पांच साल के शासनकाल में राज्य में नक्सली आंदोलन फला-फूला तथा नक्सल समस्या और गंभीर हुई। नक्सल समस्या समाप्त करने के लिए जमीनी स्तर पर आदिवासियों में विकास और प्रगति के प्रति विश्वास मजबूत करना भी जरूरी है। विकास को जमीन तक पहुंचाना जरूरी हो गया है।

**-अमृतलाल मारू,** इन्दौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में फसल उठान के कार्य को दें गति : उपायुक्त

## गेहूं की आवक, खरीद, उठान व भुगतान की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने दिए जरूरी दिशा-निर्देश


हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद की समीक्षा बैठक में भाग लेते जिला अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**उपायुक्त** मनोज कुमार ने अनाज मंडियों और फसल खरीद केंद्रों में फसल उठान के कार्य को विशेष रूप से गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि दो दिन के भीतर जिला भर में 40 हजार मिट्रिक टन फसल उठान सुनिश्चित करें।

इसके लिए उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से आगे बढने के निर्देश देते हुए विस्तार से उठान कार्य की समीक्षा की। शनिवार की सुबह हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने राज्य में फसल आवक-खरीद-उठान को लेकर प्रदेश स्तरीय समीक्षात्मक बैठक ली, जिसमें उन्होंने फसल उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने प्राप्त दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों की कैंप कार्यालय में बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिला की सभी अनाज मंडियों तथा खरीद केंद्रों में गेहूं की आवक व उठान की गंभीरता से समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि अभी तक जिले में लगभग दो लाख 40 हजार मिट्रिक टन गेंहू की आवक हुई है। उन्होंने कहा कि करीब 60 हजार मिट्रिक टन गेहूं का उठान भी हो चुका है। अब दो दिनों में 40 हजार मिट्रिक टन गेहूं का उठान सुनिश्चित करना है। इसके लिए उन्होंने गोहाना, गन्नौर, खरखौदा व सोनीपत की मंडियों के लिए अलग-अलग लक्ष्य का निर्धारण करते हुए संबंधित एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने उठान लक्ष्य को पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधियों को भी जरूरी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने मंथन किया कि जिला में कितने अनलोडिंग प्वाइंट्स की उपलब्धता है। उन्होंने एफसीआई प्रतिनिधि को निर्देश दिए कि वे इन दो दिनों के लिए विशेष प्रबंध करें। साथ ही निर्धारित समयसीमा में भी वृद्धि करें। इसके अलावा उन्होंने गेहूं की आवक तथा खरीद और भुगतान के लिए भी जरूरी निर्देश दिए।

## विधायक सुरेंद्र पंवार ने भारत क्रिकेट लीग-2024 का किया शुभारंभ


विधायक सुरेंद्र पंवार क्रिकेट लीग के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों से मिलते हुए

**सोनीपत।** विधायक सुरेंद्र पंवार ने नैशनल स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित दो दिवसीय भारत क्रिकेट लीग-2024 का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जिलों से पहुंचे खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामन की। विधायक सुरेंद्र पंवार को क्रिकेट लीग के पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि आज की व्यस्त दिनचर्या में खेल जीवन के लिए बहुत जरूरी है। खेल से शारीरिक व मानसिक तंदरूस्ती मिलती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। यदि मनुष्य स्वस्थ होगा तभी वह अपने परिवार, समाज व अपने कर्तव्यों का निर्वहन सही तरीके से कर सकेगा।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि खेल में हार-जीत होती रहती है, लेकिन कभी खिलाड़ी को निराश नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी कभी भी हारता नहीं है, वह हमेशा सुधार करके निरंतर आगे बढ़ता जाता है। सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

### घर बैठे डाउनलोड करें फोटोयुक्त डिजिटल वोटर कार्ड : डीसी

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि डिजिटलाइजेशन की ओर बढ़ते दौर में चुनाव आयोग ने भी चुनाव से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए हैं। चुनाव आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरु कर रखी है। डीसी ने कहा कि अगर मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम गया है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं। खास बात ये है कि डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजी लॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ई-ईपीआईसी वोटर कार्ड ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का एक नॉन-एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। वोटर आईडी के पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी के साथ एड्रेस प्रुफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इस डिजिटल आईडी प्रुफ को आसानी से एक्सेस करने के लिए मोबाइल फोन या डिजीलॉकर में स्टोर करके रखा जा सकता है।

### इनेलो का जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा है: सतीश गर्ग



**कैथल।** इनेलो जिला शहरी अध्यक्ष एवं प्रभारी कैथल सतीश गर्ग, महावीर सिंह हल्का कैथल प्रभारी ने पार्टी कार्यालय अंबाला रोड कैथल में 31 वार्डों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली। जिसकी अध्यक्षता भूपेंद्र सिंह कार्यालय प्रभारी ने की। अध्यक्ष द्वारा सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को लोक सभा उम्मीदवार चौधरी अभय सिंह चौटाला के लिए वोट मांगने हेतू डोर टू डोर जाने बारे दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सतीश गर्ग ने कहा कि इनेलो पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा है। दूसरी पार्टियों के नेता बड़ी संख्या में इनेलो ज्वाइन कर रहे हैं। चौधरी देवी लाल की नीतियों नर चलते हुए इनेलो इस बार जीत का परचम लगराएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता का इनेलो के प्रति रुझान बढ़ता जा रहा है।

### दो दिवसीय उत्सव समारोह का किया उद्घाटन



**कुरुक्षेत्र।** शिक्षांगन-2024 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में शनिवार को दो दिवसीय उत्सव समारोह का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई, तत्पश्चात दो दिन में होने वाले सभी गतिविधियो का संक्षिप्त विवरण दिया गया। आने वाले दो दिनों में शिक्षा में पढ़ रहे सभी बच्चों के लिए कई प्रतिस्पर्धा रखी गई है, जैसे कि नृत्य, गायन, प्रश्नोत्तरी शिक्षा, एस गोट टैलेंट, साइंस एग्जीबिशन। उसके बाद शिक्षांगन का टीजर लॉन्च हुआ, जिसने शिक्षांगन के रचनात्मक, उत्साह और जुनून को परिभाषित करने वाली एक झलक सबके सामने प्रस्तुत की। उद्घाटन समारोह में हमारे मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन एससी गौर, शौर्य चक्र, विशिष्ट सेवा मेडल और ब्रिगेडियर केके सिंह थे। साथ ही कार्यक्रम में डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रोफेसर दीक्षित गर्ग, फैकल्टी इंचार्ज नियति बालियां, शैली वडेरा, दिलबाग, चीफ एडवाइजर प्रोफेसर पीसी तिवारी भी मौजूद रहे।

### कैथल के तीन जजों के हुए तबादले, एक को मिली प्रमोशन

**कैथल।** कैथल के तीन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के तबादले अलग अलग जिलों में हो गए हैं, जबकि एक न्यायाधीश को प्रमोशन मिला है। पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा जारी तबादला सूची के अनुसार एडीजे डॉ. गगनदीप कौर सिंह को एडीजे और प्रिंसीपल जज पारिवारिक न्यायालय करनाल में नियुक्त किया गया है। एडीजे कृष्ण कांत को इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल और लेबर कोर्ट तथा एडीजे रोहतक भेजा गया है। उनके पास हिसार के पोओएलसी का भी अतिरिक्त चार्ज रहेगा। इसी प्रकार संगीता राय सचदेव एडीजे कैथल को एडीजे रोहतक और प्रिंसीपल जज फैमिली कोर्ट रोहतक नियुक्त किया गया है। डीएलएसए के सचिव सीजेएम दानिश गुप्ता को प्रमोशन पर एडीजे जगाधरी भेजा गया है। कैथल में जो नए न्यायाधीश आए हैं, उनमें इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल एंड लेबर कोर्ट अंबाला से अनूपमिश मोदी को एडीजे कैथल लगाया गया है।

### अदालतों लगाने और वसूली मामलों में तेजी लाने के आदेश

**जालंधर।** डिप्टी कमिश्नर जालंधर डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने राजस्व विभाग के काम की समीक्षा करते हुए कहा कि आपसी सहमति वाले मामलों में इंतकालों का निपटारा जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इंतकाल और जमीन की निशानदेही से संबंधित मामलों की लगातार सुनवाई की जाए तथा जिन मामलों में संबंधित पक्ष सहमत हों, उनका तुरंत निपटारा किया जाए।

## जिला चुनाव अधिकारी ने मजबूत लोकतंत्र के लिए युवाओं को अधिक से अधिक चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने का न्योता दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** जालंधर

**जिला** चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर डा. हिमांशु अग्रवाल ने युवाओं को मजबूत लोकतंत्र के लिए लोकसभा चुनाव-2024 में अधिक से अधिक भाग लेने का न्योता दिया।

संत बाबा भाग सिंह यूनिवर्सिटी में स्वीप गतिविधियों अधीन आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में युवाओं को संबोधित करते हुए डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का सदस्य होने पर गर्व होना चाहिए, जो हमें स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने का अवसर देता है। जिला चुनाव अधिकारी ने युवाओं, विशेषकर 18 से 19 वर्ष के लड़के-लड़कियों को वोटर जागरूकता का ब्रांड एंबेसडर बताया उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन 70 फीसदी वोटिंग लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अधिक से अधिक लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वीप गतिविधियों तहत व्यापक योजना तैयार की गई है।

लोगों में वोटर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए छात्रों/युवाओं द्वारा किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए जिला चुनाव अधिकारी ने कहा कि एक जून को सभी पहली बार मतदाताओं को चुनाव अधिकारियों द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र दिया जाएगे।इस मौके पर उन्होंने नैतिकता से मतदान करने की शपथ लेने के साथ ही आई वोट फॉर श्योर लिखकर हस्ताक्षर अभियान की भी शुरुआत की, जो जिले भर में चलाया जाएगा।

## इनेलो नेता अर्जुन चौटाला ने थानेसर के गांवों में किया तूफानी दौरा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र** लोकसभा से इंडियन नेशनल लोकदल के उम्मीदवार अभय सिंह चौटाला के पक्ष में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता लगातार प्रचार प्रसार कर वोट की अपील कर रहे है। इसी कड़ी में इनेलो युवा नेता अर्जुन चौटाला ने थानेसर हल्के के गांव इंदबड़ी, ज्योतिसर, दबखेड़ी, जोगनाखेड़ा, बाहरी, नरकातरी, मॉडल टाउन, दीदार नगर, देवीदासपुरा, मोहन नगर, गांव व शहरी वार्डो में तूफानी दौरा किया। उनके साथ महिला विंग कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष तनुजा व वरिष्ठ नेता धर्मवीर कश्यप सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। अर्जुन ने इस दौरान कई जगहों पर आयोजित जनसभाओं को सम्बोधित किया। वही, अर्जुन की मौजूदगी में काफी लोगों ने पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर इनेलो का दामन थामा। इस अवसर पर अर्जुन ने मौजूदा भाजपा सरकार, लोकसभा उम्मीदवार सुशील गुप्ता और नवीन जिंदल को भी आड़े हाथों लिया। इस अवसर पर इनेलो नेता धर्मवीर कश्यप, जिले सिंह, माई चंद, मेवा राम, शीशपाल, धर्म सिंह, मोहन लाल, श्यामलाल, जोगीराम, विजय कुमार, अशोक, शीशपाल, तेजपाल, प्रबल, प्रकाश, मनदीप, अंकित, राहुल, अमर, गौरव, योगेश, श्रवण कुमार, प्रवीण कुमार,


ग्रामीणों को संबोधित करती इनेलो महिला विंग की जिलाध्यक्ष तनुजा

सतीश कुमार, पवन देव, विपिन कुमार, राम रतन शर्मा, धर्मपाल, दीवान चंद, मास्टर सूरजभान, सचिन, शेर सिंह, कालूराम, विजेंद्र, रमेश कुमार शर्मा, गौरव बाजवा, अभी बाजवा, विक्की, सुनहरा कश्यप, बलराम, रिंकू बिबयान, अभिषेक दहिया, परवीन, बलवान सुनेहडी खालसा, हलका अध्यक्ष पूनम सुल्तानिया, मीना रानी, अंग्रेजो, नेहा कश्यप, कर्मो, सरोज राणा, कृष्णा मौजूद रहे। इनेलो महिला विंग जिलाध्यक्षा तनुजा ने कहा कि आज मौजूदा सरकार से प्रदेश का हर वर्ग ठगा सा महसूस कर रहा है। प्रदेश सरकार की नीतियों के चलते युवा बेरोजगारी का बोझ उठाते हुए अपराध और नशे की दुनिया की ओर बढ़ता जा रहा है। वही युवा अपनी पुश्तैनी जमीनें बेच कर विदेश की और रूख कर रहे हैं।

## विज्ञान के छात्रों ने क्रिकेट में आर्ट्स के छात्रों को नौ रन से दी शिकस्त

**कैथल।** इंदिरा गांधी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में मेडिकल, नॉन मेडिकल तथा कॉमर्स व आर्ट्स की टीमों के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान जेबी खुरानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करके न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया बल्कि एक ओवर स्वयं खेल कर मैच को रोचक भी बनाया। मैच आरंभ करने से पहले राष्ट्रीय गान गाकर राष्ट्र का सम्मान भी बढ़ाया गया। प्रधानाचार्या वीना अग्रवाल व उप प्रधानाचार्या रंजू गुप्ता द्वारा दोनों टीमों के बीच टॉस करवाया गया जिसे कॉमर्स की टीम ने जीत कर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया। विज्ञान की टीम ने कैप्टन मनदीप 12वीं नॉन मेडिकल के निर्देशन में 12 ओवर में 111 रन बनाकर कॉमर्स व आर्ट्स की टीम को खेल के लिए आमंत्रित किया।

## अमेजन फैशन के स्प्रिंग-समर24 कलेक्शन के साथ करें नए सीज़न की शुरुआत और बनाएं अपना हर पल फैशनेबल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**मौसम** में तेजी से बदलाव आ रहा है। खूबसूरत और रंगों से भरा वसंत का मौसम दस्तक दे रहा है। इस खूबसूरत बदलाव के बीच अमेजन फैशन भी अपने बहुप्रतीक्षित स्प्रिंग समर 24 कलेक्शन के साथ वापस आ गया है। नया कलेक्शन बेहतरीन रंगों, आकर्षक डिजाइन जैसी खूबियों के साथ वसंत और गर्मियों के मौसम की झलक पेश करता है। यह कलेक्शन निश्चित रूप से आपकी स्टाइल में चार चांद लगा देगा।

अमेजन के इस खास स्टोर में 200 से अधिक टॉप फैशन और ब्यूटी ब्रांडों के 1000 से अधिक स्टाइल उपलब्ध कराए गए हैं। यहां फन फ्लोरल, ग्राफिक एडिट, स्टाइलाइज्ड बॉटम्स और समर मिडिस से लेकर



वर्कआउट एसेंशियल, स्ट्रैपी स्टाइल और ओवरसाइज्ड एडिट जैसी स्टाइल्स शामिल हैं, जो हर किसी की पर्सनेलिटी से मेल खाती हैं।

इस साल गर्मियों के मौसम में आप समर ऑफ लव, इंडी समर, हेरिटेज गेटअवे बीच ड्रीम, एक्सप्लोरर क्लब और लास्ट रिज़ॉर्ट जैसे कलेक्शन के साथ अपनी खास स्टाइल के जलवे बिखेरिए। यहां आप चिक कट्स, बोल्ड फ्लोरल, फिट और फ्लेयर ड्रेस, मैक्सी स्कर्ट, समर ब्रैलेट, डेनिम ड्रेस, बेहतरीन एक्सेसरीज़, आकर्षक घड़ियाँ, ट्रेंडी हैंडबैग, कलर-पॉप टी-शर्ट, कैजुअल शर्ट, फ़ैशनेबल स्नीकर्स, ट्रैवल एक्सेसरीज़, फेस एवं हेयर केयर, कलरफुल आई पैलेट जैसे प्रोडक्ट में से अपने लिए शॉपिंग कर सकते हैं। यहां आपके लिए टॉमी हिलफिगर, ओनली, एल्डो, बीबा, डब्ल्यू, वेरो मोडा, मैडम, ऑरेलिया, गेस, कैसियो, वैन ह्यूसेन, लेविस, स्केचर्स, क्लार्क्स, प्यूमा, टाइटन, रे बैन, रैंगलर, द सॉल्ड स्टोर, लेंसकार्ट, लैमेल, हाईडिज़ाइन, मिनिमलिस्ट जैसे टॉप फैशन और ब्यूटी ब्रांडों के लेटेस्ट कलेक्शन पेश किए गए हैं।

## तेजस्वी राणा बना हेड ब्वॉय व यादवी चोपड़ा बनी हेड गर्ल

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**लिटल** एंजल्स स्कूल में नये विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। समारोह में प्रधानाचार्या आशा गोयल ने मुख्य छात्र तेजस्वी राणा और मुख्य छात्रा यादवी चोपड़ा को पदभार सौंपा। विद्यालय के लावण्या, आस्था, सामर्थ्य, सिद्धांत, स्पर्धा व सुरभि हाउस के सभी नए कप्तान व सहायक कप्तान भी चुने गए। लावण्या हाउस की कप्तान अनिका जिंदल व सहायक कप्तान सुखलीन कौर, आस्था हाऊस की कप्तान ध्वनि कुकरेजा व सहायक कप्तान विधि शर्मा, सामर्थ्य हाऊस के कप्तान देबार्चन विष्णु चौलिया व सहायक कप्तान रूपेंदर कौर, सिद्धांत हाऊस की कप्तान चैरिल रावल व सहायक कप्तान विधिता, स्पर्धा हाऊस की कप्तान उदिता व सहायक कप्तान हँशिका, सुरभि हाऊस की कप्तान नियति मलिक व सहायक कप्तान प्रतीक को कार्यभार सौंपा गया और सिया राणा को स्पोर्टस कैप्टन का कार्यभार सौंपा गया। हेड ब्वॉय, हेड गर्ल व विद्यार्थी परिषद के सभी चयनित छात्रों ने शपथ ली। कार्यरत विद्यार्थी


झंडे के साथ फ्लैग मार्च करते हेड ब्वॉय व हेड गर्ल

परिषद ने नव निर्वाचित विद्यार्थी परिषद को कैप, बैजिस व सैशे देकर अपना कार्यभार सौंपा। तत्पश्चात मुख्य छात्र व मुख्य छात्रा ने सभी छात्रों को संबोधित कर अपने पद की गरिमा को बनाए रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे मिलकर विद्यालय में अनुशासन बनाए रखेंगे व पूरी इमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग व सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## एम धर्मा ने गुड़गांव ओपन का खिताब जीता




**नूंह।** बेंगलुरू के एम धर्मा ने शुक्रवार को हरियाणा के नूंह में क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में अंतिम दौर में चार अंडर 68 के स्कोर से अमृतांजन द्वारा संचालित एक करोड़ रुपये इनामी गुड़गांव ओपन गोल्फ टूर्नामेंट का खिताब जीता और सात साल के खिताबी सूखे को समाप्त किया। धर्मा ने कुल 18 अंडर 270 का स्कोर बनाया और पांच शॉट के अंतर से 2017 से पहला खिताब जीता। धर्मा को तीसरा पेशेवर खिताब जीतने के लिए 15 लाख रुपये की इनामी राशि मिली और वह टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग में 40वें से सातवें स्थान पर पहुंच गए।

खलिन जोशी (69-71-68-67) ने 67 के स्कोर से संयुक्त रूप से दिन का सबसे कम स्कोर बनाया और 13 अंडर 275 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। दिल्ली के सार्थक छिब्बर (71-70-64-70) ने करियर का सर्वश्रेष्ठ नतीजा हासिल किया और वह खलिन तथा बेंगलुरू के यशास चंद्रा (69-69-69-68) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। यशास ने सत्र में तीसरी बार शीर्ष 10 में जगह बनाई।

खुशी व्यक्त करते हुए एम धर्मा ने कहा, मुझे इस जीत के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा है, इसलिए मैं इस पल का आनंद ले रहा हूं। मेरी शानदार बॉल-स्ट्राइकिंग इस सप्ताह मेरे खेल का सबसे अच्छा पहलू थी। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में मैं कई बार जीतने के करीब पहुंचा, फिर भी मैंने धैर्य बनाए रखा, हिम्मत नहीं हारी और कड़ी प्रेक्टिस जारी रखते हुए अपने काम पर डटा रहा। यह सकारात्मक दृष्टिकोण आखिरकार मेरे लिए लाभदायक रहा।

## महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में कार्डियक कैथ लैब का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** अग्रोहा, हिसार

**महाराजा** अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा ने आरकेएम कार्डियक सेंटर प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी में, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के माध्यम से एक अत्याधुनिक कार्डियक कैथीटेराइजेशन लैब का उद्घाटन किया है। इस कैथ लैब की शुरुआत मार्च 2024 में हुई थी और इसने अपनी स्थापना के मह? एक महीने के भीतर ही 50 से अधिक एंजियोप्लास्टी और 100 कार्डियक प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक पूरा करने की उपलब्धि हासिल कर ली है।

इस केंद्र का नेतृत्व आरकेएम कार्डियक सेंटर के मुख्य हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राघव शर्मा कर रहे हैं, जो जटिल एंजियोप्लास्टी, रोटाब्लेशन, सीटीओ मामलों और आईवीयूएस / ओसीटी / एफएफआर-निर्देशित एंजियोप्लास्टी में विशेषज्ञ हैं। उन्हें 40,000 से अधिक हृदय संबंधी प्रक्रियाएं पूर्ण करने का श्रेय जाता है।



डॉ. शर्मा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को इस कार्डियक सेंटर के संचालन की देखरेख करेंगे। उनके साथ डॉ. अशोक कुमार भी शामिल रहेंगे, जिनके पास गुरुग्राम के एक प्रमुख अस्पताल में सेवाएं देने का व्यापक अनुभव है। वे फतेहाबाद जिले के प्रमुख हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

अग्रोहा और हिसार के सभी लोगों को सस्ती और सुलभ हृदय देखभाल की सुविधा मिल सके, इसी उद्देश्य से महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा ने यह पहल की है। इस सहयोग के माध्यम से, संस्था का लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाना और समुदाय की हृदय संबंधी स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा करना है।

## कोर्ट में मजबूत पैरवी कर भर्तियों के सभी कोर्ट केस का निपटारा करवाये सरकार : जयहिंद

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**जयहिंद** सेना प्रमुख डॉ. नवीन जयहिंद ने एक बार फिर बेरोजगारों के साथ बेरोजगारों की बारात निकली। करनाल में बेरोजगारों के साथ ये बारात निकली और सरकार को अपना वायदा याद दिलाया। ये बारात करनाल के पुराने बस स्टैंड शुरू होकर पुरे शहर से होती हुई डीसी ऑफिस पहुंची, जहां नवीन जयहिंद और बेरोजगारों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नाम युवाओं की प्रमुख मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

जयहिंद ने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि वे बेरोजगारों की बारात निकाल रहे हैं, क्योंकि प्रदेश में कोई भी भर्ती पूरी नहीं हो रही है। टीजीटी से लेकर सभी भर्तियों पर कोर्ट केस चल रहे हैं। आज ये सारे बेरोजगार बटेउ सरकार को अपना वायदा दिलाने के लिए आये हैं। जब पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा था की 50 हजार भर्तियां की जाएंगी और ग्रुप डी से पहले ग्रुप सी की भर्ती होगी। वे सरकार का धन्यवाद करते हैं कि



उन्होंने रांडा पेंशन शुरू की, लेकिन सभी युवा तो रांडे नहीं रह सकते । पिछले छह साल से कोई भी भर्ती पूरी नहीं हुई है। छोरे -छोरियों की शादी की उम्र निकल रही है। इनके बूढ़े मां-बाप परेशान हैं, इनकी शादी और नौकरी को लेकर। जयहिंद ने आगे कहा कि करनाल में आज प्रदेश के हर जिले से हजारों पढ़े-लिखे युवा आये हैं। कोई टीजीटी, कोई ग्रुप 56-57, कोई ग्रुप डी, फायर ऑपरेटर, कोई सोसिओ इकोनोमिक के अंक तो कोई हरियाणा पुलिस की भर्ती की समस्या को लेकर आया हुआ है। इन सभी भर्तियों पर कोर्ट केस चल रहे हैं। उनकी सरकार से यही अपील है किसी दूसरे वकील को कोर्ट में भेजे और इन सभी भर्तियों को जल्द से जल्द कोर्ट केसों से बाहर निकलवाए। मजबूती से पैरवी कर निपटारा किया जाये और बेरोजगारों को नौकरी दी जाये। जयहिंद ने वहीं सरकार को भी अल्टीमेटम देते हुए कहा कि वे इन बेरोजगारों के हक़ की लड़ाई के लिए हर संघर्ष के लिए तैयार हैं। सरकार चार जून तक इन सभी भर्तियों पर मजबूत पैरवी कर कोर्ट से बाहर निकलवाए और पूरी करें। अगर सरकार की नीयत उन्हें सही नहीं लगी तो उसके बाद इन बेरोजगारों के साथ मिलकर सरकार से हर मोर्चे पर जंग को तैयार हैं।

संवाद



डॉ. एस. एन. भारद्वाज 'अश्क'
कवि, लेखक एवं वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

इज़्ज़त की रज़ा
सच को सच बोल दिया अब तो सज़ा बाक़ी है
जलते शोलों से गुज़रने का मज़ा बाक़ी है
शहर-ए-दौलत में बना लेता घर अपना मैं भी
क्या करूँ अब तलक इज़्ज़त की रज़ा बाक़ी है

# रोहतक लोकसभा के तीन विधानसभा क्षेत्रों में टिकटार्थी बन रहे हैं कांग्रेस के लिए परेशानी का सबब

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**राजनीतिक** दलों की रैलियों या उनके दफ्तरों में आने वाले लोग भी कई स्तर के माने जाते हैं। आम कार्यकर्ता अमुमन रैलियों तक सीमित रहते हैं और उससे आगे के नेता दफ्तरों या कोठियों पर देखने को मिल जाते हैं, लेकिन कुछ नेता ऐसे होते है जो सिर्फ पार्टी में चुनाव लड़ने के लिए ही आते है लेकिन इन नेताओं की समस्या यह होती है कि उनका कद तो उस समय वहां पर मौजूद नेता के बराबर तो नही होता लेकिन चुनाव लड़ने की मंशा जरूर पाल लेते है।

इस श्रेणी के नेता वहां पर मौजूद नेता से ज्यादा सक्रियता से क्षेत्र में राजनीति करते हैं और अपने उच्च नेता को खुश करने के लिए तरह तरह की गतिविधियां भी करते है। नेता के जन्मदिन पर कैंप लगवाना, भंडारे करना और अन्य तरह की सामाजिक गतिविधियां करवाना। ऐसे में ये नेता अपना एक बड़ा बजट भी खर्च कर देते है और अपने प्रदेश नेता को खुश करने में

## आखिर कब तक कुर्सी बिछाने और रैली के खर्च सहन करते रहेंगे

कोई कसर भी नहीं छोड़ता। अक्सर रैलियों और जनसभाओं का खर्च और आदमी जोड़ने की जिम्मेदारी भी इन दुसरी पंक्ति के नेताओं के भरोसे छोड़ दी जाती है। ऐसे में जब टिकट मिलने की बात आती है तो इनको अगले पांच साल का झुंझना पकड़ा दिया जाता है और चुनाव में काम करने की बिन मांगी सलाह दे दी जाती है।

यदि हम कांग्रेस पार्टी के रोहतक लोकसभा के तीन विधान सभा चुनावों की बात करे तो हालात ऐसे ही कुछ कुछ है। बहादुरगढ़, बेरी, झज्जर ये तीनों हलके ऐसे हैं, जहां पुराने नेता इन सीटों पर कुंडली मारे बैठे है और स्थानीय सत्र पर दिन रात काम करने वाले नेताओं को भविष्य की कोई ज्योति दिखाई दे नही रही है। यदि हम बहादुरगढ़




हलके की बात करे तो यहां ये वर्तमान विधायक राजेंद्र सिंह जून जो कि हलके के बड़े नेता है और इनके पिता सुरजमल भी कांग्रेस से विधायक रहे है। अभी फिलहाल राजेंद्र जून भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खासम-खास व सोनिया परिवार के कारोबारी भी सांझेदार बताये जा रहे है तो ऐसे में उनकी आने वाले चुनावों में टिकट की दावेदारी बहादुरगढ़ के अन्य कांग्रेसी टिकटार्थियों के भारी पड़ती जा रही है। बता दे कि यहां से कांग्रेस के नेता राजेश जून पिछले दस साल से कांग्रेस के लिए काम कर रहे है और स्थानीय कार्यकर्ताओं में मौजूदा विधायक से ज्यादा पकड़ बनाये हुए है। पिछले चुनाव में भी राजेश जून को अगले पांच साल का झुंझना पकड़ा कर मनाया गया था और अबकी बार भी हालत वही लग रहे है। ऐसे में राजेश जून व राजेंद्र जून की आपसी खींचतान का प्रभाव लोकसभा में पड़ने के पूरे पूरे आसार हैं। वहीं यदि बात बेरी विधानसभा क्षेत्र की जाये तो यहां भी कई बार कांग्रेस से विधायक बन चुके डॉक्टर रघुबीर कादयान यहां से मौजूदा विधायक है। बेरी विधानसभा से कुछ युवा टिकटार्थी बन कर रघुबीर काद्यान का विरोध कर चुके हैं। बेरी के साथ लगते बड़े गांव से डीघल से लोकसभा से पहले ही बेरी के प्रत्याशी बदलने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। डॉक्टर रघुबीर काद्यान के विरोध ही बेरी में आयोजित रैली में आधी कुर्सी खाली रहने का मुख्य कारण बनी थी। वहीं झज्जर में स्थानीय नेताओं को साइड लगाकर गीता भुक्कल को झज्जर में नेता स्थापित करने की बात भी अब स्थानीय युवाओं को खटकने लगी है। गीता भुक्कल भी झज्जर से मौजूदा विधायक हैं, लेकिन उन पर बाहरी होने के आरोप लगा अब स्थानीय लोग अपनी चौधर अपने हाथ में लेने की बात पर अड़ गये हैं। लोगों का कहना है कि रैलियों में हम लोग महज क्या सदा कुर्सी बिछाने का काम करते रहेगें। बता दें कि बहादुरगढ़, बेरी और झज्जर में इन तीनों विधायकों के नेतृत्व के विरोध को लेकर कांग्रेस पार्टी के लोगों ने अपना अलग से वोट बैंक बनाने का काम कर लिया है। राजनैतिक जानकारों का मानना है कि यदि इन हलकों में टिकट चाहने वाले नेताओं ने स्थानीय नेताओं को आईना दिखाने का काम कर दिया है तो लोकसभा चुनाव के परिणाम में भारी फेर बदल देखने को मिलेगा।

## जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए स्कूल बसों की जांच की

**जालंधर।** स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डिप्टी कमिश्नर डॉ. हिमांशु अग्रवाल के निर्देशों पर जिला प्रशासन ने स्कूल बसों की जांच के लिए व्यापक जांच अभियान चलाया। रीजनल ट्रांसपोर्ट अथारिटी मेजर अमित महाजन ने आरटीए अमनप्रीत सिंह और एटीओ विशाल गोयल के साथ सुरक्षा नियमों की पालना के लिए स्कूल बसों की अचानक चैकिंग की। इस दौरान आरटीए ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर 45 चालान जारी किए और चार लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है, जिसमें उल्लंघन करने वालो से 2.5 लाख रुपये पहले ही वसूल किए जा चुके है और चार बसें जब्त की गई हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए स्कूल के प्रिंसीपलों को शामिल कर प्रबंधकों और अभिभावकों के साथ बैठकें की जा रही है। इसके अलावा संबंधित उप मंडल मजिस्ट्रेट अपनी-अपनी सब-डिवीजन में स्कूल बसों की जांच के अभियान की निगरानी कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### फसलों का लिया जायजा, सीएम सैनी ने सुना किसानों का दर्द



**करनाल।** इन्द्री में ओलावृष्टि से खराब हुई किसानों की फसल का जायजा लेने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहुंचे। किसानों ने अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ खड़ी है। किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हित के लिए कृत संकल्पित है। किसानों की खराब फसल के लिए सरकार की ओर से विशेष गिरदावरी करवाई जाएगी और किसानों की खराब फसल के लिए सरकार द्वारा उचित मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों की भलाई के लिए सरकार की ओर से कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका किसानों को पूरा लाभ मिल रहा है। आज प्रदेश के किसान खुशहाल हैं। गौरतलब है कि शुक्रवार शाम को इंद्री क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसल खराब हो गई थी। इस अवसर पर उनके साथ इंद्री विधायक राम कुमार कश्यप, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, मंडल अध्यक्ष अमनदीप सिंह विर्क, मेहर सिंह कलामपुरा, धर्मपाल शांडिल्य, रघुबीर बत्तान सहित अन्य मौजूद रहे।

### हरियाणा और पंजाब के वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों के तबादले

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा व पंजाब के वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों के तबादले व्यापक रूप से किए है। इन तबादलों के साथ ही पदोन्नति सूची भी जारी की है। इस सूची में उन 13 न्यायिक अधिकारियों को पदोन्नत करने का आदेश जारी किया है, जिसको लेकर हाई कोर्ट व हरियाणा सरकार के बीच विवाद चल रहा था। पंजाब के लिए जारी आदेश के अनुसार सात जिला एवं सत्र न्यायाधीशों का तबादला किया गया है, जबकि दो अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को पदोन्नत कर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। हरियाणा के दो जिला एवं सत्र न्यायाधीशों का तबादला हुआ है। पंचकूला के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष महला का तबादला गुरुग्राम, गुरुग्राम के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूर्य प्रताप सिंह का तबादला पंचकूला किया गया है। इनके अतिरिक्त 69 अन्य न्यायिक अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया गया है। पंजाब के लिए जारी आदेश के अनुसार मोहाली के जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरपाल सिंह का तबादला कपूरथला, लुधियाना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुनीष सिंगला का तबादला संगरूर, कपूरथला के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमरिंदर सिंह ग्रेवाल का तबादला अमृतसर, मोगा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अतुल कसाना का एसएएस नगर, जालंधर के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरबजीत सिंह धालीवाल को मोगा का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाकर, पटियाला के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरि सिंह ग्रेवाल को मानसा का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाकर भेजा गया है। हाईकोर्ट और हरियाणा सरकार के बीच 13 जजों की पदोन्नति को लेकर विवाद सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचने के बाद अब आखिरकार हाईकोर्ट ने इन जजों को पदोन्नत कर उनकी पदस्थापन का आदेश जारी किया है। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ इस मामले में हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट तक गई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की याचिका को खारिज कर दिया था। कृति जैन, शिखा, विवेक यादव, नीरू कंबोज, विशाल, खत्री सौरभ, हितेष गर्ग, शिफा, दानिश गुप्ता, अरविंद कुमार, आर्या शर्मा, मनोज कुमार राणा व पियूष शर्मा को सिविल जज सीनियर डिवीजन के तौर पर पदोन्नत किया गया है।

### महिलाएं किसी भी राष्ट्र के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी होती हैं



**करनाल।** हरियाणा महिला सशक्तिकरण वेलफेयर सोसाइटी द्वारा तरावड़ी में महिला सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सभी अतिथियों का कार्यक्रम में पहुंचने पर हरियाणा महिला सशक्तिकरण वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष शमशेर सिंह कश्यप व अन्य पदाधिकारीयो ने उसे पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ बलराम शर्मा ने कहा कि महिलाओं का राष्ट्र निर्माण में योगदान प्रशंसनीय है। महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज के समय में महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी अपना सराहनीय कार्य करके समाज को शिक्षित करने का कार्य कर रही है। एक अच्छे प्रशासनिक अधिकारी के रूप में भी महिलाएं किसी भी राष्ट्र के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी होती हैं। उन्होंने हरियाणा महिला सशक्तिकरण वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। डॉ अमरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार ने महिलाओं के विकास के लिए अनेक योजनाएं चला रखी हैं जिनका लाभ ग्रामीण महिलाओं को उठाना चाहिए। महिलाओं को अपनी शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। ने कहा कि महिलाओं को लोकसभा एवं राज्यसभा में भी पुरुषों के समान भागीदारी देनी चाहिए। हरियाणा महिला सशक्तिकरण वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष शमशेर कश्यप ने कहा कि हमने अपने संगठन के माध्यम से हमेशा महिलाओं के हितों को सर्वोपरि रखा है। हमारे संगठन ने कई जगहो पर सिलाई सेंटर खुलवाए हैं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया है। भविष्य में भी हमारा संगठन हमेशा महिला उत्थान के लिए कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में महिला संगठन में अच्छा कार्य करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। मंच संचालन आयुषी कुंज तोमर ने किया। इस अवसर पर धर्मपाल सिंह, कुलदीप कश्यप, संदीप गौतम, राजकुमार कश्यप, देशराज, धर्मेंद्र, नीलम, रमेश फूल, पंचाल, प्रदीप कुमार व पुनीत शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### मंडियों से 24 घंटे में 50 प्रतिशत हो उठान : मुख्य सचिव

**यमुनानगर।** हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद शनिवार को चंडीगढ़ से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों एवं अन्य अधिकारियों से रबी-फसल की खरीद से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा-बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने प्रशासनिक सचिवों, सभी जिलों के उपायुक्तों तथा रबी-फसल की खरीद से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की मंडियों में गेहूं व सरसों की आवक तेजी से बढ़ रही है। किसानों व आढ़तियों से तालमेल करके रविवार को मंडियों में फसल की खरीद बंद रखें और ट्रकों व अन्य वाहनों के माध्यम से 24 घंटे में 50 प्रतिशत गेहूं व सरसों की फसलों का मंडियों से कल शाम तक उठान करवाकर गोदामों में रखवाएं। अगर मंडियों में फसलों के उठान में कोताही न बरती जाए। वे स्वयं इसका फीडबैक लेंगे। उन्होंने कहा कि अगर गेहूं उठान के लिए आढ़ती अपने वाहन का इस्तेमाल करते हैं तो उन्हें खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तय रेट दे दिए जाएं। उन्होंने कहा कि किसान की फसल का जे-फॉर्म कटने के 72 घंटे के अंदर-अंदर फसल का भुगतान किया जाए। उन्होंने प्रदेश की अनाज मंडियों से फसलों का समय पर उठान करने और किसानों को हर संभव सुविधा मुहैया कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासनिक सचिवों को भी समय-समय पर अपने अधीन मंडियों की विजिट करने के भी निर्देश दिए। आढ़तियों के साथ तालमेल करके श्रमिकों की व्यवस्था करें, ताकि ट्रकों से गेहूं की लोडिंग व अनलोडिंग में दिक्कत न हो। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने फसल खरीद से संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को अपनी फसल की बिक्री करने में दिक्कत न आए।

# कांग्रेस प्रत्याशी सामने आने पर जाटलैंड के मुकाबलों की तस्वीर साफ होगी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के रोहतक और सोनीपत लोकसभा क्षेत्र प्रदेश के क्षेत्रीय लहजे में जाटलैंड कहे जाते है।लोकसभा चुनाव के लहजे में बात करे तो इस बार दोनो प्रमुख दावेदार भाजपा और कांग्रेस की राह आसान नहीं है। सोनीपत और रोहतक लोकसभा सीट जीतने के लिए भाजपा पर दबाव है जबकि कांग्रेस के सामने अस्तित्व की लड़ाई है। कांग्रेस पिछली हार का बदला लेने को आतुर है।कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा से भी तस्वीर साफ होगी कि मुकाबला कैसा रहने वाला है। इसलिए सोनीपत और रोहतक लोकसभा सीट पर पूरे राज्य की नजरें हैं। दोनों ही सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच रोचक और कांटे का मुकाबला देखने को मिल सकता है।

सोनीपत और रोहतक कांग्रेस का गढ़ रहा है। रोहतक में कांग्रेस 18 में से 11 बार जीती है। पिछले चुनाव में भाजपा ने दोनों सीटों पर कब्जा किया था। हरियाणा की दस में से इन्हीं दो ऐसी सीटों पर कांग्रेस को कम अंतर से हार मिली थी। ऐसे में कांग्रेस को इन दोनों सीटों से ही उम्मीद है। सोनीपत में कांग्रेस के उम्मीदवार व राज्य के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भाजपा सांसद रमेश कौशिक ने करीब एक लाख 64 हजार वोटों से हराया था। वहीं, रोहतक में भाजपा सांसद अरविंद शर्मा ने कांग्रेस के उम्मीदवार दीपेंद्र हुड्डा को मात्र साढ़े सात हजार वोटों से पटखनी दी थी। सोनीपत और रोहतक में भूपेंद्र हुड्डा परिवार का अच्छा प्रभाव माना जाता है।

हुड्डा परिवार पिछली हार का बदला लेने के लिए इस बार पूरा जोर




लगा रखा है। पीएम मोदी के 400 पार के नारे की वजह से हरियाणा भाजपा पर राज्य की दसों सीट पर कमल खिलाने का दबाव है। दोनों लोकसभा क्षेत्र की 18 विधानसभा सीटों में 12 पर कांग्रेस का कब्जा और भाजपा का सिर्फ चार सीटों पर है। सोनीपत लोकसभा सीट पर पिछले तीन चुनावों में भाजपा का वोट बैंक बढ़ा है। इसके बावजूद पार्टी की राह इतनी आसान नहीं है।

भाजपा के उम्मीदवार मोहन लाल बड़ौली राई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। साल 2019 में उन्होंने विधानसभा चुनाव मात्र 2662 वोट से जीता था। पिछले लोकसभा चुनावों में मिले वोट और पीएम मोदी के चेहरे के सहारे वह मैदान में हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 52 फीसदी वोट मिले, वहीं, कांग्रेस उम्मीदवार को 37 फीसदी से वोट मिले। हालांकि पांच महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों का वोट बैंक खिसका, मगर ज्यादा नुकसान भाजपा को हुआ। इस सीट के अधीन आते नौ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को 33.4 फीसदी वोट मिले जबकि भाजपा को 35 फीसदी। भाजपा ने तीन, कांग्रेस ने पांच और जजपा ने एक सीट जीती। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 27.4 और भाजपा को 35.3 वोट मिले। इन चुनावों के बाद जब विधानसभा चुनाव हुए तो कांग्रेस का वोट शेयर बढ़ा और भाजपा का कम हुआ।

पिछले दो ट्रेंड से पता लगता है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर बढ़ता है, मगर विधानसभा चुनाव में कम हो जाता है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने सात विधानसभा में बढ़त ली, जबकि दो विधानसभा क्षेत्र खरखौदा और बरोदा से कांग्रेस आगे रही। जिन सात विधानसभा सीट पर भाजपा आगे थी, उनमें जींद जिले की तीन सीटें सफीदों, जींद और जुलाना शामिल हैं। विधानसभा चुनाव में इन तीन सीटों पर जींद से भाजपा, सफीदों से कांग्रेस और जुलाना से जजपा ने जीत हासिल की। हालांकि जींद जिले में प्रभाव रखने वाले चौधरी बीरेंद्र सिंह इस बार कांग्रेस में शामिल हो गए हैं।

ऐसे में बीरेंद्र सिंह इन सीटों पर असर डाल सकते हैं। कांग्रेस के उम्मीदवार पर भी बहुत कुछ निर्भर करेगा। रोहतक को हरियाणा की राजनीतिक राजधानी कहा जाता है। पिछले लोकसभा चुनाव में रोहतक में भाजपा उम्मीदवार अरविंद शर्मा को 47 फीसदी और कांग्रेस उम्मीदवार दीपेंद्र हुड्डा को 46.4 फीसदी वोट मिले। दोनों के बीच कांटे की टक्कर हुई। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि लोकसभा चुनाव में इतना कम अंतर खास मायने नहीं रखता। रोहतक लोकसभा में नौ विधानसभा सीटें हैं।

पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने रोहतक, कलानौर, बहादुरगढ़ और कोसली विधानसभा क्षेत्र में बढ़त ली थी। वहीं, कांग्रेस महम, गढ़ी सांपला-किलोई, बादली, झज्जर और बेरी में आगे रही। दीपेंद्र कोसली से 75 हजार वोट से पिछड़ गए थे। दीपेंद्र को 42,845 वोट मिले और अरविंद शर्मा को 1,17,825 वोट मिले।

कोसली अहीरवाल बेल्ट से लगती है, जिस पर भाजपा नेता राव इंद्रजीत का प्रभाव है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सात सीटें जीतीं। बाकी दोनों में से एक पर भाजपा व एक निर्दलीय जीता। बीते पांच साल में भाजपा ने हुड्डा के गढ़ में सेंध लगाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। पूर्व सीएम मनोहर लाल रोहतक में सक्रिय रहे हैं। सीएम रहते वह लगातार रोहतक का दौरा करते रहे। साथ ही कई लोगों को भाजपा में शामिल कराया। इनमें पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा भी शामिल हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस पिछली हार से सबक लेते हुए छोटी-छोटी बैठकें कर गैर जाट वोटों को अपनी ओर खींचने में जुटी है।

दीपेंद्र पिछली हार को जज्बात से जोड़कर सहानुभूति बटोरने की कोशिश में भी हैं। रोहतक की जीत से पांच महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में भी एक संदेश जाएगा। इसलिए दोनों ही दलों ने रोहतक का चुनाव जीतने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रखा है।

# केएमवी में करियर प्रोस्पेक्ट्स इन डिफेंस : फ्यूचर अहेड विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित



पायनियर समाचार सेवा। जालंधर

**भारत** की विरासत एवं ऑटोनॉमस संस्था, कन्या महाविद्यालय, जालंधर के सेंटर फॉर कॉम्पिटेटिव एग्जाम्स के द्वारा करियर प्रोस्पेक्ट्स इन डिफेंस- फ्यूचर अहेड विषय पर एक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया था। कर्नल मनिंदर सिंह सचदेव, कमांडिंग अफसर, दो पंजाब गर्ल्स बटालियन, एनसीसी, जालंधर ने इस आयोजन में स्त्रोत वक्ता के रूप में शिरकत की. छात्राओं से संबोधित होते हुए कर्नल सचदेव ने वर्तमान संदर्भ में डिफेंस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला, और उन चीजों पर ज़ोर दिया जो किसी भी सशस्त्र बल में शामिल होने पर सीखी जाती हैं. अपनी ज्ञानवर्धक प्रस्तुति के साथ उन्होंने विभिन्न उदाहरणों का हवाला देते हुए रक्षा क्षेत्र में करियर विकल्पों के साथ-साथ सशस्त्र बलों में शामिल होने की प्रक्रिया के बारे में बताया. आगे बात करते हुए उन्होंने दोहराया कि छात्राओं में किसी भी प्रतियोगी परीक्षा को पास करने के लिए मुख्य रूप से जुनून और प्रतिबद्धता होनी चाहिए तथा इसकी तैयारी शुरू करने से पहले परीक्षा के पाठ्यक्रम के गहन विश्लेषण की अहमियत के बारे में भी उन्होंने छात्राओं को समझाया और साथ ही जीवन में अनुशासित और केंद्रित रहने की भी ज़रूरत के बारे में भी चर्चा की. इसके अलावा उन्होंने तैयारी की पूरी प्रक्रिया में प्राध्यापकों की भूमिका के महत्व के बारे में भी बात की. प्राचार्या प्रो.अतिमा शर्मा द्विवेदी ने विषय की महत्वपूर्ण जानकारी छात्राओं को प्रदान करने के लिए कर्नल सचदेव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने संबोधन के दौरान बताया कि भारतीय सशस्त्र बलों में रोज़गार के लिए पुरुषों और महिलाओं को समान अवसर प्रदान किए जाते हैं।

आगे बात करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सेवा के अलावा, भारतीय सशस्त्र बलों में नौकरी बड़े सम्मान और गर्व की बात है. इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कॉलेज के पास प्लेसमेंट में उत्कृष्टता का एक निरंतर रिकॉर्ड है और कई छात्राओं ने अथक और निरंतर प्रयासों से सीए, आईएएस, एनडीए, सीडीएस, आईसीडब्ल्यूए, यूजीसी नेट, गेट, बैंक, पीओ, रेलवे और कई अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं को सफलतापूर्वक पास किया है। अंत में उन्होंने सेंटर फॉर कॉम्पिटेटिव एग्जाम्स के इंचार्ज डॉ. सबीना बत्रा, एवं टीम के सभी सदस्यों डॉ. प्रदीप अरोड़ा, डॉ. अर्चना सैनी, सुफालिका कालिया, डॉ. प्राची और संजना के द्वारा इस प्रोग्राम के सफल आयोजन के लिए किए गए प्रयत्नों की प्रशंसा की।

# लूटपाट और हत्या के मामले में मात्र 12 घंटे में दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। जगाधरी

**डीएसपी** कवलजीत सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि कल दिनांक 19 अप्रैल को गांव खारवन में घर के आंगन में सो रहे ऑटो चालक की लूटपाट के बाद हत्या के मामले का स्पैशल सेल की टीम ने मात्र 12 घंटे में मामला सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डीएसपी कवलजीत सिंह ने बताया कि सेल के इंचार्ज राजेश राणा की टीम को सूचना मिली कि दो युवक खारवन मोड छछरौली पर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे हैं। इस सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही राजू राणा, आजाद सिंह, कृष्ण, कुलदीप, विपिन, धर्मवीर का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे दोनों युवको को काबू किया। पूछताछ पर जिनकी पहचान गांव बलौली निवासी रजत उर्फ बछडा पुत्र सतीश कुमार व खारवन




निवासी खेमचंद उर्फ डागर उर्फ सोनू पुत्र ऋषिपाल के नाम से हुई। आरोपियों ने खारवन गांव में लूट के बाद हत्या के मामले का खुलासा किया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेशकर रिमांड पर लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आरोपी रजत पर पहले लूट, स्नेचिंग चोरी के 10 मामले दर्ज हैं। वहीं आरोपी खेमचंद पर पहले चोरी के पांच मामले दर्ज हैं। दोनों ही आरोपियों की दोस्ती जेल में हुई थी। जमानत पर बाहर आए और यह दोस्ती कायम रखी उसके बाद खारवन में लूट के बाद हत्या की वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि खारवन निवासी 55 वर्षीय हरिकृष्ण उर्फ छोटू घर में अकेला रहता था।

2012 में उसकी पत्नी की मौत हो गई थी तब से वह घर में अकेला रहकर ऑटो चलाता था। 19 अप्रैल को वह अपने घर के आंगन में सो रहा था दोनों आरोपी उसके घर में दाखिल हो गए और घर के दरवाजे के ताले तोड़कर लूटपाट करने लगे। उसके बाद चारपाई का पावा आरोपी डागर ने उठाकर उसके सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी।

# राजनीतिक दल व उम्मीदवार 'क्या करना है- क्या नहीं करना' की कड़ाई से करें अनुपालना

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**भारत** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव-2024 लड़ने वाले उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के लिए चुनाव के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना (डूज एंड डोंट्स) के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों का चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों को अनुपालना करनी अनिवार्य व आवश्यक है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी दलों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को सार्वजनिक स्थानों जैसे कि मैदान और हेलीपैड निष्पक्ष रूप से उपलब्ध होना चाहिए। चुनाव के दौरान, अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्यों तक ही सीमित रहनी चाहिए। इसके अलावा, शांतिपूर्ण और विवेकपूर्ण घरेलू जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार की पूरी तरह से रक्षा की जानी चाहिए। स्थानीय पुलिस अधिकारियों को पूरी तरह से सूचित किया जाना चाहिए और प्रस्तावित बैठक के समय व स्थान की आवश्यक अनुमति समय रहते सही तरीके से ली जानी चाहिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित बैठक के स्थान पर यदि कोई प्रतिबंधात्मक या निषेधात्मक आदेश लागू हैं तो उन आदेशों का सम्मान किया जाना चाहिए। इसी प्रकार, प्रस्तावित बैठकों के लिए लाउडस्पीकर या ऐसी किसी अन्य सुविधा के उपयोग के लिए अनुमति प्राप्त की जानी चाहिए और बैठकों में गड़बड़ी या अव्यवस्था पैदा करने वाले व्यक्तियों से



निपटने में पुलिस सहायता प्राप्त की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि किसी भी जुलूस को शुरू करने और समाप्त करने के समय व स्थान तथा मार्ग को अग्रिम रूप से फाइनल किया जाना चाहिए और पुलिस अधिकारियों से पूर्व अनुमति प्राप्त करनी चाहिए। जुलूस का मार्ग यातायात को बाधित नहीं करना चाहिए।

**शांतिपूर्ण और व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के लिए चुनाव अधिकारियों का करें सहयोग :** जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि शांतिपूर्ण और व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी चुनाव अधिकारियों को सहयोग किया जाना चाहिए। साथ ही, चुनाव में लगे सभी राजनीतिक कार्यकर्ताओं को बैज या पहचान पत्र दिखाना होगा। मतदाताओं को जारी अनौपचारिक पहचान पर्ची सादे (सफेद) कागज पर होनी चाहिए और जिस पर पार्टी का कोई नाम और निशान या उम्मीदवार का नाम नहीं होना चाहिए। इसके अलावा, प्रचार अभियान की अवधि के दौरान और मतदान के दिन वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध का पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए। चुनाव के संचालन के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या को निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षक, रिटर्निंग अधिकारी, जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट, मुख्य निर्वाचन अधिकारी या भारत निर्वाचन आयोग के संज्ञान में लाया जाना चाहिए।

# राजस्थान की सभी 25 लोकसभा सीट भाजपा जीतेगी : शाह

**एजेंसी।** जयपुर

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दावा किया कि राजस्थान तीसरी बार अपनी सभी 25 लोकसभा सीट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देकर हैट्रिक लगाने जा रहा है। शाह ने शक्करगढ़ (भीलवाड़ा) में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, कल पहले चरण का चुनाव था। आपको परिणाम जानना है? ... 12 की 12 सीट नरेन्द्र मोदी जी की झोली में जा रही हैं। उन्होंने कहा, राजस्थान हैट्रिक लगाकर राज्य में सभी 25 (लोकसभा) सीट तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को देने जा रहा है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में राजस्थान में शुक्रवार को 12 लोकसभा सीट के लिए मतदान हुआ। राज्य में कुल 25 सीट हैं। शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर कटाक्ष करते हुए कहा, गहलोत जी अपने बेटे में ही उलझकर रह गए हैं, बेटा (वैभव गहलोत) भी बड़े अंतर से चुनाव हार रहा है। सभी 25 सीट भाजपा की झोली में जा रही हैं। वैभव जालोर से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में



चुनाव लड़ रहे हैं। शाह ने कहा, यह चुनाव स्पष्ट रूप से दो खेमों में बंटा हुआ है। एक ओर, 12 लाख करोड़ रुपए के घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार करने वाली कांग्रेस पार्टी है। दूसरी ओर, ऐसे नरेन्द्र मोदी हैं, जिन पर 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहने के बाद 25 पैसे का भी आरोप नहीं है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे हर तीन महीने में विदेश में छुट्टियां मनाने जाते हैं। उन्होंने कहा, प्रियंका जी चुनाव के बीच थाईलैंड छुट्टी मनाकर आई हैं। शाह ने कहा, एक ओर सोनिया जी का एजेंडा है कि मेरे बेटे को प्रधानमंत्री बनाओ। दूसरी ओर मोदी जी का एजेंडा है, मेरे भारत को महान बनाओ। मोदी जी ने पिछले 10 साल के अंदर जितने भी वादे किए, उन्होंने वे सभी पूरे किए। भाजपा नेता ने कहा, राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के वक्त न्यास ने कांग्रेस के नेताओं को निमंत्रण भेजा था लेकिन अपने वोट बैंक के लालच के कारण कांग्रेस नेता रामलला के दर्शन करने भी नहीं गए। जो लोग वोट बैंक के लालच के कारण रामलला के दर्शन नहीं करते हैं, उन्हें देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

# डार्क वेब के जरिए प्रतिबंधित पदार्थ बेचने पर भारतीय को पांच साल की सजा

**एजेंसी।** वाशिंगटन

अमेरिका में 40 वर्षीय भारतीय नागरिक को डार्क वेब मार्केटप्लेस पर प्रतिबंधित पदार्थ बेचने के मामले में पांच साल कारावास की सजा सुनाई गई है और उससे लगभग 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर जब्त किए जाने का आदेश दिया गया है। डार्क वेब इंटरनेट का वह हिस्सा है, जहां तक आम सर्च इंजन नहीं पहुंच पाता और इस तक विशेष वेब ब्राउजर के जरिए ही पहुंचा जा सकता है। हल्द्वानी के बनमीत सिंह को अमेरिका के अनुरोध पर अप्रैल 2019 में लंदन में गिरफ्तार किया गया था। उसे मार्च 2023 में अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया। उसने प्रतिबंधित पदार्थों को बचने और धनशोधन की साजिश के आरोपों को जनवरी में स्वीकार किया।प्रतिबंधित पदार्थ आम तौर पर ऐसी दवा या रसायन होता है, जिसका निर्माण और उपयोग सरकार द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

# मोदी सरकार केवल अमीरों की परवाह करती है, इससे संविधान को खतरा : राहुल गांधी

**एजेंसी।** भागलपुर



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भाजपा-आरएसएस और मुट्ठी भर अरबपतियों पर लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा उत्पन्न करने का आरोप लगाया। गांधी ने बिहार में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अपनी पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र की पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के साथ तुलना करते हुए दावा किया कि हमने जितना कर्ज किसानों का माफ किया उससे चार गुना से भी अधिक मोदी सरकार ने उद्योगपतियों का माफ कर दिया।

उन्होंने दावा करते हुए कहा, देश के 22 उद्योगपतियों के पास 70 करोड़ की आबादी के समान संपत्ति है। देश में 70 करोड़ लोग ऐसे हैं जो प्रतिदिन 100 रुपए से कम पर गुजारा कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया, पिछले 10 वर्षों में, अंबानी और अडाणी जैसे लोग फले-फूले हैं। ए नाम तो आपने जरूर सुने होंगे। गांधी ने आरोप लगाया, अडाणी का इतने सारे राष्ट्रीय संसाधनों पर नियंत्रण हो गया है। उनके पास सभी बंदरगाह, हवाई अड्डे और बिजली विनिर्माण इकाइयां हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने कहा, मोदी ने 22 से 25 उद्योगपतियों का करीब 16 लाख करोड रुपए माफ कर दिए। हमने जितनी कर्ज की रकम किसानों की माफ की उससे 25 गुना मोदी सरकार ने उद्योगपतियों के माफ कर दिए। यह मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) योजना के लिए 25 वर्षों के परिव्यय के बराबर है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गठबंधन गरीबों की आर्थिक सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। गांधी ने कहा, अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह महालक्ष्मी जैसी योजनाओं के जरिए गरीबों की मदद करेगी। इस महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की एक महिला सदस्य को सीधे नकद हस्तांतरण के माध्यम से एक लाख रुपए की वार्षिक सहायता का प्रस्ताव है।

उन्होंने कहा, पैसा एक व्यक्ति के बैंक खाते में भेजा जाएगा लेकिन इसका उपयोग पूरे परिवार के लिए किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया, मोदी नहीं चाहते कि लोग अपने आसपास मौजूद हालात पर ध्यान केंद्रित करें। वह किसी न किसी माध्यम से आप सभी का ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं। देश के किसी भी हिस्से में आप युवाओं को घंटों अपने स्मार्ट फोन पर सोशल मीडिया साइट से चिपके हुए देख सकते हैं।

कारण यह है कि भारत बेरोजगारी का केन्द्र बन गया है। नोटबंदी और जीएसटी (माल एवं सेवाकर) के दोषपूर्ण क्रियान्वयन ने रोजगार सृजन को प्रभावित किया है। कांग्रेस नेता गांधी ने अपनी पार्टी के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा उनकी पार्टी अप्रेंटिसशिप करने वालों को रोजगार की गारंटी देकर बेरोजगारी की समस्या से निपटेगी जो देश में निजी क्षेत्र के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र में प्रशिक्षित कार्य बल पैदा करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सशस्त्र बलों में रोजगार की अग्निपथ योजना को भी खत्म कर देगी जिसमें चार साल के लिए अनुबंध पर नौकरी का प्रावधान है।

गांधी ने कहा कि उनकी सरकार बनने पर अग्निपथ योजना को खत्म कर सेना में पुरानी भर्ती व्यवस्था को लागू किया जाएगा तथा मोदी सरकार द्वारा किसानों के खिलाफ लाए गए गलत कानून को रद्द करके उनकी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया जाएगा और किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। गांधी ने कहा कि केंद्र में उनकी सरकार बनने पर पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की जाएगी, जीएसटी में बदलाव किया जाएगा, आशा और आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिलने वाले मानदेय को दोगुना किया जाएगा तथा मजदूरों के लिए प्रतिदिन की मजदूरी 400 रुपए तय की जाएगी।

गांधी ने अपने शुरूआती भाषण में कहा, इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव को लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई के रूप में मान रहा है। देश के गरीबों, दलितों और आदिवासियों को जो कुछ मिला है, वह संविधान की वजह से है। लेकिन भाजपा-आरएसएस (भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) गठबंधन और उनके पसंदीदा चार या पांच अरबपतियों के कारण संविधान खतरे में है।

# जेलों में बंद कैदियों ने 10वीं, 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण की



**प्रयागराज।** गाजियाबाद, आगरा, लखनऊकी जेल सहित उत्तर प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद कैदी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शनिवार को यहां यूपी बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम जारी किए जिसके मुताबिक, 10वीं कक्षा की परीक्षा में गाजियाबाद की जेल से 17, आगरा जेल से आठ, मथुरा जेल से छह, रामपुर जेल से पांच, बरेली जेल से नौ और लखनऊ जेल से नौ कैदी परीक्षा में शामिल हुए और ए सभी उत्तीर्ण हुए। यूपी बोर्ड की विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रदेश के 30 जनपदों की जेलों में बंद कुल 91 कैदी 10वीं की परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 89 कैदी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। इसके अनुसार इसी तरह, 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 105 कैदी शामिल हुए जिसमें से 87 उत्तीर्ण हुए। विज्ञप्ति के मुताबिक, 12वीं की परीक्षा में सबसे अधिक 21 कैदी गाजियाबाद से शामिल हुए जिसमें से 17 कैदी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। इसके अनुसार इसी तरह, बुलंदशहर की जेल से 11 कैदी परीक्षा में शामिल हुए और इसमें से 10 उत्तीर्ण हुए। विज्ञप्ति के अनुसार हरदोई जेल से परीक्षा में शामिल हुए सभी चार कैदी उत्तीर्ण हुए।

# क्या अशोक चव्हाण को जेल भेजने का अपना वादा पूरा करेंगे प्रधानमंत्री: कांग्रेस

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महाराष्ट्र के नांदेड़ में होने वाली जनसभा से पहले शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य अशोक चव्हाण के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि क्या वह चव्हाण को जेल भेजने का अपना 10 साल पुराना वादा पूरा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी आज नांदेड़ में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।


कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री महाराष्ट्र के नांदेड़ और परभणी में सभा को संबोधित करने जा रहे हैं। उनसे हमारे सवाल हैं। क्या प्रधानमंत्री भाजपा के राज्यसभा सदस्य अशोक चव्हाण को जेल में डालने का अपना वादा निभाएंगे? मराठवाड़ा में सूखे और पानी की कमी से निपटने के लिए भाजपा के पास क्या योजना है? नांदेड़ मंडल में



भारतीय रेलवे इतनी ख़राब स्थिति में क्यों है? उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री को 30 मार्च, 2014 को नांदेड़ में दिए गए अपने भाषण के शब्दों को याद करना चाहिए। तब उन्होंने अशोक चव्हाण पर तीखा हमला बोला था जो अब भाजपा वाशिंग मशीन योजना के नवीनतम लाभार्थी हैं। प्रधानमंत्री ने चव्हाण को आदर्श उम्मीदवार बताया था और कहा था कि अगर वह प्रधानमंत्री बने तो अशोक चव्हाण को "छह महीने के भीतर" जेल भेजेंगे। चव्हाण का नाम महाराष्ट्र के बहुचर्चित आदर्श सोसाइटी घोटाले में आया था।रमेश ने सवाल किया, क्या प्रधानमंत्री मोदी भाजपा को भी बेशर्म मानते हैं? क्या वह चव्हाण को जल्द ही क्लीन चिट दिलाने के लिए साजिश रचेंगे? क्या वह भाजपा के राज्यसभा सदस्य अशोक चव्हाण को जेल में डालने का अपना वादा पूरा करेंगे? कांग्रेस नेता ने महाराष्ट्र के कुछ इलाकों के सूखाग्रस्त होने को लेकर भी प्रधानमंत्री से सवाल किए।

उन्होंने कहा कि पिछले चार महीने से सूखे की स्थिति से जूझने के बाद मराठवाड़ा क्षेत्र अब बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि की चपेट में आ गया है। रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने मराठवाड़ा के किसानों की दुर्दशा को क्यों नजरअंदाज किया? क्या उनकी सरकार के पास उस नदी की रक्षा करने की कोई योजना है जो इस सूखाग्रस्त क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है? उन्होंने यह सवाल भी किया, नांदेड़ में महत्वपूर्ण रेलवे बुनियादी ढांचे की उपेक्षा क्यों की गई है? क्या मराठवाड़ा क्षेत्र में विकास के लिए प्रधानमंत्री के पास कोई वास्तविक विजन है?

## बंगाल के हल्दिया में आग लगने से कई दुकानें खाक



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में शुक्रवार देर रात भीषण आग लगने से कई दुकानें जलकर खाक हो गईं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हल्दिया के दुर्गा चौक इलाके में कई दुकानें देर रात करीब दो बजे लगी आग की चपेट में आ गईं। उन्होंने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। आपातकालीन सेवा के एक अधिकारी ने कहा, आग लगने के कारण लगभग 10 दुकान नष्ट हो गईं। कई दमकल गाड़ियों को तैनात किया गया है। आग पर एक घंटे के भीतर काबू पा लिया गया। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

# पाकिस्तानी नेता भी कहते है कि काश मोदी उनके देश के नेता होते : मप्र के मुख्यमंत्री

**एजेंसी।** भोपाल

**मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा है कि पाकिस्तान के नेता भी कहते हैं कि काश उनके देश में भी मोदी जैसा कोई नेता होता।उन्होंने साथ ही कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसके द्वारा बोए गए बीजों के कारण भारत का विभाजन हुआ। यादव ने शुक्रवार शाम को मध्य प्रदेश के होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान सभाओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोग भी भारत का हिस्सा बनना चाहते हैं क्योंकि पड़ोसी देश में अस्तित्व का संकट है। उन्होंने कहा, (पूर्व प्रधानमंत्री) नवाज शरीफ समेत पाकिस्तान के नेता लगातार कह रहे हैं कि काश नरेन्द्र मोदी वहां (पाकिस्तान में) होते। अगर आप नेता हैं तो ऐसे



नेता बनें कि आपका दुश्मन भी आपकी तारीफ करे। यह नेता (मोदी) हमें गौरवान्वित कर रहा है। उन्होंने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि पार्टी के माथे पर देश को भारत और पाकिस्तान में बांटने का कलंक है।यादव ने कहा, "देश के विभाजन के समय कोई भाजपा या जनसंघ नहीं था। कांग्रेस द्वारा बोए गए बीज के कारण देश का विभाजन हुआ। आधा पंजाब वहां (पाकिस्तान में) चला गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के समय लोगों में डर पैदा किया। यादव ने कहा, जब अनुच्छेद 370 को हटाया जा रहा था, तब कांग्रेस ने कहा था कि अगर ऐसा हुआ तो देश में खून की नदियां बहेंगी। खून की नदियां तभी बहेंगी, जब रगों में खून होगा। आपकी (कांग्रेस) रगों में पानी है। अनुच्छेद 370 का कलंक मिटाने पर देश जश्न मना रहा है। उन्होंने कहा कि कश्मीर के लोग इतने खुश हैं कि पीओके के लोग भी भारत में शामिल होना चाहते हैं क्योंकि पाकिस्तान में गुजारा करना मुश्किल है।

# भाजपा की 400 पार वाली फिल्म पहले दिन ही सुपर फ्लॉप हो गई : तेजस्वी

**एजेंसी।** पटना

बिहार में लोकसभा की चार सीट पर मतदान होने के एक दिन बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा की 400 पार वाली फिल्म पहले दिन ही सुपर फ्लॉप हो गई। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में यह साबित हो गया कि भाजपा का 400 से अधिक सीट जीतने का दावा सुपर फ्लॉप हो गया है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में, राज्य में चार सीट पर शुक्रवार को मतदान हुआ। तेजस्वी ने कहा, काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। भाजपा के दिन अब लद चुके है। हम (महागठबंधन) बिहार की वे सभी चार सीट जीत रहे हैं जहां पहले चरण (19 अप्रैल) में मतदान हुआ है। राजद नेता ने कहा कि बिहार की इन चार लोकसभा




सीट--गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा में 2019 के आम चुनाव की तुलना में मतदान प्रतिशत निश्चित रूप से कम रहा, लेकिन इन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में जीत के प्रति महागठबंधन आश्वस्त है।

महागठबंधन के घटक दल विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा, बिहार में शुक्रवार को जिन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हुए, उन सभी चार सीट पर महागठबंधन के उम्मीदवार जीत रहे हैं। हम राज्य में लोकसभा की शेष 36 सीट भी जीतेंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के अनुसार, पहले चरण के चुनाव में बिहार में 48.23 प्रतिशत मतदान हुआ।

# बैतूल में बस पलटने से पुलिस और होम गार्ड के 21 जवान घायल

**एजेंसी।** बैतूल

**मध्य** प्रदेश के बैतूल जिले में शनिवार तड़के एक बस के पलट जाने से उसमें सवार पुलिस और होम गार्ड के 21 जवान घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि ए जवान चुनावी ड्यूटी करने के बाद राज्य में अपने गृह जिले राजगढ़ लौट रहे थे, तभी भोपाल-बैतूल राजमार्ग पर बरेठा घाट के पास उनकी बस पलट गई। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) शालिनी परस्ते ने बताया कि यह दुर्घटना तड़के करीब चार बजे हुई। उन्होंने कहा, बस में कुल 40 जवान सवार थे जिनमें से पांच पुलिसकर्मी और बाकी होम गार्ड के जवान थे। ए जवान छिंदवाड़ा में चुनावी ड्यूटी करने के बाद राजगढ़ जा रहे थे, लेकिन रास्ते में बस पलट गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गंभीर रूप से घायल आठ कर्मियों का इलाज बैतूल के जिला अस्पताल में किया जा रहा है और मामूली रूप से घायल कर्मियों का उपचार शाहपुर अस्पताल में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रास्ते में आए एक ट्रक से टकराने से बचने के क्रम में बस पलट गई। छिंदवाड़ा लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ था।



## बस पलटने से बाराती घायल

उन्नाव। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर शनिवार तड़के बारातियों को ले जा रही एक बस पलट गई जिससे कुछ व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अरविंद कुमार ने बताया, बस में सात बच्चों सहित 32 लोग सवार थे। यात्रियों में से एक को गंभीर चोटें आईं और उसे लखनऊ के एक अस्पताल में भेजा गया है। कुछ अन्य को मामूली चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस के मुताबिक ये लोग एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गुरुग्राम से जौनपुर जिले जा रहे थे। अधिकारी ने बताया, बस सबली खेड़ा गांव के पास पलट गई। ऐसा प्रतीत होता है कि बस चालक को झपकी आने से बस अनियंत्रित होकर पलट गई।

# बंगाल के उच्च शिक्षा विभाग ने राज्यपाल से की अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति की मांग

**एजेंसी।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल उच्च शिक्षा विभाग ने राज्यपाल सी वी आनंद बोस से उन संस्थानों में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्तियां करने का अनुरोध किया है जहां ए पद रिक्त हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने शुक्रवार को बताया कि राज्य सरकार ने अंतरिम कुलपतियों की नियुक्तियों के लिए 31 प्राध्यापकों के नाम सुझाए थे लेकिन राज्यपाल ने इनमें से छह नामों को मंजूर किया और शेष सब नामों को खारिज कर दिया। बोस सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी हैं। अधिकारी ने को बताया, आज पश्चिम बंगाल उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ विशेष सचिव ने कुलाधिपति से उच्चतम न्यायालय के आदेश पर उनके और मुख्यमंत्री के बीच बनी सहमति के आधार पर अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति करने का



**विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्तियां करेंगे जहां ये पद रिक्त हैं**

अनुरोध किया। उन्होंने कहा, कुलाधिपति इन छह प्राध्यापकों में से ही उन विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्तियां करेंगे जहां ए पद रिक्त हैं। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने बृहस्पतिवार को इस संबंध में राजभवन में बोस के साथ एक घंटे तक चर्चा की थी।

# इजराइल का ईरान पर पलटवार : कैसे घरेलू राजनीति इजरायली कार्रवाइयों को निर्धारित कर रही

**एजेंसी।** बर्नाबी

हाल ही में ईरान द्वारा इजरायली धरती की ओर छोड़े गए मिसाइलों और ड्रोनों की बमबारी के जवाब में इजरायल ने ईरान पर मिसाइल हमला किया है। विशेष रूप से, ईरान के खिलाफ इजरायल का हमला वास्तविक से अधिक प्रतीकात्मक प्रतीत होता है। फिर भी, रात भर की इजरायली बमबारी दोनों देशों के बीच तनाव में नवीनतम वृद्धि का सबब बन गई है। अप्रैल को दमिश्क में ईरान के दूतावास पर इजराइल के हमले के बाद शत्रुता बढ़ गई, जिसमें एक वरिष्ठ ईरानी सैन्य नेता की मौत हो गई। इजराइल ने, कुद्स फोर्स के एक प्रमुख व्यक्ति को खत्म करके, क्षेत्र में अपनी प्रॉक्सी ताकतों, विशेष रूप से हिजबुल्लाह और हौथी के साथ ईरान के प्रभाव को कम करने की कोशिश की। प्रतिष्ठा दांव पर

ईरान ने जल्द ही जवाबी कार्वाई की। अगर वह ऐसा नहीं करता तो उसके सहयोगियों और नागरिकों दोनों के बीच ईरान सरकार की



प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचता। लेकिन ईरान की जवाबी कार्वाई ने जो रूप अख्तियार किया, वह ईरान के इरादों का अहम संकेत है. ज्यादातर धीमी गति से चलने वाले ड्रोन और क्रूज़ मिसाइलों का उपयोग करने का इसका विकल्प, भले ही बड़े पैमाने पर हो, इसकी अपनी सापेक्ष कमजोरी का प्रदर्शन है। इजराइल की आयरन डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली और क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों ने ईरान के हमले के संभावित प्रभाव को न्यूनतम बना दिया। ईरान ने इजराइल पर हमला करने के लिए एक ऐसा साधन चुना, जिसका आसानी से मुकाबला किया जा सके, ऐसा प्रतीत होता है कि उसने महत्वपूर्ण क्षति न पहुंचाकर हिंसा के चक्र को समाप्त करने के लिए एक अवसर प्रदान करके प्रतीकात्मक रूप से इजराइलियों पर जवाबी हमला करने की कोशिश की। हालाँकि, यह प्रयास इज़राइल के भीतर की घरेलू स्थिति को नजरअंदाज करता है जिसने अंततः 19 अप्रैल की सुबह ईरान में लक्ष्यों पर हमला करने के देश के फैसले को बढ़ावा दिया।

ईरानी क्रांति के बाद से, ईरान ने, कुद्स फोर्स और उसके पूर्ववर्तियों के माध्यम से, अपने रणनीतिक प्रभाव को बढ़ाने के लिए मध्य पूर्व में कई प्रॉक्सी समूहों को सक्रिय रूप से आकर्षित किया है। इन समूहों में सबसे प्रमुख हिजबुल्लाह है, जो लेबनान में स्थित एक उग्रवादी समूह है और राजनीतिक दल बन गया है। 1980 के दशक में दक्षिणी लेबनान पर इज़राइल के आक्रमण के जवाब में हिज़्बुल्लाह अस्तित्व में आया और उसे ईरान से व्यापक समर्थन मिला। 7 अक्टूबर, 2023 को इजरायलियों पर हमास के हमलों के बाद से हिजबुल्लाह इजरायल के साथ सीमा पर छोटे पैमाने पर झड़पों में उलझा हुआ है, जो इजरायल के लिए एक कांटा बना हुआ है। हालाँकि इन प्रॉक्सी समूहों ने मध्य पूर्व में ईरान के राजनीतिक प्रभाव और रणनीतिक विकल्पों को बढ़ाया है, लेकिन साथ ही वे देश के नेतृत्व के लिए बोझ भी बन सकते हैं क्योंकि वे ईरान के पूर्ण नियंत्रण में नहीं हैं। इसके अलावा, वे इन समूहों पर प्रभाव खोने से बचने के लिए ईरान के नेतृत्व पर अपने रुख को कट्टरपंथी बनाने का दबाव भी बना सकते हैं। ईरान के लिए, यह एक रणनीतिक दुविधा प्रस्तुत करता है।

इसके प्रॉक्सी समूहों के बीच बहुत अधिक ईरानी प्रभाव और प्रतिष्ठा इजरायल और अमेरिका के विरोध और तथाकथित प्रतिरोध की धुरी के नेतृत्व के रूप में देखे जाने पर आधारित है, जो ईरान में केंद्रित राज्य और गैर-राज्य संस्थाओं का एक समूह है जो इजरायल और अमेरिका की उपस्थिति का विरोध करता है। इसलिए, ईरान ने अपने प्रतिनिधियों का समर्थन करते हुए और इजराइल और अमेरिका का विरोध करते हुए सुई में धागा डालने की कोशिश की है, साथ ही किसी भी उकसावे से ईरान के हितों को होने वाले नुकसान को सीमित करने की कोशिश की है। ईरान के ड्रोन और मिसाइल हमले इजराइल को हतोत्साहित करने के लिए डिजाइन किए गए थे। हालाँकि, यह ऑफ-रैंप केवल तभी काम करता है जब कोई इज़राइल की घरेलू राजनीति की उपेक्षा करता है।

# 12वीं में निधि रानी और 10वीं में तानिष रहे अव्वल

● उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के शनिवार को रिजल्ट जारी जारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट देखकर खुशीं मनाती छात्राएं।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के शनिवार को रिजल्ट जारी कर दिए। इस परीक्षा में गौतमबुद्धनगर के 10वीं और 12वीं के छात्रों ने भी परचम लहराया है।

गौतमबुद्धनगर से जहां 10वीं के छात्रों का पासिंग परसेंटे 95.11 फीसदी रहा। वहीं 12वीं के छात्रों का पासिंग परसेंटेज 84.96 फीसदी रहा। यूपी बोर्ड की परीक्षा का परिणाम आ चुका है। गौतमबुद्धनगर के छात्रों ने भी यूपी बोर्ड की परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया है। यूपी बोर्ड की परीक्षा में ग्रेटर नोएडा के दनकौर स्थित नवादा गांव के तानिष ने टॉप किया है। तनिष एसडीएस इंटर कॉलेज के छात्र हैं और उन्हें 600/575 अंक प्राप्त हुए हैं। उनका पासिंग परसेंटेज 95.83 प्रतिशत रहा।

इस वर्ष गौतमबुद्धनगर में 21,554 छात्रों ने 10वीं की परीक्षा दी थी। यूपी बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में ग्रेटर नोएडा के मिहिर भोज बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा निधि रानी ने साइंस स्ट्रीम में टॉप किया है। इस वर्ष-18,554 छात्रों ने 12वीं की परीक्षा दी थी। 12वीं का पासिंग परसेंटेज 84.96 फीसदी रहा। गौतमबुद्ध नगर की निधि ने 12वीं में टॉप किया है।

वह 10 घंटे से ज्यादा देर तक पढ़ाई करती है। वह कभी किसी सवाल में फंस जाती या उन्हें समझ में नहीं आता है तो यू ट्यूब से मदद लेती हैं। उन्होंने टाइम मैनेजमेंट का ध्यान रखा। टीचर का सही मार्गदर्शन लिया। जिसके चलते वह इंटर में टॉप कर पाई हैं।अपना अनुभव साझा करते हुए निधि ने कहा, इंटरनेट जानकारी का खजाना है। लेकिन सही प्रयोग से ही इसका फायदा लिया जा सकता है। इसलिए जब फंसे तब ही इसका प्रयोग करे। सोशल मीडिया अकाउंट तो बनाए है लेकिन एक्टिव नहीं रहती। उनका कहना है कि ये टाइम किलर मशीन है। इसके लिए वह अखबार पढकर जनरल नालेज को मजबूत कर रही है। साइंस स्ट्रीम में उन्होंने 93.80 प्रतिशत अंक हासिल किए। उन्होंने 500 में से 469 अंक मिले। उन्होंने बताया कि उनके सब्जेक्ट पीसीएम के अलावा हिंदी और अंग्रेजी थे।

फिजिक्स में 87, केमिस्ट्री में 97, मैथ में 96 हिंदी में 96 और अंग्रेजी में 93 अंक प्राप्त किए। मेहनत के साथ उन्होंने ट्यूशन लिया। उन्होंने बताया कि टाइम मैनेजमेंट और टाइम टेबल बनाकर पढ़ने से काफी परेशानी कम हो जाती है। एक साथ पढ़ने की बजाय साल भर पढ़ना बेहतर है। उनका लक्ष्य आईएएस है। इसके बाद वे पहले ग्रेजुएशन करेंगी इसके साथ ही आईएएस की तैयारी करेंगी।

उनके पिता राजीव कुमार पेशे से इंजीनियर है। और प्राइवेट फर्म मे जॉब करते है। वहीं माता कमलेश हाउस वाइफ है। उन्होंने बताया कि टीचर ने उनका पूरा साथ दिया। पिता को रोल मॉडल मानती है। उनके कहने पर ही चलती हूं।

## गाजियाबाद की जेल से 38 कैदियों ने पास की बोर्ड परीक्षा



गाजियाबाद। गाजियाबाद की जेल सहित उत्तर प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद कैदियों ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं की परीक्षा दी जिसमें से क्रमश: 97.80 प्रतिशत और 82.86 प्रतिशत कैदी उत्तीर्ण हुए। 10वीं कक्षा की परीक्षा में गाजियाबाद की जेल से 17, आगरा जेल से आठ, मथुरा जेल से छह कैदी शामिल हुए और ये सभी उत्तीर्ण हुए। यूपी बोर्ड की विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रदेश के 30 जनपदों की जेलों में बंद कुल 91 कैदी 10वीं की परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 89 कैदी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। इस तरह 97.80 प्रतिशत कैदी उत्तीर्ण हुए। 12वीं की परीक्षा में सबसे अधिक 21 कैदी गाजियाबाद से शामिल हुए जिसमें से 17 कैदी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। इसके अनुसार इसी तरह, बुलंदशहर की जेल से 11 कैदी परीक्षा में शामिल हुए और इसमें से 10 उत्तीर्ण हुए। विज्ञप्ति के अनुसार हरदोई जेल से परीक्षा में शामिल हुए सभी चार कैदी उत्तीर्ण हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### राइड एशिया के पांचवे संस्करण का आरंभ



नई दिल्ली। साइकिल एवं इलेक्ट्रिक वाहन की दुनिया के नवीनतम उत्पादों एवं तकनीकी जानकारी के साथ राइड एशिया एक्सपो के पांचवे संस्करण प्रगति मैदान में किया गया ह। 21 अप्रैल तक चलने वाले इस एक्सपो में पूरे एशिया से साइकिल, इलेक्ट्रिक वाहन एवं उद्योग से जुड़े पेशेवर शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉक्टर रजनीश (एडिशनल सेक्रेटरी एंड डेवलपमेंट कमिश्नरट्ठ एम एस एम ई ) उपस्थित हुए। उड़ान मीडिया एंड कम्युनिकेशंस के सीएमडी जीएस ढिल्लों ने राइड एशिया 2024 के अनुभव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित हो रहे राइड एशिया 2024 प्रदर्शनी ने पंजाब में ई बाइक उद्योग के लिए नए रास्ते खोल दिए हैं। जिससे वे आसानी से प्रदर्शनी में जा सकें और विभिन्न उद्योगपतियों से मिल सकें एवं नवीन तकनीकों के उत्पादों को बुक कर सकें।

### युवती के प्राइवेट फोटो वायरल करने पर मामला दर्ज

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में एक युवती के प्राइवेट फोटो वायरल करने का मामला समाने आया है। पीडिता की शिकायत पर 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। शिकायत के बाद पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। दरअसल ग्रेटर नोएडा में एक युवती के बॉयफ्रेंड के साथ की प्राइवेट फोटो वायरल करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ थाना नॉलेज पार्क में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पीड़ित युवती के मुताबिक उसके बॉयफ्रेंड के ऑफिस में काम करने वाले युवकों ने उसकी प्राइवेट पिक्चरों को सोशल मीडिया पर वायरल किया है। सेक्टर-151 में रहने वाली महिमा (काल्पनिक नाम) ने बताया कि बीते 21 मार्च को इंस्टाग्राम पर उसके कुछ प्राइवेट फोटो वायरल हुई थी। उसने इसकी शिकायत साइबर सेल से की। जिसके बाद पता चला कि उक्त आईडी सूरज की थी। शिकायत करने के कुछ समय बाद वह आईडी डीएक्टिवेट हो गई। 17 अप्रैल को इंस्टाग्राम पर उसके फिर प्राइवेट फोटो को वायरल किए गए। इन फोटो में इसका एक बॉयफ्रेंड भी दिख रहा था।

# लोकसभा चुनाव: 24 से सड़कों पर रहेगा ट्रैफिक डाइवर्ट

## यातायात पुलिस ने जारी किया परामर्श, फूल मंडी परिसर से सटी चारों तरफ की सड़कों पर वाहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को वोट डाले जाने हैं। इसको लेकर तैयारियां जोरों-शोरों से है। जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर लगातार सेक्टर-82 स्थित फूल मंडी का निरीक्षण कर रहे है। इसके लिए तीन दिन पहले से सेक्टर-82 फूल मंडी में मतदान समेत अन्य काम में लगे कर्मचारी आने लगेंगे। इसको देखते हुए 24 से 26 अप्रैल के बीच जरूरत पडने् पर वाहनों के रास्तों में बदलाव होगा। ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, अभी तक 24, 25 और 26 अप्रैल को यह ट्रैफिक डायवर्जन प्रस्तावित है।

इस दौरान फूलमंडी के सामने और आसपास की सड़कों का ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा। फूल मंडी परिसर से सटी चारों तरफ की सड़कों पर वाहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे। सूरजपुर से आने वाले वाहनों को कुलेसरा पुल के कुछ आगे एसएमसी कंपनी की तरफ बाईं तरफ मोड़ दिया जाएगा। भंगेल से सूरजपुर जाने वाले भारी वाहनों को गेझा तिराहे से मोड़कर ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे की तरफ मोड़ा जाएगा। फूल मंडी तिराहे से सेक्टर-88 चौक तक की सड़क को पूरी तरह बंद रखा जाएगा।

गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर इस बार 26.75 लाख लोग अपना वोट देंगे। पूरी लोकसभा सीट पर 26,75,148 लोग अपने मत का इस्तेमाल करेंगे। इसमें सबसे ज्यादा मतदाता नोएडा विधानसभा में हैं। गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक सबसे ज्यादा मतदाता नोएडा विधानसभा क्षेत्र में है। अकेले नोएडा विधानसभा क्षेत्र में 7,82,872 मतदाता हैं। उसके बाद दादरी विधानसभा में 7,29,481 मतदाता हैं।

तीसरे नंबर पर जेवर में 3,69,824 मतदाता हैं। सिकंदराबाद विधानसभा में में 3,99,091 मतदाता हैं। खुर्जा विधानसभा में 3,93,880 मतदाता हैं। कुल मिलाकर गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर 26,75,148 मतदाता हैं। इसमें से सिकंदराबाद और खुर्जा विधानसभा बुलन्दशहर जिले में आती है।

## पुलिस आयुक्त ने किया रामलीला मैदान का निरीक्षण

गाजियाबाद। कविनगर रामलीला मैदान में होने जा रही बसपा सुप्रीमों मायावती की रैली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लेने के लिये पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने अधिनस्थ अधिकारियों के साथ रामलीला मैदान का निरीक्षण किया। इस मौके पर मिश्रा ने जहां बसपा नेताओं से वार्ता की वहीं अधिनस्थों को भी रैली के समय पूरी तरह से अलर्ट रहने के निर्देश दिये। कमिश्नर ने की रैली के दौरान यातयात व्यवस्था को भी बाधारहित बनाने के निर्देश एडीसीपी ट्रैफिक विरेंद्र कुमार को दिये। इस अवसर पर एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञान्नजय सिंह, एडीसीपी प्रोटोकॉल आन्नद कुमार, एडीसीपी ट्रैफिक विरेंद्र कुमार, एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी एलआईयू विवेक सिंह व एसएचओ योगेंद्र सिंह मौजूद थे।

## बसपा प्रभारी ने लिया तैयारियों का जायजा

गाजियाबाद। कविनगर रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली बसपा सुप्रीमों मुख्यमंत्री मायावती की रैली को पूरी तरह से सफल बनाने के लिये जहां प्रभारी शमसुद्दीन राइन ने जहां गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में डेरा डाल दिया है वहीं उन्होंने रैली की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिये बसपा के पदाधिकारियों के साथ रामलीला मैदान पर पहुंचकर वहां पर चल रही जनसभा संबंधित तैयारियों का जायजा लिया।

# पूर्व चीफ इंजीनियर यादव सिंह की मुश्किल बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के पूर्व चीफ इंजीनियर यादव सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने सीबीआई स्पेशल कोर्ट गाजियाबाद के 21 दिसंबर 2013 के आदेश पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है।

इस मामले में कोर्ट ने साफ कहा है कि धारा 88 के तहत दायर पूरक चार्जशीट में यादव सिंह को जमानत देने के लिए बांड स्वीकार नहीं किया जा सकता है। हाईकोर्ट ने कहा कि यादव सिंह सीआरपीसी की धारा 88 का लाभ पाने के हकदार नहीं हैं। उन्हें नियमित जमानत अर्जी दायर करनी होगी। अगर वे जमानत अर्जी देते हैं तो विशेष अदालत नियमानुसार फैसला करेगी। जस्टिस संजय कुमार सिंह की एकल पीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। सीबीआई के वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश और संजय कुमार यादव ने यादव सिंह की याचिका का विरोध किया था। कोर्ट ने कहा कि पूरक चार्जशीट अलग करार बांड से संबंधित है। कुल 1280 करार बांड पर 954.38 करोड़ रुपये का ठेका दिया गया था। इस मामले में सीबीआई ने तीन चार्जशीट दायर की थीं और बाद में अलग करार बांड पर पूरक चार्जशीट दायर की गई।

कोर्ट का कहना है कि पहले की चार्जशीट में जमानत मिलने के आधार पर इस पूरक चार्जशीट में जमानत बांड स्वीकार नहीं किया जा सकता है। हाईकोर्ट ने यादव सिंह को अग्रिम जमानत देने से भी इनकार कर दिया है। अब यादव सिंह धारा 88 के तहत तीन चार्जशीटों में मिली जमानत के आधार पर इस पूरक चार्जशीट में भी जमानत बांड स्वीकार करने की मांग नहीं कर सकते हैं।

# सांसद बनने के 60 दिन के अंदर करा देंगे सबकी रजिस्ट्री: राजेन्द्र सोलंकी

● बसपा प्रत्याशी ने सोसाइटी के लोगों को सांधने की कोशिश की

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह सोलंकी ने बड़ी घोषणा की है। श्री सोलंकी ने कहा है कि नोएडा सीट से सांसद बनते ही 60 दिन के अंदर सभी फ्लैट बॉयर्स की रजिस्ट्री करा दी जाएगी। बसपा प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह सोलंकी ने यह भी कहा कि वें नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र की सारी समस्याओं से पूरी तरह से अवगत हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र की जनता उन्हें अपना सांसद जरूर चुनेगी। आपको बता दें कि नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में फ्लैट बॉयर्स की समस्या बहुत बड़ी है। अपनी खून पसीने की कमाई खर्च करने के बाद भी फ्लैट बॉयर्स को बिल्डरों ने फ्लैट नहीं दिए हैं। जिन बॉयर्स को फ्लैट मिल भी गए हैं उनमें से हजारों बॉयर्स के फ्लैटों की रजिस्ट्री नहीं हुई है। फ्लैट बॉयर्स की समस्या नोएडा सीट पर बड़ा चुनावी मुदद्दा है। बसपा प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा कि यदि क्षेत्र की जनता उन्हें अपना सांसद चुनती है तो वें सांसद बनने के 60 दिन के अंदर फ्लैट बॉयर्स की सभी रजिस्ट्री कराने का काम करेंगे। इस काम के लिए अधिकारियों का घेराव करना पड़े तो वह घेराव भी करेंगे। बसपा प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह सोलंकी ने जेवर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का तूफानी दौरा कर वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वे खुद नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संस्थापकों में शामिल हैं। नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बनते वक्त यह नियम बनाया गया था कि यहां लगने वाले उद्योगों में स्थानीय युवाओं को 60 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

# पुलिस ने तीन चोरों को किया गिरफ्तार, कई बाइक बरामद

● आरोपियों को कोर्ट में पेश कर भेजा जेल

पायनियर समचार सेवा। नोएडा



थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की 5 बाइक दो तमंचे और कारतूस बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपी वाहन चोरी करने के साथ-साथ चोरी की बाइकों को भी खरीदते थे। पुलिस ने तीनों वाहन चोरों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

थाना प्रभारी सरिता मलिक ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि दो वाहन चोर चोरी की बाइकों पर सवार होकर छपरौली गोल चक्कर की तरफ आ रहे हैं। उनके पास अवैध हथियार भी हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने वाजिदपुर के पास वाहनों की चैकिंग शुरू कर दी। इस दौरान दो बाइक सवार पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दोनों को दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से एक-एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए। पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम शोएब और शाहनवाज बताया। पकड़े गए शाहनवाज ने बताया कि उससे बरामद बाइक उसने सदरपुर गांव से चोरी की थी।

# अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई, 16 तस्कर गिरफ्तार

● चुनावों में शराब खपाने की थी तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग स्थान से 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में शराब बरामद हुई है। साथ हू पुलिस ने तस्करी कर लाए जा रहे गांजे के साथ तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। थाना बिसरख पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि हरियाणा से छोटा हाथी (टैम्पो) में शराब की खेप तिगड़ी से होते हुए सूरजपुर की तरफ ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तिगड़ी बॉर्डर पर बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू कर दी। पुलिस को देखकर टेंपो चालक ने टेंपो को वापस मोड़ कर भागने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने टेंपो चालक को साथी सहित दबोच लिया। टेंपो की तलाशी लेने पर उसमें से 200 पेटी रसीला संतरा, मसालेदार देसी शराब हरियाणा मार्का की बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम सागर उर्फ मोंटी व रमन बताया।

दोनों आरोपियों ने बताया कि वह हरियाणा से शराब लाकर यूपी में डिमांड के हिसाब से सप्लाई कर मुनाफा कमाते हैं। थाना सेक्टर-24 पुलिस ने सेक्टर-11 के पास से अखिलेश भारती को गिरफ्तार किया इसके पास से 478 टेट्रा पैक कैटरीना देसी शराब बरामद हुई।

**नकली डॉलर बदलवाने की कोशिश, दो विदेशी पकड़े :** कनॉट प्लेस ने नकली अमेरिकी डॉलर चलाने की कोशिश करने वाले दो विदेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# वॉकथान: जिला प्रशासन ने दिया मतदान करने का संदेश

● डीएम ने बच्चों को सिखाया योग

पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद




जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वॉकथान का आयोजन किया गया। वॉकथान का शुभारंभ डॉ. राममनोहर लोहियापार्क में जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया।

स्कूली बैंड की धुन पर वॉकथान का आयोजन हुआ। तो वहीं नुक्कड नाटक के जरिए स्कूली छात्रों ने लोगों को एक-एक वोट की महत्ता बताई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रविक्रम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी की भागीदारी होनी चाहिए, तभी हम एक बेहतर सरकार चुन सकते हैं, देश के निर्माण में यह बेहद आवश्यक है कि हर कोई अपनी जिम्मेदारी निभाएं, ताकि सही प्रत्याशी चुने जा सके। वोट वाले दिन लोग घर में ना बैठ कर अपने मतदान केन्द्रों पर पहुंचे और वोट करें, आपका एक वोट देश के विकास के लिए एक जरूरी कदम होगा। स्वीप प्रभारी सीडीओ अभिनव गोपाल ने कहा कि जिले का वोटिंग प्रतिशत पिछले कई चुनावों में काफी कम रहा है। वोटिंग वाले दिन बाहर घूमने के बजाए वोट करें, ताकि आने वाली पीढी भी लोकतंत्र के इस महापर्व का महत्व समझ सके।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, सीडीओ अभिनव गोपाल, सीएमओ डॉ.भवतोष शंखधर, सीएमएस डॉ.विनोद चतुर्वेदी, डीडीओ प्रज्ञा श्रीवास्वत, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल, स्वीप टीम से पूनम शर्मा, विनीता त्यागी, जिला खेल अधिकारी पूनम विश्नोई सहित सैंकडों बच्चें शामिल रहे। एक बार फिर डीएम इन्द्र विक्रम सिंह वॉकथान कार्यक्रम में अलग अंदाज में दिखे।

वॉकथान के दौरान स्कूली छात्रों ने म्यूजिकल योग प्रस्तुति दी। इसके बाद डीएम भी अपने आपको नहीं रोक पाएं। उन्होंने भी छात्रों को योग क्रियाएं करके दिखाई। यहां तक की शीर्षासन भी डीएम ने किया। विभिन्न योग क्रियाए करने के साथ ही डीएम ने छात्रों को जीवन में योग का महत्व भी बताया।

# मेयर चुनाव में आप को समर्थन देगी कांग्रेस

● दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली से सभी पार्षदों ने चर्चा के बाद लिया फैसला : अनिल भारद्वाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




लोकसभा चुनाव के बीच नगर निगम का चुनाव 26 अप्रैल को होना है। आम आदमी पार्टी और भाजपा ने अपने महापौर और उपमहापौर के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन भर दिया है। इस दौरान शनिवार को दिल्ली कांग्रेस ने आप उम्मीदवारों को समर्थन देने की घोषणा की है।

प्रदेश कांग्रेस के कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दिल्ली नगर निगम में आगामी 26 अप्रैल को महापौर और उपमहापौर के चुनाव में कांग्रेस पार्षद आम आदमी पार्टी महापौर उम्मीदवार महेश खिंची और उप महापौर उम्मीदवार रविन्द्र भारद्वाज का सदन में समर्थन करेंगे। उन्होंने बताया कि अरविन्दर सिंह लवली से कांग्रेस के सभी पार्षदों ने विचार विमर्श करने के बाद यह फैसला लिया गया कि महापौर और उपमहापौर के चुनाव में कांग्रेस पार्षद आम आदमी पार्टी महापौर उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करेंगे ।

भारद्वाज ने कहा कि एमसीडी में चंडीगढ़ निगम चुनाव जैसा कुछ न हो, जब लोकतंत्र को शर्मशार होना पड़ा था और वहां मेयर चुनाव में सुप्रीम कोर्ट को संज्ञान लेना पड़ा था। कांग्रेस जनता के हित में आम आदमी पार्टी के महापौर और उपमहापौर चुनाव में उनके उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे। गठबंधन निभाने के लिए शीर्ष नेतृत्व के आदेश का कांग्रेस पार्षद सदन में पालन करेंगे। राजधानी दिल्ली का 90 प्रतिशत क्षेत्र एमसीडी के अंतर्गत आता है, जिसके साफ सफाई और रख-रखाव की जिम्मेदारी निगम में चुनी हुई सरकार की होती है। हम विपक्ष की भूमिका निभाते हुए मूकदर्शक बनकर नहीं रहेंगे।

दिल्ली नगर निगम प्रभारी जितेन्द्र कुमार कोचर ने कहा कि पिछले दो वर्षों से निगम में सत्ताधारी दल को भाजपा ने स्थायी समिति और जोन कमेटी का गठन नहीं होने दिया है, जिसका नुकसान जनता को भुगतना पड़ रहा है। दिल्ली की 2.5 करोड़ जनता के स्वास्थ्य, सफाई और रख-रखाव के लिए निगम जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि जनता के हित में कांग्रेस सदन में इंडिया गठबंधन के सहयोगी आप के महापौर और उप महापौर के चुनाव में पूरा समर्थन करेंगे। अगर हमें लगेगा कि जनता का अहित हो रहा है तो कांग्रेस आप पार्टी के खिलाफ आवाज उठाने से पीछे नही रहेगी।

निगम में कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश ने कहा कि वर्तमान हालात में राजनीतिक उथल पुथल में संविधान का हनन हो रहा है। निगम सदन में कांग्रेस पार्टी के निगम पार्षद शीर्ष नेतृत्व के आदेश का पालन करेंगे और आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों का मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव में पूर्ण समर्थन करेंगे।

# सरत रेड्डी को लेकर आप ने उठाये ईडी पर सवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि आबकारी घोटाला मामले में आरोपी व्यक्ति से 60 करोड़ रुपए लिए, लेकिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि खुद उन्हें, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत आप के नेताओं को बिना किसी सबूत के आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार किया गया। सिंह ने आरोप लगाया कि ईडी ने आबकारी घोटाला मामले में अपने आरोपपत्र में जिस सरत रेड्डी को मुख्य आरोपी बताया था, उसने चुनावी बॉण्ड के माध्यम से 60 करोड़ रुपए दिए। लेकिन एजेंसी ने इस मामले में किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर रेड्डी या सिंह ने दावा किया कि आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तारी के बाद रेड्डी ने 15 नवंबर, 2022 को भाजपा को चंदे के रूप में पांच करोड़ रुपए दिए।

उन्होंने कहा कि छह महीने जेल में रहने के बाद रेड्डी को 8 मई 2023 को जमानत मिल गई और अगले कुछ दिन में उसने चुनावी बॉण्ड के माध्यम से भाजपा को 50 करोड़ रुपए दिए। सिंह ने यह दावा भी किया कि अपनी गिरफ्तारी से पहले, रेड्डी ने 2022 में भाजपा को पांच करोड़ रुपए का चंदा दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि 21 मार्च को चुनावी बॉण्ड का विवरण सार्वजनिक होने और यह खुलासा होने के तुरंत बाद ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास पर छापा मार दिया कि भाजपा ने रेड्डी से पैसे लिए थे।

# वडोदरा लोकसभा सीट से टिकट पाने के बारे में कभी सपने में भी नहीं सोचा था : हेमांग

### क्षेत्र में हेमांग जोशी भाजपा के सबसे कम उम्र के उम्मीदवार हैं



पायनियर समाचार सेवा। वडोदरा

**गुजरात** में वडोदरा लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद रंजन भट्ट के अप्रत्याशित रूप से उम्मीदवारी की दौड़ से बाहर हो जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गुजरात में सबसे युवा उम्मीदवार हेमांग जोशी को इस बात की जानकारी नहीं थी कि आगे क्या होने वाला है। जोशी और उनकी पत्नी जब होली पर एक संगीत कार्यक्रम में थे तो उस दौरान उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। उन्हें तब जानकारी मिली कि भाजपा ने उन्हें वड़ोदरा लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार चुना है।

लोकसभा की 26 सीट वाले गुजरात में जोशी भाजपा के सबसे कम उम्र के उम्मीदवार हैं जिनकी उम्र 33 साल है। जोशी ने एक साक्षात्कार में कहा कि वह 10 लाख से अधिक मतों के अंतर से जीतने का प्रयास कर रहे हैं, जो भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रमुख सीआर पाटिल द्वारा निर्धारित लक्ष्य है। राज्य की सभी सीट पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। उन्होंने कहा, मैंने टिकट मिलने के बारे में सपने में भी नहीं सोचा था। यह मेरे लिए बेहद आश्चर्य की बात थी। मीडिया मंच फॉक्स स्टोरी इंडिया द्वारा तैयार 40 वर्ष से कम उम्र के भारत के 40 युवा नेताओं की सूची में शामिल जोशी ने कहा कि अन्य सीट पर जीत का अंतर पांच लाख वोट का है लेकिन पाटिल ने वड़ोदरा में इसे 10 लाख रखा है। भट्ट ने 2014 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सीट छोड़े जाने के बाद वड़ोदरा उपचुनाव जीता था। वह 2019 में यहां से जीतीं और तीसरी बार के लिए तैयारी कर रही थीं, लेकिन स्थानीय भाजपा इकाई में आंतरिक कलह ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। पिछले महीने उन्होंने कहा था कि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहतीं। इसके एक दिन बाद पूर्व छात्र नेता जोशी को उम्मीदवार बनाया गया। उन्होंने कहा, जब तक मेरे नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई, मुझे एक भी फोन नहीं आया कि मुझे पार्टी का उम्मीदवार माना जा रहा है। मैं और मेरी पत्नी कामकाजी लोग हैं और हमें साथ में बाहर जाने का बहुत कम समय मिलता है। जब मेरे नाम की घोषणा की गई तो हम पूजा-अर्चना के बाद होली के दिन शहर की सुरसागर झील पर एक संगीत कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बाहर गए थे। लेकिन जैसे ही उनके नाम की घोषणा हुई, उन्हें पार्टी के प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व से समर्थन की पेशकश करने वाले कई फोन आए। उन्होंने कहा, मेरे जैसे व्यक्ति को इतना बड़ा चुनाव लड़ने का मौका देना और इसके लिए हर तरह का समर्थन देना मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। जोशी ने कहा कि उन्हें निर्वाचन क्षेत्र के युवा मतदाताओं के समर्थन पर भी भरोसा है। उन्होंने कहा, यह क्षेत्र गुजरात की शिक्षा राजधानी के रूप में उभरा है। हमारे पास एमएस विश्वविद्यालय, केंद्रीय विश्वविद्यालय, खेल विश्वविद्यालय, गति शक्ति विश्वविद्यालय और दो लाख से अधिक छात्रों वाले कई शीर्ष शैक्षणिक संस्थान हैं। यहां 30-35 प्रतिशत मतदाता युवा हैं। जोशी ने कहा कि वह 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश की युवा आबादी को एकजुट करने के मोदी सरकार के प्रयासों का का हिस्सा हैं। युवा नेता ने रेखांकित किया कि जब प्रधानमंत्री मोदी ने संकल्प पत्र (घोषणापत्र) जारी किया, तो उन्होंने कहा कि यह देश के युवाओं की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं का प्रतिबिंब है। दस लाख मतों के अंतर से जीत के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर जोशी ने कहा कि वड़ोदरा परंपरागत रूप से भाजपा का गढ़ रहा है। उन्होंने कहा, वर्ग और जाति से ऊपर उठकर लोगों ने भाजपा को पसंद किया है। वडोदरा ने प्रधानमंत्री मोदी की कर्मभूमि के रूप में भी काम किया है। इसलिए यहां हमें पार्टी के लिए प्रचार करने की जरूरत नहीं है, बल्कि पार्टी के साथ लोगों के मौजूदा जुड़ाव को फिर से जीवंत करने की जरूरत है। जोशी नगरपालिका प्राथमिक विद्यालय बोर्ड के उपाध्यक्ष हैं और एक समय वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की छात्र इकाई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्य के रूप में महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय के छात्र संघ के महासचिव थे।

उन्होंने कहा कि उन्होंने आईआईएम अहमदाबाद से शिक्षा में नेतृत्व संबंधी पाठ्यक्रम की पढ़ाई की है और अब नेतृत्व विषय में पीएचडी कर रहे हैं। उनकी पत्नी एक मेडिकल कॉलेज में सहायक प्रोफेसर हैं। भाजपा 1998 के बाद से वड़ोदरा में कभी भी लोकसभा चुनाव नहीं हारी है। 1991 के बाद से इस निर्वाचन क्षेत्र से तीन महिला सांसद चुनी गई हैं। जोशी का मुकाबला कांग्रेस के जसपाल सिंह पढियार से है, जो पडरा से पूर्व विधायक हैं। भाजपा के युवा नेता ने कहा, कांग्रेस की मानसिकता वड़ोदरा के लोगों को स्वीकार्य नहीं है। मौजूदा सांसद भट्ट को बेहद संस्कारी पार्टी कार्यकर्ता बताते हुए जोशी ने कहा कि वह उनका मार्गदर्शन करती रहती हैं। पार्टी के भीतर खींचतान पर उन्होंने कहा कि भावनाएं कई बार लोगों को आवेगी बना देती हैं। जोशी ने कहा, लेकिन यह चुनाव नरेन्द्र मोदी के लिए है। लोग हेमांग जोशी के लिए नहीं, बल्कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट कर रहे हैं।

## कांग्रेस के नेता भाजपा में शामिल, कांग्रेस ने बताया विश्वासघाती

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले से कांग्रेस के एक पूर्व विधायक और पार्टी के कई अन्य स्थानीय नेता शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। इस पर कांग्रेस के एक पदाधिकारी ने उन्हें विश्वासघाती बताया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण में राज्य की छह लोकसभा सीट पर मतदान के एक दिन बाद यहां एक कार्यक्रम में शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हरिवल्लभ शुक्ला और कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ताओं का भाजपा में स्वागत किया। यादव ने भाजपा के नए सदस्यों से कहा, हम पार्टी में आपका खुले दिल से स्वागत करते हैं। हम एकमत होकर काम करने जा रहे हैं। आप सुझाव देने और पार्टी (भाजपा) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए स्वतंत्र हैं। भाजपा की एक विज्ञप्ति में दावा किया गया कि समारोह में 100 से अधिक कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हुए। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने मध्य प्रदेश में कांग्रेस के असंतुष्ट नेताओं को अपने पाले में करने के लिए एक अभियान चलाया है। पिछले कुछ महीनों में राज्य में कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री यादव ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का परिवार मध्य प्रदेश में सबसे तेज गति से विस्तार कर रहा है। मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रमुख जीतू पटवारी के मीडिया सलाहकार के के मिश्रा ने शुक्ला को एक चुकी हुई ताकत बताया। उन्होंने दावा किया कि पूर्व विधायक के जाने से कांग्रेस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, जो लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं वे अपनी राजनीतिक मां को धोखा दे रहे हैं।

## मोदी सरकार को देश से मिलेगा प्रचंड जनमत : योगी आदित्यनाथ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद अब तक के रुझान इस बात को बहुत स्पष्टता के साथ प्रदर्शित करते हैं कि पूरे देश में आमजन का मत मोदी सरकार के लिए प्रचंड रूप से सामने आ रहा है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने यहां जारी एक बयान में दावा किया कि लोकतंत्र के महापर्व में उत्तर प्रदेश की आठ सीट सहित देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीट पर मतदान संपन्न हुआ है। उन्होंने दावा किया कि अब तक के रुझान इस बात को बहुत स्पष्टता के साथ प्रदर्शित करते हैं कि पूरे देश में आम जन का मत मोदी सरकार के लिए प्रचंड रूप से सामने आ रहा है।

उन्होंने कहा कि स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना है, यह अद्भुत और अभिनंदनीय है। उन्होंने कहा, आधी आबादी तो पूरी तरह से मोदी जी के सुरक्षा के मॉडल को अंगीकार कर रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने देश में सुरक्षित माहौल के साथ सुशासन का मॉडल पूरी दुनिया को दिया है। मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, एक तरफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों में मोदी के मार्गदर्शन में सुरक्षा का बेहतर मॉडल दिया गया है, इसका हालिया उदाहरण रामनवमी का सकुशल आयोजन है, जबकि तुष्टिकरण की अपनी नीति के लिए कुख्यात पश्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार के कारण वहां रामनवमी की शोभायात्राओं पर हमले हुए हैं। सनातन आस्था को आहत करने की किस हद तक कुचेष्टाएं हो रही हैं, यह एक बार फिर वहां देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि सुशासन की पहली शर्त कानून का शासन है। उन्होंने कहा, मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ने पूरे देश और राज्यों में सुरक्षा का बेहतर माहौल देने का कार्य किया किया है। प्रथम चरण के जो रुझान देखने को मिले हैं, पूर्ण विश्वास है कि सातों चरण में भी यही माहौल देखने को मिलेगा। योगी ने राजस्थान के चुनावी दौरे पर निकलने से पहले कहा कि राजस्थान परिवारवाद नहीं बल्कि राष्ट्रवाद, विकास, सुरक्षा और सुशासन के मोदी मॉडल को स्वीकार करते हुए प्रचंड बहुमत के साथ जिताने का कार्य करेगा। मुझे दूसरी बार राजस्थान में चुनावी जनसभाओं के लिए जाने का अवसर मिल रहा है।

# नक्सली नेता हिड़मा के गांव पुवर्ती के निवासियों ने नहीं किया मतदान

पायनियर समाचार सेवा। सुकमा

**छत्तीसगढ़** के बस्तर लोकसभा क्षेत्र में माओवादियों के चुनाव बहिष्कार के आह्वान को खारिज करते हुए दूरदराज के कई गांवों के ग्रामीणों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया लेकिन नक्सली नेता हिड़मा के पुवर्ती गांव के निवासी मतदान से दूर रहे। बीजापुर जिले की सीमा से लगे सुकमा जिले में माओवादियों का गढ़ माना जाने वाला पुवर्ती खूंखार नक्सली नेता हिड़मा का निवास स्थान है। हिड़मा को बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों पर विभिन्न घातक हमलों का मास्टर माइंड माना जाता है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में शुक्रवार को 67.56 फीसदी मतदान हुआ है।



पुवर्ती मतदान केंद्र के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) जावा पटेल ने बताया, शुक्रवार को मतदान के दौरान पुवर्ती गांव के किसी भी मतदाता ने अपने मत का प्रयोग नहीं किया। पुवर्ती मतदान केंद्र (नंबर 4) तीन गांवों पुवर्ती, टेकलगुडियाम और जोनागुडा के मतदाताओं के लिए पुवर्ती से लगभग 20-25 किलोमीटर दूर सिलगेर गांव में स्थापित किया गया था। उन्होंने कहा कि पुवर्ती में मतदाताओं की संख्या 332, टेकलगुडियाम में 158 और जोनागुड़ा में 157 है। पुवर्ती बूथ पर कुल 647 मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि पुवर्ती मतदान केंद्र पर कुल 31 मतदाताओं ने वोट डाले, लेकिन उनमें से कोई भी पुवर्ती गांव से नहीं था और वे टेकलगुडियाम और जोनागुडा से थे। बस्तर लोकसभा सीट के अंतर्गत कोंटा विधानसभा क्षेत्र जो सुकमा जिले में है 54.31 प्रतिशत मतदान हुआ है। पुवर्ती गांव के ग्रामीणों द्वारा मतदान नहीं करने को लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नक्सलियों ने मतदान में भाग नहीं लेने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि भय ही एक वजह है जिससे वहां के ग्रामीण मतदान करने नहीं पहुंचे। माओवादियों की जगरगुंडा एरिया कमेटी ने पुवर्ती में आसपास के गांवों में बैनर लगाकर लोगों से चुनाव का बहिष्कार करने की अपील की थी। इस वर्ष फरवरी में छत्तीसगढ़ पुलिस ने पुवर्ती में अपना शिविर स्थापित किया था और इस कदम को वामपंथी नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी उपलब्धि करार दिया गया था। अधिकारियों ने कहा था कि सुकमा जिला मुख्यालय से लगभग 150 किलोमीटर दूर घने जंगल में स्थित पुवर्ती नक्सली खतरे और भौगोलिक परिस्थितियों के कारण विकास कार्यों और बुनियादी सुविधाओं से वंचित है।

पुलिस के मुताबिक पुवर्ती जैसे दूरदराज और धुर नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा शिविर स्थापित करने से हजारों ग्रामीणों को माओवादी खतरे से छुटकारा पाने और सरकार के विकास कार्यों तथा कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने में मदद मिलेगी। पुवर्ती माओवादियों की पीएलजीए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) बटालियन नंबर एक के पूर्व कमांडर हिड़मा और मौजूदा कमांडर बरसे देवा का गृह ग्राम है। माओवादियों की पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) बटालियन नंबर एक ने दक्षिण बस्तर में कई घातक हमलों को अंजाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## कांग्रेस ने मणिपुर में 47 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान की मांग की

**इंफाल।** कांग्रेस ने मणिपुर की दो लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को हुए मतदान के दौरान चुनाव में धांधली और बूथ पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए 47 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान कराए जाने की मांग की है। हिंसा प्रभावित मणिपुर में गोलीबारी, डराने-धमकाने तथा ईवीएम में तोड़फोड़ की घटनाओं के बीच 68 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। मणिपुर की दो लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ था।

साठ-सदस्यीय मणिपुर विधानसभा के 32 निर्वाचन क्षेत्र इनर मणिपुर लोकसभा सीट के तहत आते हैं, जबकि 28 विधानसभा क्षेत्र आउटर मणिपुर संसदीय क्षेत्र का हिस्सा हैं। कांग्रेस की मणिपुर इकाई के अध्यक्ष के. मेघचंद्र ने कहा कि पार्टी ने मणिपुर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई है और इनर मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र के 36 तथा आउटर मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान कराए जाने की मांग की है। मेघचंद्र ने शुक्रवार रात पत्रकारों से कहा, अज्ञात हथियारबंद बदमाश कांग्रेस उम्मीदवार अंगोमचा बिमोल अकोइजाम और पार्टी चुनाव एजेंट को कुछ दिन से धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने इनर मणिपुर के 36 मतदान केंद्रों और आउटर मणिपुर के 11 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान के लिए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई है।

# केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह 10.16 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति के मालिक

### बेगूसराय से चुनाव लड़ रहे हैं गिरिराज

पायनियर समाचार सेवा। पटना



**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र से फिर से चुनाव लड़ रहे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के पास 10.16 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति है जबकि उनकी पत्नी के पास 4.15 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति है। सिंह ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के रूप में बेगूसराय संसदीय सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बिहार की बेगूसराय, दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर और मुंगेर लोकसभा सीट पर चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा।

सिंह ने नामांकन पत्र के साथ निर्वाचन अधिकारी के समक्ष दाखिल हलफनामे में घोषणा की है कि उनके पास 2.09 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 8.07 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। सिंह की पत्नी के पास 1.25 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 2.90 करोड़ रुपये अचल संपत्ति है। हलफनामे के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री के पास 1.96 लाख रुपए नकद हैं जबकि उनकी पत्नी के पास 1.46 लाख रुपए नकद हैं। सिंह के पास जो चल संपत्ति है, उनमें उनके दो बैंक खातों में जमा राशि और 1.10 लाख रुपए के सोने के आभूषण शामिल हैं। उनकी पत्नी के पास जो चल संपत्ति है, उनमें छह बैंक खातों में जमा राशि, 7.5 लाख रुपये के सोने और चांदी के आभूषण शामिल हैं। हलफनामे के अनुसार, सिंह की अचल संपत्ति में उनकी पैतृक संपत्ति भी शामिल है। हलफनामे में वर्ष 2023-2024 के लिए उनकी आय 16,61,990 रुपये दिखाई गई है। सिंह का मुकाबला भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के उम्मीदवार अवधेश राय से है, जो महागठबंधन के उम्मीदवार हैं। भाजपा नेता ने 2019 में जवाहरलाल नेहरू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार को चार लाख से अधिक मतों के अंतर से हराया था। कुमार ने भाकपा के टिकट पर पिछला लोकसभा चुनाव लड़ा था। वह इस बार कांग्रेस के टिकट पर राष्ट्रीय राजधानी की उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय सीट से मैदान में हैं। सिंह ने 2005 से 2010 तक बिहार सरकार में सहकारिता मंत्री और 2010 से 2013 तक पशुपालन मंत्री के रूप में सेवाएं दीं। वह मई 2019 में केंद्रीय पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्रालय में कैबिनेट मंत्री बने। जुलाई 2021 में वह केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री बने।

## नवनीत राणा ने नर्तकी टिप्पणी के लिए संजय राउत पर पलटवार किया



**अमरावती।** अमरावती लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार नवनीत राणा ने उन्हें नर्तकी और बबली (एक हिंदी फिल्म में ठग का किरदार) कहने के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की आलोचना करते हुए कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोग इस तरह का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। अदाकारा से नेता बनीं राणा ने कहा कि राउत मुंबई के टिन टप्पड़ (कबाड़ सामान) हैं जो विभिन्न स्थानों पर जाते हैं और दूसरों के बारे में अपमानजनक बातें करते हैं। राणा ने शुक्रवार को एक जनसभा में कहा, वह अमरावती की बेटी के बारे में इस तरह से बोलेंगे, तो यहां के लोग ऐसा अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। कुछ दिन पहले, राउत ने कहा था, लोकसभा चुनाव किसी नर्तकी या बबली के खिलाफ नहीं, बल्कि महाराष्ट्र और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच की लड़ाई है। वह एक नर्तकी, अभिनेत्री हैं, जो कुछ स्नेहपूर्ण भंगिमा बनाएंगी। उनके मोहपाश में नहीं फंसना है। राणा ने 2019 में विपक्ष समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अमरावती सीट पर जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार वह भाजपा के टिकट पर लड़ रही हैं।

# लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री मोदी और राहुल गांधी के बीच मुकाबला : अजित पवार

पायनियर समाचार सेवा। पुणे



**महाराष्ट्र** के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शनिवार को कहा कि यह लोकसभा चुनाव पारिवारिक संबंधों को लेकर नहीं बल्कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच एक मुकाबला है। अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पुणे जिले की बारामती लोकसभा सीट से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की उम्मीदवार हैं। सुनेत्रा ने शनिवार को कन्हेरी में हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर आधिकारिक तौर पर अपना चुनाव प्रचार अभियान शुरू किया। चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत के लिए अजित पवार, उनके बेटे पार्थ और जय के अलावा पार्टी के कई स्थानीय नेता भी मौजूद थे।

सुनेत्रा और उनकी ननद एवं तीन बार की लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने क्रमशः राकांपा और राकांपा (शरदचंद्र पवार) की उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अजित पवार ने भी इस सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया है। राकांपा के एक पदाधिकारी ने बताया कि उनकी पत्नी का नामांकन खारिज होने अथवा उसमें कोई विसंगति पाए जाने की स्थिति में इसे एक वैकल्पिक योजना के रूप में तैयार किया गया है। अजित पवार ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी।

# नीतीश ने परिवारवाद के बहाने लालू प्रसाद पर साधा निशाना, तेजस्वी का पलटवार

एजेंसी। पटना/कटिहारापूर्णिया।

बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने राजनीति में परिवारवाद को लेकर शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद पर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया कि राजद के शासनकाल में किसी को नौकरी नहीं दी गई, राज्य में जो भी नियुक्तियां हुईं, वे उनके कार्यकाल के दौरान हुईं। कुमार कटिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार दुलाल चंद्र गोस्वामी के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों पर निशाना साधते हुए कहा, आजकल कुछ लोग सब कुछ दावा करते हैं। हट गए तो बीवी को बना दिया और अब बाल-बच्चे को.... पैदा तो बहुत कर दिए.... इतना ज्यादा पैदा करना चाहिए किसी को बाल-बच्चा... लेकिन उतना किया... और उसी में



कई दो बेटी और दो बेटा को लगाकर (राजनीति में).... ए लोग क्या बोलते रहते हैं। वे (राजद नेता) पुरानी बातें भूल जाते हैं। लोग उन दिनों (राजद शासन) को नहीं भूल सकते। कुमार ने हालांकि किसी के नाम का उल्लेख नहीं किया लेकिन उनकी टिप्पणी नौ संतानों के पिता लालू प्रसाद के परिवार को लक्षित मानी जा रही है जिसमें उनकी पत्नी राबड़ी देवी भी शामिल हैं। राबड़ी देवी बिहार की मुख्यमंत्री तब बनीं जब प्रसाद को चारा घोटाले में दोषी ठहराए जाने के कारण पद छोड़ना पड़ा था। कुमार की उक्त टिप्पणी लालू प्रसाद के छोटे बेटे और उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव एवं बडे बेटे तेजप्रताप यादव को लेकर भी थी, जो प्रदेश की पिछली महागठबंधन सरकार में क्रमशः उपमुख्यमंत्री तथा मंत्री के रूप में कार्यरत थे। उनकी दो बेटियों मीसा भारती और रोहिणी आचार्य भी लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं।

उन्होंने राजद के 15 वर्षों के शासनकाल की ओर इशारा करते हुए लालू प्रसाद यादव पर कड़ा प्रहार करते हुए दावा किया, कभी किसी को नौकरी देते नहीं थे। हमने इन लोगों को अपनी सरकार में रखा था पर बाद में हटा दिया.... पर आजकल.... उनका बेटा बोलते है कि हम किए। अब बताइए उसने क्या किया। 2020 में ही हमने अपने सात निश्चय कार्यक्रम के तहत 10 लाख नौकरी देना तय कर लिया था। इससे पहले कुमार ने पूर्णिया के बनमनखी इलाके में जदयू उम्मीदवार संतोष कुशवाहा के पक्ष में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, वह (तेजस्वी यादव) मेरे द्वारा किए गए कार्यों का श्रेय लेने की कोशिश कर रह रहे हैं। राजद के शासनकाल में राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था के बारे में सभी जानते हैं। उन्होंने (राजद) राज्य में कोई विकासात्मक कार्य नहीं किया... राज्य में सड़कें नहीं थीं। जब मैं मुख्यमंत्री बना तो राज्य में विकास कार्य शुरू हुए। मुख्यमंत्री की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए तेजस्वी यादव ने पटना में पत्रकारों से कहा, मैं हाथ जोड़कर कह रहा हूं कि वह (नीतीश) हमारे खिलाफ जो भी कहना चाहते हैं, कह सकते हैं।

मैं उनका (नीतीश) सम्मान करता हूं... और उन्हें अपना अभिभावक मानता हूं। मैं हमेशा उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। लेकिन मैं एक सवाल पूछना चाहता हूं... क्या इस लोकसभा चुनाव में व्यक्तिगत हमले उद्देश्य पूरा करेंगे। इस तरह के निजी हमलों से बिहार के लोगों को क्या मिलेगा... यह दो परिवारों के बीच की लड़ाई नहीं है। यादव ने कहा, वह बिहार को विशेष पैकेज और विशेष राज्य का दर्जा देने की बात क्यों नहीं करते। वह बिहार के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने, राज्य के युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान करने की बात क्यों नहीं कर रहे हैं।

## लोकसभा चुनाव: तमिलनाडु में 69.46 प्रतिशत मतदान

**चेन्नई।** निर्वाचन आयोग ने तमिलनाडु में शुक्रवार को हुए लोकसभा चुनाव के लिए मतदान प्रतिशत को संशोधित कर 69.46 प्रतिशत कर दिया है। इसे पहले 72 प्रतिशत बताया गया था। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सत्यब्रत साहू ने शुक्रवार को कहा था कि राज्य में 72.09 प्रतिशत मतदान हुआ। हालांकि अधिकारियों ने तब ही संकेत दिया था कि मतदान के आंकड़ों में बदलाव हो सकता है। आंकड़ों में बदलाव के बारे में पूछे जाने पर अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि पूर्व की संख्या कुछ मतदान केन्द्रों के नमूना आंकड़ों पर आधारित थी और सटीक संख्या आधी रात के बाद मिल सकी। निर्वाचन आयोग के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार 39 निर्वाचन क्षेत्रों में से धर्मपुरी 81.48 प्रतिशत मतदान के साथ शीर्ष पर रहा जबकि चेन्नई सेंट्रल में सबसे कम 53.91 प्रतिशत मतदान हुआ।


## संक्षिप्त समाचार

### रूड और सिटसिपास बार्सीलोना ओपन के सेमीफाइनल में



**बार्सीलोना।** कैस्पर रूड और स्टेफानोस सिटसिपास ने बार्सीलोना ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और दोनों की टक्कर लगातार दूसरे फाइनल में हो सकती है। रूड ने मात्तेओ अर्नाल्डी को 6 – 4, 6 – 3 से हराकर सत्र में 27वीं जीत दर्ज की। वहीं सिटसिपास ने फाकुंडो डियाज को 4 – 6, 6 – 3, 7 – 6 से मात दी। रूड का सामना अब थॉमस मार्टिन ई से होगा जिन्होंने कैमरन नॉरी को 7 – 6, 7 – 6 से हराया। वहीं सिटसिपास की टक्कर डुसान लाजोविच से होगी जिन्होंने आर्थर फिल्स को 6 – 4, 3 – 6, 6 – 2 से मात दी। शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव दूसरे दौर में हार गए।

### लड़कियों को खेलों में बढावा दें, वे चेहरे पर मुस्कान लाएंगी : तेंदुलकर



**रांची।** चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अभिभावकों से लड़कियों को खेलों में उतरने के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उनके चेहरों पर मुस्कुराहटें लाएंगी। तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि यहां युवा फाउंडेशन की फुटबॉल खिलाड़ी लड़कियों की हौसलाअफजाई के लिए आए हैं। युवा और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन मिलकर लड़कियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण देते हैं। तेंदुलकर और अंजलि ने फुटबॉल खिलाड़ियों से बात भी की। तेंदुलकर ने कहा , बच्चों की ऊर्जा संक्रामक होती है। मैने उन्हें कड़ी मेहनत करते और खेल का मजा लेते देखा तो मुझे अपना बचपन याद आ गया। उन्होंने कहा , मैं कई बच्चों से प्रेरणा लेता हूं क्योंकि उनके लिए यह सफर आसान नहीं था। उनके जीवन में भी कई दुश्वारियां हैं। कई बार उनका फुटबॉल खेलना माता पिता को पसंद नहीं आता। मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि बच्चों को प्रोत्साहित करें। ये बच्चे उनके चेहरे पर मुस्कान लाएंगे।

# जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेंगे पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस

**एजेंसी।** मुल्लांपुर



लगातार हार के बाद अंकतालिका में नीचे खिसकी पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को जब आमने सामने होंगी तो दोनों का इरादा जीत की राह पर लौटने का होगा। पूर्व चैम्पियन गुजरात टाइटंस पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हारने के बाद आठवें स्थान पर खिसक गई है। दिल्ली ने उसे 89 रन पर समेट दिया था और चार मैचों में यह उसकी तीसरी हार थी। पंजाब किंग्स नौवे स्थान पर है जिसे मुंबई इंडियंस ने नौ रन से हराया। जीत के लिए 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसने चार विकेट 14 रन पर गंवा दिए थे लेकिन उसके बाद आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह ने टीम को मैच में लौटाया।सात मैचों में पांच हार और दो जीत से टीम का आत्मविश्वास डिगा हुआ है लेकिन विरोधी टीम का भी वही हाल है।

पंजाब को प्रभावी कप्तान शिखर धवन की कमी खल रही है और उनका रविवार के मैच में भी खेल पाना निश्चित नहीं है। धवन कंधे की चोट से उबरने की प्रक्रिया में है जो उन्हें नौ अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ घरेलू मैच में लगी थी। उनकी जगह सैम कुरेन कप्तानी का जिम्मा संभाल रहे हैं। धवन ने पांच मैचों में 125 . 61 की औसत से 152 रन ही बनाए हैं लेकिन उनकी मैदान पर मौजूदगी जीतने का तरीका भूल चुकी टीम के लिए टॉनिक का काम करती। पिछली बार आठवें स्थान पर रही पंजाब के लिए इस बार भी कुछ बदलता नजर नहीं आ रहा। प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन और रिली रोसोयू जैसे उसके बल्लेबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके। शशांक और आशुतोष ने हालांकि निचले क्रम पर बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा है। गुजरात ने अभी तक तीन मैच जीते और चार गंवाए हैं। दिल्ली के खिलाफ शर्मनाक प्रदर्शन को भुलाकर उसे नए सिरे से शुरूआत करनी होगी। कप्तान शुभमन गिल, साइ सुदर्शन, डेविड मिलर और राशिद खान जैसे सितारों की मौजूदगी के बावजूद टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। गेंदबाजी में मोहम्मद शमी की कमी खल रही है जबकि उमेश यादव काफी महंगे साबित हुए हैं।

### टीमें इस प्रकार

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार।

**पंजाब किंग्स:** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

**मैच का समय : शाम 7 . 30 से।**

# दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए मिला 267 रन का लक्ष्य

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सनराइजर्स** हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 35वें लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स के सामने 267 रन का लक्ष्य रख दिया। टीम ने 17वें सीजन में तीसरी बार 250 से ज्यादा का स्कोर खड़ा किया। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। हैदराबाद ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 266 रन बनाए।

एसआरएच से ओपनर ट्रेविस हेड ने 32 बॉल पर 89 रन बनाए, जबकि अभिषेक शर्मा ने 12 बॉल पर 46 रन की पारी खेली। शाहबाज अहमद ने नाबाद 59 और नितिश कुमार रेड्डी ने 37 रन बनाए। दिल्ली से कुलदीप यादव ने चार विकेट झटके। अक्षर पटेल को एक सफलता मिली। पारी के आखिरी ओवर में 16 रन बने और 2 विकेट भी गिरे। मुकेश कुमार के ओवर में दो चौके और एक छक्का पड़ा। साथ ही शाहबाज ने अपना पहला आइपीएल अर्धशतक भी पूरा किया। इसी के साथ हैदराबाद ने 7 विकेट पर 266 रन बनाते हुए दिल्ली को 267 रन का टारगेट दिया।

19वां ओवर लेकर आए खलील अहमद के ओवर में तीन छक्के पड़े।



इसी के साथ हैदराबाद का स्कोर 250 रन तक पहुंच गया। खलील के ओवर में 20 रन बने। ओवर की तीसरी बॉल पर अब्दुल समद, 5वीं और छठी बॉल पर शाहबाज ने छक्के जड़े।

# चेन्नई सुपर किंग्स के दिल की धड़कन हैं धोनी : फ्लेमिंग

**एजेंसी।** लखनऊ



महेंद्र सिंह धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स के दिल की धड़कन बताते हुए कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि घुटने की चोट से उबरने के बाद वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते लिहाजा शानदार फॉर्म के बावजूद उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर नहीं भेजा जा सकता। 42 वर्ष के धोनी ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शुक्रवार को नौ गेंद में 28 रन बनाए लेकिन उनकी टीम आठ विकेट से हार गई। धोनी के फॉर्म के बारे में फ्लेमिंग ने कहा , यह प्रेरणास्पद है ना। अभ्यास के दौरान भी वह बहुत उम्दा बल्लेबाजी कर रहे हैं। टीम इससे हैरान नहीं है क्योंकि सत्र से पहले तैयारी में भी वह शानदार खेल रहे थे। उन्होंने कहा , उनके घुटने में दर्द है और वह इससे उबरने की प्रक्रिया में कुछ ही गेंद खेल सकते हैं। उन्होंने कहा , हर कोई उन्हें लंबे समय तक बल्लेबाजी करते देखना चाहता है लेकिन हम उन्हें पूरे टूर्नामेंट में खेलते देखना चाहते हैं। इसलिए दो तीन ओवर खेलना ही ठीक है।

वह हर समय अपनी भूमिका बखूबी निभा रहे हैं और उसे देखने में मजा आ रहा है। लंबे समय से चेन्नई के कोच रहे फ्लेमिंग ने कहा कि पांच बार टीम को खिताब दिलाने वाले धोनी टीम के दिल की धड़कन हैं और हर स्टेडियम पर दर्शकों से उन्हें मिल रहे अपार प्रेम के बीच उनकी मौजूदगी के हर पल का टीम लुत्फ उठा रही है। उन्होंने कहा , जब वह मैदान पर आते हैं तो क्या जबर्दस्त माहौल होता है। वह भी दर्शकों का पूरा मनोरंजन करते हैं। हमें उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। वह टीम के दिल की धड़कन हैं। उनकी मौजूदगी के हर मिनट का हम पूरा आनंद लेते हैं।

### कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश का सामना अलीरजा से

**टोरंटो।** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराकर खिताब जीतने की अपनी संभावनाएं पुख्ता करना चाहेंगे। सफेद मोहरों से गुकेश का यह आखिरी मैच होगा और अलीरजा इस समय सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। गुकेश, अमेरिका के हिकारू नकामूरा और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि 7 . 5 अंक लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। टूर्नामेंट के दो ही दौर बाकी हैं। टूर्नामेंट का सबसे अहम मुकाबला नेपोम्नियाश्चि और नकामूरा के बीच होगा। नकामूरा ने लगातार तीन जीत दर्ज की है जबकि नेपाम्नियाश्चि अकेले खिलाड़ी हैं जो 12 मुकाबलों में अपराजेय रहे हैं। फेबियानो कारूआना भी जीत के दावेदारों में से हैं जिनके सात अंक है। उनका सामना भारत के आर प्रज्ञानानंदा से और आखिरी दौर में नेपोम्नयाश्चि से होगा। गुकेश को आखिरी दौर में नकामूरा से खेलना है। प्रज्ञानानंदा के छह अंक है और वह शीर्ष तीन की दौड़ से बाहर हैं। भारत के विदित गुजराती भी पदक की दौड़ में नहीं है। महिला वर्ग में चीन की झोंगई तान आठ अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि उनकी हमवतन टी लेइ उनसे आधा अंक पीछे हैं।

# राहुल–डिकॉक ने विश्वस्तरीय बल्लेबाजी की : हेनरी




**एजेंसी।** लखनऊ

**लखनऊ** सुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने कप्तान केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक की विश्वस्तरीय बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा कि पहले विकेट की शतकीय साझेदारी से उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स के बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण पर दबाव बनाने में मदद मिली।

जीत के लिए 177 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राहुल (82) और डिकॉक (54) की पारियों के दम पर लखनऊ ने आठ विकेट से जीत दर्ज की। हेनरी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा , बल्लेबाजी की बात करें तो सलामी साझेदारी बेहतरीन रही। केएल और क्विंटोन ने मैच का रूख हमारी तरफ कर दिया।

यह विश्व स्तरीय बल्लेबाजी थी। दोनों ने 15 ओवर में 134 रन की साझेदारी की। हेनरी ने कहा , यह प्रतिस्पर्धी स्कोर था। इस तरह के टूर्नामेंट में लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरूआत बहुत जरूरी होती है। हमारे लिए दो बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। पिच धीमी थी लेकिन उसके अनुकूल ढलते हुए ये दोनों खेले।

# लारा ने कहा, धोनी से पूछना चाहिए कि क्या वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करना चाहेंगे

**एजेंसी।** लखनऊ



**जहां** एक तरफ खेल प्रेमी महेंद्र सिंह धोनी के बल्लेबाजी क्रम में ऊपर बल्लेबाजी करने की मांग कर रहे हैं तो वहीं ब्रायन लारा को लगता है कि इस करिश्माई खिलाड़ी से पूछा जाना चाहिए कि क्या वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करना पसंद करेंगे? टीम प्रबंधन भी धोनी को ऊपरी क्रम में खिलाना पसंद करेगा लेकिन वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर लारा जानते हैं कि 42 वर्षीय धोनी को घुटने की समस्या है, जिससे वह ज्यादा लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते इसलिए वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी की बात पर विचार नहीं करेंगे। घुटने की समस्या के अलावा धोनी उम्र के ऐसे पड़ाव में हैं जहां वह युवाओं को अपनी काबिलियत साबित करने का मौका देना चाहेंगे। लारा ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, यह शानदार होगा। उनसे पूछना चाहिए कि क्या वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करना चाहेंगे? क्योंकि वह उपयोगी योगदान कर रहे हैं। लेकिन इसमें कुछ नुकसान के कारण भी हैं। इसलिए मुझे लगता है कि इन पर विचार किया जाना चाहिए। चेन्नई सुपर किंग्स के महान खिलाड़ी धोनी ने शुक्रवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ नौ गेंद में 28 रन की पारी खेली जो इस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र की कुछ रोमांचक उपयोगी पारियों में से एक रही। हालांकि चेन्नई की टीम आठ विकेट से हार गई। लारा ने कहा, 42 साल की उम्र में वह टीम के लिहाज से भी सोच रहा होगा कि युवा खिलाड़ियों को ज्यादा जिम्मेदारी लेनी चाहिए। लेकिन मुझे लगता है कि मध्यक्रम की पारी से सीएसके की बल्लेबाजी के बारे में पता चलता है। धोनी ने हालांकि अंत में तेज तर्रार पारी खेली लेकिन अंत में उनकी पारी भी नाकाफी रही।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें ड्रेसिंग रूम में जाकर महसूस करना होगा कि उन्हें पूरी पारी के दौरान थोड़ा ज्यादा आक्रामक होने की जरूरत है। क्योंकि अंत में आपके पास एक आक्रामक खेलने वाला खिलाड़ी है। लारा ने कहा, अगर उसे दो–तीन ओवर मिलते हैं तो वह अपना काम कर देता है जैसा कि उसने मुंबई इंडियंस के खिलाफ किया और उन्हें 200 रन से ऊपर पहुंचा दिया। उन्हें हर वक्त इसके बारे में सोचने की जरूरत है।

# मनु का शानदार प्रदर्शन अनीश पुरूष वर्ग में जीते



**नई दिल्ली।** मनु भाकर ने ओलंपिक चयन ट्रायल वन में महिलाओं के 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह अंक से विश्व रिकॉर्ड तोड़ा जबकि अनीश भानवाला ने पुरूषों का 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल ट्रायल जीता। ओलंपियन मनु ने महिलाओं के 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने पांच रैपिड फायर शॉट की दस सीरिज में 47 अंक बनाए। ईशा सिंह सातवीं सीरिज के बाद बाहर हो गई थी। ईशा अभी भी महिलाओं के 25 मीटर पिस्टल वर्ग में आगे हैं जिन्होंने क्वालीफाइंग में 585 अंक बनाए। मनु दूसरे स्थान पर है जबकि सिमरनप्रीत, अभिंध्या और रिदम सांगवान उनसे पीछे हैं। पुरूषों के रैपिड फायर पिस्टल में अनीश शीर्ष रहे जबकि विजयवीर सिद्धू उनसे छह अंक पीछे रहे। आदर्श सिंह तीसरे स्थान पर रहे। क्वालीफिकेशन में शीर्ष रहे भावेश शेखावत चौथे और अंकुर गोयल पांचवें स्थान पर रहे।

# विनेश, रीतिका, अंशु ने भारत के लिए पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया

**एजेंसी।** बिश्केक



भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन करने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत वापसी करते हुए भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में दमदार प्रदर्शन के बूते महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया। अंशु मलिक (57 किग्रा) और अंडर–23 विश्वचैम्पियन रीतिका (76 किग्रा) ने भी मजबूत प्रदर्शन से फाइनल में पहुंचकर पेरिस ओलंपिक के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया।

भारत ने अब पेरिस ओलंपिक के लिए चार कोटे हासिल कर लिए हैं। सबसे पहले अंतिम पंघाल ने पिछले साल विश्वचैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतकर 53 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल किया था। यह देखना दिलचस्प होगा कि डब्ल्यूएफआई कोटा विजेताओं को भारत का प्रतिनिधित्व करने देता है या राष्ट्रीय कुश्ती टीम चुनने के लिए अंतिम चयन ट्रायल आयोजित करता है। तोक्यो ओलंपिक में भारत ने सात पहलवानों की एक मजबूत टीम उतारी थी जिसमें चार महिलाएं सीमा बिस्ला (50 किग्रा), विनेश (53 किग्रा), अंशु (57 किग्रा) और सोनम मलिक (62 किग्रा) शामिल थीं। अभी तक किसी भी पुरुष पहलवान ने पेरिस कोटा हासिल नहीं किया है। पेरिस ओलंपिक का आखिरी विश्वक्वालीफायर तुर्की में नौ मई से खेला जाएगा। यह 29 साल की विनेश का लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा है। उन्होंने इससे पहले रियो ओलंपिक(2016) और तोक्यो ओलंपिक (2020) में भी हिस्सा लिया था। उन्होंने पहले कोरियाई प्रतिद्वंद्वी मिरान चियोन को एक मिनट 39 सेकंड तक चले मुकाबले में हराया। उनकी मजबूत पकड़ का विरोधी के पास कोई जवाब नहीं था। अगले मुकाबले में उन्होंने 67 सेकंड में कंबोडिया की एसमानांग डिट को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# डेविड, पोलार्ड पर नियमों के खिलाफ सूर्यकुमार की मदद करने के लिए जुर्माना लगाया गया

**एजेंसी।** नई दिल्ली



मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर 18 अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना मैच का एक वीडियो वायरल होने के कारण खड़े हुए विवाद के बाद लगाया गया है। इस वीडियो में दिख रहा था कि पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस के सदस्य और सहयोगी स्टाफ कथित रूप से बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को रिव्यू लेने के लिए कह रहे थे जो आईपीएल की आचार संहिता के खिलाफ है।

आईपीएल की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, डेविड और पोलार्ड ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के अंतर्गत लेवल एक का अपराध किया है। डेविड और पोलार्ड पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया, दोनों ने उल्लंघन स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी द्वारा लगाया जुर्माना स्वीकार कर लिया है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला अंतिम और मान्य होता है। मुंबई इंडियंस की पारी के 15वें ओवर में अर्शदीप सिंह की गेंद ऑफ स्टंप के बाहर थी जो लाइन के बहुत करीब थी। सूर्यकुमार तब 47 गेंद में 67 रन बनाकर खेल रहे थे और उन्होंने इस पर शॉट लगाने की कोशिश की लेकिन मैदानी अंपायर ने इसे वैध गेंद माना। लेकिन टीवी कैमरों में दिखाया गया कि मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर सूर्यकुमार को इशारा कर रहे थे कि यह गेंद वाइड है। इसके बाद डेविड और पोलार्ड दाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यकुमार से रिव्यू लेने के लिए उकसा रहे थे जो आईपीएल नियमों के खिलाफ है।

# राहुल, रूतुराज पर धीमी ओवरगति के लिए 12 लाख रुपये जुर्माना

**एजेंसी।** लखनऊ

**लखनऊ** सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ पर आईपीएल के मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए 12–12 लाख रूपए जुर्माना लगाया गया है।

लखनऊ ने अपने मैदान पर खेलते हुए चेन्नई को शुक्रवार को आठ विकेट से हराया। आईपीएल की आचार संहिता के तहत धीमी ओवरगति का इन टीमों का यह पहला अपराध था तो राहुल और रूतुराज पर जुर्माना लगाया गया। आईपीएल ने एक बयान में कहा , लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान के एल राहुल पर टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह से चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ पर भी धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया गया है।



